# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## छतरपुर जिले में पानी में डूबे गांव, संपर्क कटा, 2 कच्चे मकान गिरने से 2 की मौत

संजय नगर टोल प्लाजा

### आज 23 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

प्रदेश के 23 जिलों में शनिवार को भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वर्तमान में दक्षिण-पूर्वी उत्तर प्रदेश पर दवाब का क्षेत्र बना हुआ है। शनिवार तक इस मौसम प्रणाली के दक्षिण उत्तर प्रदेश और उससे लगे उत्तरी प्रदेश से होते हुए उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ने की संभावना है। इस सिस्टम की वजह से उत्तर-पूर्वी प्रदेश में कई स्थानों पर भारी बारिश हो रही है। शनिवार और रविवार को ग्वालियर, चंबल, सागर, रीवा, शहडोल संभाग के जिलों में कहीं-कहीं अति भारी बारिश के आसार हैं। प्रदेश के 5 संभागों के 23 जिलों ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, दतिया, अशोक नगर, भिंड, मुरैना, श्योपुर, सागर, छतरपुर, दमोह, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया और अनूपपुर में कहीं-कहीं अति भारी बारिश हो सकती है।

### बारिश ने दिखाया उग्र रूप, बाढ़ में फंसे हजारों परिवार

# शिवपुरी में लैंड स्लाइड, टीकमगढ़ व झांसी हाईवे बंद वाहनों की कतारें लगीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल/ छतरपुर

प्रदेश के कई जिलों में बारिश ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। छतरपुर, टीकमगढ़, सतना, ग्वालियर, रीवा और मंदसौर में हालात खराब हो गए हैं। छतरपुर जिले में पानी का सैलाब नजर आने लगा है, नदी-नाले उफान पर चल रहें हैं। कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट चुका है। लोग घर छोड़ने के लिए मजबूर हैं। गुरुवार की सुबह से शुरू हुई बारिश पूरी रात जो कहर बरपाया उससे 2 लोगों की जान भी चली गई। थाना ओरछा रोड के अंतर्गत अलग-अलग 2 गांव में कच्चे मकान धराशाई होने से एक 20 वर्षीय युवती और एक 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जबकि 1 महिला घायल हो गई। छतरपुर में एंबुलेंस पानी में बह गई। हादसा ओरछा रोड थाना अंतर्गत बमीठा झांसी फोरलेन पर कैडी ब्रिज के पास हुआ। मौके पर मौजूद लोगों ने ड्राइवर को सुरक्षित बचा लिया। ओरछा रोड़ थाना अंतर्गत ही नारायणपुरा रोड़ में नाले को पार करते हुए एक युवक साइकिल सहित बह गया। युवक के शव को खोज निकाला गया। लवकुशनगर छतरपुर- मार्ग में संजयनगर के पास स्थिति टोल प्लाजा बाढ़ की चपेट आ गया। उर्मिल नदी का जल स्तर इसलिए बढ़ गया क्योंकि सिंहपुर बैराज डैम के कुछ गेट इसलिए खोल दिए गए। पहाड़ी बांध और सुखनई नदी से आ रहे इनफ्लो से लहचूरा में पानी की आवक बढ़ गई है। छतरपुर विधायक ललिता यादव, एसडीएम अखिल राठौर, सीएमओ माधुरी शर्मा, टीआई अरबिंद दांगी ने सभी तालाबों से बाढ़ प्रभावित बस्तियों का दौरा करते हुए लोगों से चर्चा कि और कहा कि बारिश के बाद तालाबों और नालों का सीमांकन कराया जाएगा।

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य गिरफ्तार

रायपुर। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई एक कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले की जांच के तहत की गई। भूपेश बघेल ईडी की कार्रवाई के दौरान विधानसभा के लिए घर से निकल गए थे। भिलाई वाले घर पर शुक्रवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने छापा मारा था। ईडी ने ये कार्रवाई मनी लांड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कथित शराब घोटाले से जुड़े एक मामले में की है।

## गंभीर चोटों पर कमजोर धाराएं लगाना अब यह नहीं चलेगा : हाईकोर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने मारपीट और गंभीर चोट के मामलों में पुलिस की ढिलाई और साक्ष्य कमजोर करने वाली कार्यशैली को लेकर सख्त टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि जानबूझकर कमजोर धाराएं लगाई जाती हैं, गंभीर चोटों को मामूली बता दिया जाता है। जिससे आरोपी को शुरुआती चरण में ही जमानत मिल जाए। अदालत ने स्पष्ट आदेश जारी करते हुए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को निर्देश दिए हैं कि भविष्य में मारपीट या हमले के प्रत्येक मामले में, यदि पीड़ित को चोटें आई हों तो थाने में ही उसकी तस्वीर लेना अनिवार्य होगा। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि केस में दर्ज धाराएं चोट के अनुसार हैं या नहीं।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने फूड प्रोसेसिंग, टैक्सटाइल और नवकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में कैटलोनिया की अग्रणी कंपनियों को मप्र में निवेश और तकनीकी सहयोग के लिए आमंत्रण दिया

# यूरोपीय कंपनियां मप्र को निवेश गंतव्य के रूप में देखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने फूड प्रोसेसिंग, टैक्सटाइल और नवकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में कैटलोनिया की अग्रणी कंपनियों को मप्र में निवेश और तकनीकी सहयोग के लिए आमंत्रण दिया। उन्होंने प्रदेश की नई औद्योगिक नीति, मजबूत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क और युवा शक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सही समय है जब यूरोपीय कंपनियां मप्र को अपने निवेश गंतव्य के रूप में देखें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात स्पेन प्रवास के तीसरे दिन निवेशकों से मुलाकात में यह बात कही। उन्होंने इससे पहले बार्सिलोना के मर्काबार्ना का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बार्सिलोना स्थित मर्काबार्ना का समग्र मॉडल मप्र के लिए उपयोगी हो सकता है। बढ़ते कृषि उत्पादन को देखते हुए बेहतर पोस्ट-हार्वेस्ट मैनेजमेंट और निर्यात प्रणाली की जरूरत है। मप्र में गेहूं, चावल, फल, सब्जियों और प्रोसेस्ड फूड के निर्यात की असीम संभावनाएं हैं।



### भारत और स्पेन के बीच कृषि लॉजिस्टिक्स, फूड प्रोसेसिंग की संभावनाएं

मर्काबार्ना के सीईओ ने मप्र के प्रति रूचि जताई। मर्काबार्ना के सीईओ पाब्लो विल्लानोवा ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अभिवादन करते हुए कहा कि भारत और स्पेन के बीच कृषि लॉजिस्टिक्स, फूड प्रोसेसिंग और मार्केट इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में मजबूत सहयोग की संभावनाएं हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश के प्रति विशेष रुचि और भविष्य में द्विपक्षीय ज्ञान साझेदारी पर सहमति जताई।

#### खाद्य अपशिष्ट नियंत्रण और नवाचार के क्षेत्र में भी प्रेरणा

मुख्यमंत्री ने मर्काबार्ना में संचालित फूड बैंक, जीरो वेस्ट मैनेजमेंट प्रणाली और फूड-टेक स्टार्टअप्स के लिए तैयार किए गए इनक्यूबेशन मॉडल का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्थाएं मप्र में नवाचार-आधारित कृषि नीति को मजबूती देंगी। निर्यात और वैश्विक पहुंच के लिए ठोस रणनीति बनाने पर जोर दिया।

#### अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता के अनुरूप उत्पादों का निर्माण होगा

*डॉ. यादव ने स्पेन यात्रा के तीसरे दिन बार्सिलोना में कैटलोनिया सरकार के विदेश मंत्री जैम डच गुइलोट से भेंट की। इस दौरान उन्होंने मप्र के प्रमुख उच्च शिक्षा संस्थान आईआईटी इंदौर और आईशर (आईआईएसईआर) भोपाल को बार्सिलोना के विश्वविद्यालयों से जोड़ते हुए अकादमिक और शोध सहयोग को बढ़ाने की बात कही। उन्होंने बताया कि मप्र विश्वस्तरीय अनुसंधान और नवाचार केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मर्काबार्ना जैसे केंद्रों से प्रेरणा लेकर पोस्ट-हार्वेस्ट लॉस को कम करते हुए अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता के अनुरूप उत्पादों का निर्माण किया जाएगा। यह संस्थान 250 एकड़ में फैला हुआ यूरोप का प्रमुख फूड लॉजिस्टिक्स हब है, जहां उत्पादन, भंडारण, प्रोसेसिंग और वितरण की व्यवस्थाएं एकीकृत रूप से संचालित होती हैं।*

## महिलाओं को पिछड़ी परंपराओं से मुक्त करना भी जरूरी, तभी विकास

एजेंसी ▶▶सोलापुर



आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण से ही देश का विकास संभव है। समाज में महिलाओं को पिछड़ी परंपराओं और रुढ़ियों से मुक्त किया जाना चाहिए, क्योंकि महिलाओं को पुरुषों के बराबर सभी योग्यताएं प्राप्त हैं। उन्होंने कहा- महिलाओं की स्वतंत्रता से पूरा समाज लाभान्वित होता है।

वे महाराष्ट्र के सोलापुर में उद्योगवर्धिनी नाम के एक गैर-सरकारी संगठन की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। डॉ. भागवत ने कहा कि महिलाएं किसी भी समाज का सबसे अहम हिस्सा होती हैं। पुरुष जीवनभर काम करता है, महिला भी जीवनभर काम करती है, लेकिन उससे आगे जाकर वह आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती है। बच्चों के मन और संस्कार मां के स्नेह में ही विकसित होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल समाज के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के विकास के लिए अनिवार्य है।


### दुर्गापुर में पीएम मोदी की गर्जना

## तृणमूल सरकार 'विकास के रास्ते' की दीवार, बदलाव चाहता है बंगाल

एजेंसी ▶▶दुर्गापुर



प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल के इतिहास को विकास का केंद्र बताया और वर्तमान स्थिति को बिल्कुल अलग बताया। पीएम ने कहा कि पश्चिम बंगाल में नौजवानों का पलायन बढ़ा है। छोटे-छोटे काम के लिए भी उसे दूसरे राज्यों की तरफ जाना पड़ रहा है और उद्योग बंद होने से आर्थिक स्थिति बिगड़ी है। पीएम मोदी ने टीएमसी सरकार पर भ्रष्टाचार और शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने का आरोप लगाया। दुर्गापुर की रैली में पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल कभी विकास का केंद्र था, मगर आज स्थिति बिल्कुल अलग है। भाजपा बंगाल को विकसित राज्य बनाने की कोशिश कर रही है। पीएम मोदी ने बारिश का जिक्र करते हुए कहा कि बीच में बारिश आ गई, लेकिन आपने वह मुकाबला भी कर लिया। पश्चिम बंगाल की धरती प्रेरणाओं से भरी हुई है। यह देश के पहले उद्योग मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की धरती है। उन्होंने भारत के औद्योगिक विकास की नींव रखी। देश को पहली इंडस्ट्रियल पॉलिसी दी। यही डीसी रॉय जैसी विजनरी नेतृत्व धरती है, जिन्होंने दुर्गापुर को बड़े सपनों और बड़े संकल्पों के लिए चुनाव था।

## ईडी की रडार पर अब 'आप' नेता

# मनी लॉन्ड्रिंग के 3 नए मामले दर्ज, बड़े नेताओं से जल्द होगी पूछताछ




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एक बार फिर ईडी की रडार पर आ गए हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली सरकार के कार्यकाल के दौरान सामने आए 3 बड़े कथित घोटालों में मनी लॉन्ड्रिंग के केस दर्ज कर लिए हैं। ये मामले अस्पताल निर्माण, सीसीटीवी परियोजना और शेल्टर होम से संबंधित हैं। ईडी ने इन मामलों में इन्फोर्समेंट केस इनफॉर्मेशन रिपोर्ट दर्ज की है और जल्द ही आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेताओं को पूछताछ के लिए समन भेजे जा सकते हैं।

## मामले अस्पताल निर्माण, सीसीटीवी परियोजना और शेल्टर होम से संबंधित





### सौरभ और जैन की भूमिका पर सवाल

*पहला मामला 5,590 करोड़ रुपए के अस्पताल निर्माण घोटाले से जुड़ा हुआ है। इस घोटाले में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। साल 2018-19 में दिल्ली सरकार द्वारा 24 अस्पताल परियोजनाएं मंजूर की गई थीं। इन आईसीयू अस्पतालों को 6महीने में तैयार करना था, लेकिन 3 साल बाद भी निर्माण कार्य अधूरा है। अब तक करीब 800 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं, लेकिन सिर्फ 50 प्रतिशत काम ही पूरा हुआ है। एलएनजेपी अस्पताल की लागत 488 करोड़ से बढ़कर 1,135 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है।*

### दूसरा मामला 571 करोड़ रुपए के सीसीटीवी घोटाले से जुड़ा

दूसरा मामला 571 करोड़ रुपए के सीसीटीवी घोटाले से जुड़ा है। 2019 में दिल्ली के 70 विधानसभा क्षेत्रों में 1.4 लाख सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना बनाई गई थी। यह ठेका भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (भेल) को दिया गया, लेकिन परियोजना समय पर पूरी नहीं हुई। भेल पर 17 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया, जिसे बाद में बिना किसी स्पष्ट कारण के माफ कर दिया गया था।

### 207 करोड़ की गड़बड़ी का डीयूएसआईबी शेल्टर होम घोटाला

तीसरा मामला 207 करोड़ की गड़बड़ी का डीयूएसआईबी शेल्टर होम घोटाले से जुड़ा है। दिल्ली अर्बन शेल्टर इंप्रूवमेंट बोर्ड से जुड़ी परियोजनाओं में भी गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। आरोप है कि फर्जी फिक्स्ड डिपॉजिट रसीद के जरिये 207 करोड़ रुपए की हेराफेरी की गई। लॉकडाउन के दौरान कागजों में दिखाया गया कि 250 करोड़ रुपए का शेल्टर होम का काम 'घोस्ट वर्कर्स' के नाम पर दर्शाया गया। इन कर्मचारियों की सैलरी नेताओं तक कमीशन के रूप में पहुंचाने का आरोप है।

## चार्जशीट पर भड़के राहुल मेरे बहनोई को परेशान किया जा रहा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को केंद्र सरकार पर अपने बहनोई रॉबर्ट वाड्रा को परेशान करने का आरोप लगाया। प्रवर्तन निदेशालय ने



हरियाणा के शिकोहपुर में एक जमीन सौदे में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के एक मामले में रॉबर्ट के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'मेरे बहनोई को पिछले 10 साल से यह सरकार परेशान कर रही है। यह हालिया आरोप-पत्र उसी प्रताड़ना अभियान का एक और हिस्सा है।

### आतिशी का पलटवार

### एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा



दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आप नेता आतिशी ने ईडी के द्वारा आम आदमी पार्टी के नेताओं पर केस दर्ज करने पर कहा कि भाजपा ने जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करना फिर शुरू कर दिया है। आप के नेताओं पर फर्जी मामले दर्ज करना शुरू कर दिया गया है।

### शरद गुट के हाथापाई करने वाले विधायक जितेंद्र पर एफआईआर, 2 गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानभवन परिसर में गुरुवार को बड़ा सियासी हंगामा देखने को मिला। भाजपा धियायक गोपीचंद पडलकर और एनसीपी (शरद पवार गुट) के विधायक जितेंद्र आव्हाड के समर्थकों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। पुलिस ने आव्हाड के समर्थक नितीन देशमुख को हिरासत में लिया। आव्हाड ने पुलिस की वैन के नीचे लेटकर रास्ता रोक दिया। मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन में जितेंद्र के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में केस दर्ज किया गया है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा विधायक पर हमला, गाड़ी में तोड़फोड़

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में एक भाजपा विधायक को भीड़ ने निशाना बनाया। हमला करने वाले



कथित तौर पर सत्तारूढ़ टीएमसी से जुड़े हुए थे। इसकी शिकायत दर्ज कराई है। इस हमले में विधायक के एक सुरक्षा गार्ड और निजी सहायक को भी चोटें आई हैं।घटना घोकसाडांगा रेलवे स्टेशन पर तब जब वे कोलकाता जाने के लिए ट्रेन पकड़ने पहुंचे थे।

### ट्रेन से कटकर 3 हाथियों की मौत

**बासतोला।** झारखंड और पश्चिम बंगाल से सीमा से सटे बासतोला से रेल हादसे में 3 हाथियों की मौत



की खबर है। घाटशीला के चाकुलिया से सटे बंगाल के बासतोला में ट्रेन की चपेट में आने से 3 हाथी की मौत हो गई। मृत हाथियों में एक वयस्क और दो बच्चा हाथी शामिल हैं। 7 हाथियों का एक झुंड रेलवे लाइन पार कर रहा था। इसी दौरान एक ट्रेन आ गई।

### जस्टिस को हटाने प्रस्ताव लाना सांसदों का विषय

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल नेकहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के



न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाना पूरी तरह से सांसदों का विषय है और सरकार इसमें कहीं भी शामिल नहीं है। जांच को तत्कालीन सीजेआई संजीव खन्ना द्वारा गठित आंतरिक समिति रिपोर्ट दे चुकी है।

### सांगली का 'इस्लामपुर' अब होगा 'ईश्वरपुर'

**सांगली।** महाराष्ट्र सरकार ने शुक्रवार को घोषणा की कि सांगली जिले के इस्लामपुर का नाम



बदलकर ईश्वरपुर कर दिया गया है। यह घोषणा राज्य विधानसभा में मानसून सत्र के अंतिम दिन की गई। यह कदम हिंदूवादी संगठन शिव प्रतिष्ठान की ओर से सांगली कलेक्टरेट को एक ज्ञापन भेजकर इस्लामपुर का नाम बदलकर ईश्वरपुर करने की मांग के बाद उठाया गया।

### सुप्रीम कोर्ट से लालू को झटका, कार्यवाही चलेगी

**नई दिल्ली।** जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राजद सुप्रीमो लालू यादव



को करारा झटका दिया है। अदालत ने लालू के खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। दिल्ली हाईकोर्ट को मामले की सुनवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने पेशी से छूट देकर राहत जरूर दी है।

## मोतिहारी में प्रधानमंत्री मोदी का 'लालू के परिवार पर वार'

### एक तरफ लालटेन राज, दूसरी तरफ विकास की रोशनी

# हम बनाएंगे समृद्ध व नया बिहार साथ ही हर युवा को देंगे रोजगार

## नीतीश की खुलकर की सराहना, राजद-कांग्रेस को दिया उलाहना

एजेंसी ▶▶ मोतिहारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के मोतिहारी में गांधी मैदान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जोरदार निशाना साधा और राजद-कांग्रेस पर आरोप लगाए। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार आगे बढ़ेगा, तभी देश आगे बढ़ेगा। हमारा संकल्प है समृद्ध बिहार, हर युवा को रोजगार। बिहार के नौजवानों को बिहार में ही रोजगार के ज्यादा से ज्यादा मौके मिलें। इसके लिए केंद्र कंधे से कंधा मिलाकर सीएम नीतीश कुमार का साथ दे रही है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले ही हमने एक बड़ी योजना शुरू की है। प्राइवेट नौकरी में जिसे पहली बार मौका मिलेगा, उसे 15 हजार रुपए केंद्र सरकार देगी। ये योजना अगस्त से ही लागू होने जा रही है। इसका फायदा बिहार के नौजवानों को भी होगा। पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने पिछड़े जिले की जगह आकांक्षी जिला बनाकर विकास किया। अब वे देश का पहला गांव कहलाते हैं। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार की तारीफ की।



### ओबीसी आयोग पर हमारी सरकार ने ही काम किया

उन्होंने कहा कि दशकों तक ओबीसी आयोग संवैधानिक दर्जे की मांग कर रहा था, हमारी सरकार ने ही यह काम भी किया। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार के पास न सामर्थ्य की कमी है और न ही संसाधन की। एनडीए सरकार आने के बाद ही मखाना की कीमत बढ़ी है, जिससे किसानों को फायदा हो रहा है। इसके अलावा लीची, जर्दालु आम, मगही पान और कतरनी चावल जैसे कई उत्पाद हैं, जिन्हें दुनिया भर के मार्केट से जोड़ा जाएगा।

### हम काम करके दिखाते हैं

उन्होंने कहा कि न हम नारों तक अटकते हैं, न वादों तक सिमटते हैं, हम काम करके दिखाते हैं। जब हम कहते हैं कि पिछड़ों और अति पिछड़ों के लिए काम कर रहे हैं, तो ये हमारी नीतियों में नजर आता है। उन्होंने बिहार में नक्सलवाद समाप्त करने की चर्चा करते हुए कहा कि यह नया भारत दुश्मनों को सजा देने के लिए जमीन आसमान एक कर देता है। बिहार की धरती से ही मैंने ऑपरेशन सिंदूर का संकल्प लिया था और आज इसकी सफलता को पूरी दुनिया देख रही है।

### संपूर्ण बिहारवासियों के जीवन में सुख शुभ होखे

*पीएम मोदी ने बिहार को कई सौगातें भी दीं। बिहार चुनाव से पहले पीएम मोदी का यह दौरा अहम माना जा रहा है। पीएम मोदी ने भोजपुरी में संबोधन को शुरू करते हुए कहा कि सावन के इ पवित्र माह में हम बाबा सोमेश्वर नाथ के चरण में प्रणाम करत बानी। आ उनका से हम आशीर्वाद मांगतानी की संपूर्ण बिहारवासियों के जीवन में सुख शुभ होखे। पीएम मोदी ने कहा कि चंपारण की धरती ने इतिहास बनाया है।*

### प्रधानमंत्री की जय हो

### पटना-नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी, लोगों ने नारे लगाए



*पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बापूधाम मोतिहारी से चार नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का शुभारंभ किया। उन्होंने राजेंद्र नगर टर्मिनल-नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस सहित चार ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस मौके पर विशेष ट्रेन में सवार छात्रों ने प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह ट्रेन अब पटना, भोजपुर, बक्सर समेत बिहार के कई जिलों के लोगों को आधुनिक और सुलभ रेल यात्रा का अनुभव देगी। लोगों ने पटना से चली इस ट्रेन का स्वागत रास्ते में जोरदार ढंग से किया। आरा स्टेशन पर भारत माता और प्रधानमंत्री मोदी के जयकारे लगाए।*

### नार्वे, न्यूजीलैंड और सिंगापुर की आबादी के बराबर गरीबों को घर दिए

नार्वे, न्यूजीलैंड और सिंगापुर की जितनी कुल आबादी है, उससे ज्यादा हमने अकेले बिहार में गरीबों को घर दिए हैं। हमारे अकेले मोतिहारी जिले में 3 लाख के करीब गरीब परिवारों को पक्के घर मिले हैं और ये गिनती लगातार तेजी से आगे बढ़ रही है।

### 7217 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी

पीएम मोदी ने मोतिहारी से बिहारवासियों को 7217 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात दी है। उन्होंने पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर, रोजगार, विकास, माओवाद और इंडिया गठबंधन पर बातें की। राजद और कांग्रेस राजद की याद भी दिलाई। उनके शासन को बताया।

### राजद और कांग्रेस ने केवल अपना परिवार देखा

पीएम मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस के राज में विकास पर ब्रेक था, गरीब का पैसा गरीब तक पहुंचना असंभव था। जो शासन में थे, उनमें बस यही सोच थी कि कैसे गरीब के हक का पैसा लूट लें। वे गरीबों, दलितों, पिछड़ों और वंचित वर्गों के नाम पर मात्र राजनीति किए।

## ममता के आरोप पर बोले सरमा

# असमिया, हिंदू और बंगाली मुख्यमंत्री बेनर्जी को छोड़ेंगे नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी पर जमकर निशाना साधा है। सरमा ने कहा कि ममता को केवल बंगाली



भाषी मुसलमानों की चिंता है। इसके अलावा उन्होंने चेतावनी दी कि यदि वह मुस्लिम-बंगालियों के लिए असम आती हैं, तो असमिया और हिंदू-बंगाली उन्हें नहीं छोड़ेंगे। गुरुवार को पश्चिम बंगाल की सीएम ममता ने भाजपा पर राजनीतिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भाषाई पहचान को हथियार बनाने का आरोप लगाया था। ममता के इन्हीं आरोपों पर सरमा ने पलटवार किया है। सरमा ने पलटवार करते हुए कहा कि सवाल यह है कि क्या ममता बंगालियों को पसंद करती हैं या केवल मुस्लिम-बंगालियों को। मेरा जवाब केवल मुस्लिम-बंगाली है। उन्होंने कहा कि यदि वे मुस्लिम-बंगालियों के लिए असम आती हैं, तो असमिया लोग और हिंदू-बंगाली उन्हें नहीं छोड़ेंगे।

### बंगाल में क्यों नहीं लागू किया सीएए?

*सरमा ने सवाल करते हुए पूछा कि अगर बेनर्जी बंगाली भाषी लोगों की सुरक्षा में रुचि रखती हैं, तो उन्होंने अपने राज्य में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम या सीएए क्यों लागू नहीं किया? बंगाली भाषी हिंदू वृहत्तर असमिया समाज में समाहित हो गए हैं और उनकी भाषा, संस्कृति, धर्म और सभी पहलुओं को यहां संरक्षित किया जाता है। हिमंत ने कहा कि ममता को यह समझना चाहिए कि असम में बंगाली-हिंदुओं को न केवल संरक्षित किया गया है, बल्कि उन्हें वृहत्तर असमिया परिदृश्य में समाहित भी किया गया है। उनके अपने मंत्री और विधायक हैं।*

# बिरमा नदी में बाढ़ में 3 पुल डूबे, 12 गांव मुख्यालय से कटे

एजेंसी ▶▶ हमीरपुर

यहां लगातार हो रही वर्षा से बांध से पानी छोड़े जाने से बिरमा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। 12 गांवों का संपर्क ब्लाक व मुख्यालय से टूट गया है। नदी किनारे बसे गांवों में बाढ़ का पानी घुस आया है। ग्राम बंडवा, उपरहका व बिलगांव जाने वाले मुख्य सड़क में बने 3 पुल बाढ़ से डूब गए हैं।

### कई राज्यों में बारिश का कहर



### अजमेर रेलवे स्टेशन बन गया झील!

अजमेर। राजस्थान के अजमेर शहर में गुरुवार देर रात से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने पूरे शहर की व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। शहर का प्रमुख माने जाने वाले अजमेर रेलवे स्टेशन का नजारा शुक्रवार सुबह कुछ ऐसा था, जैसे किसी झील या तालाब के किनारे खड़े हो।



### राजसमंद में सैलाब में फंसी स्कूली वैन, बच्चे मदद को चिल्लाए

**राजसमंद।** राजस्थान के राजसमंद जिले के कुंभलगढ़ क्षेत्र में बारिश ने जमकर तांडव किया। पानी के तेज बहाव में स्कूली वैन फंस गई। घटना कुंभलगढ़ क्षेत्र में उदयपुर रोड पर स्थित होटल लेक एलपी के पास हुई। लखेला तालाब का तटबंध टूट गया जिससे केलवाड़ा इलाके में पानी का वेग अचानक बढ़ गया। इसमें स्कूली वैन फंस गई। इसमें 10 बच्चे सवार थे। 2 बच्चे अपनी जान बचाने के लिए पास के पेड़ पर चढ़ गए और चिल्लाने लगे। सभी बच्चों और स्कूल स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। परशुराम महादेव रोड पर बने पुल से एक मंदबुद्धि महिला बह गई।

## मुंबई हाई कोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

### पति से संबंध बनाने से इनकार

# विवाहेत्तर संबंध रखने का संदेह करना तलाक का ठोस आधार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाई कोर्ट ने एक फैमिली कोर्ट के तलाक संबंधी आदेश को चुनौती देने वाली महिला को राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि पति के साथ शारीरिक संबंध बनाने से इनकार करना और उस पर विवाहेत्तर (शादी के बाहर) संबंध रखने का संदेह करना क्रूरता है। इसलिए यह तलाक का आधार है। जज रेवती मोहिते डेरे और नीला गोखले की खंडपीठ ने कहा कि महिला के आचरण को उसके पति के प्रति 'क्रूरता' माना जा सकता है।

### फैमिली कोर्ट के आदेश को चुनौती



कोर्ट ने महिला की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसने फैमिली कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। उक्त आदेश में पति की तलाक याचिका को मंजूरी दी गई थी। महिला ने याचिका में अपने पति से एक लाख मासिक गुजारा भत्ता दिलाने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया था।

### 2013 में शादी, 2014 में रहने लगे अलग

इस जोड़े की शादी साल 2013 में हुई थी, लेकिन दिसंबर 2014 में वे अलग रहने लगे। साल 2015 में पति ने क्रूरता के आधार पर तलाक के लिए पुणे की परिवार अदालत का रुख किया, जिसे मंजूरी मिल गई। महिला ने याचिका में कहा कि उसके ससुराल वालों ने उसे परेशान किया था, लेकिन वह अब भी पति से प्यार करती है और इसलिए वह विवाह संबंध खत्म नहीं करना चाहती।

## चांदनी चौक में अवैध निर्माण पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती

# एक भी ईंट रखी तो गिरफ्तार करें, संपत्ति सील करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के ऐतिहासिक चांदनी चौक में अवैध निर्माणों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने अदालत के आदेश का उल्लंघन करते हुए बड़े पैमाने पर हुए अवैध और अनधिकृत निर्माणों गहरी चिंता जताई है। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से कहा है कि जो लोग अवैध निर्माण में एक भी ईंट जोड़ते हुए पाए जाएं, उन्हें गिरफ्तार करें। ऐसी सभी संपत्तियों को सील भी किया जाए।



### पुलिस को दिया गिरफ्तारी का आदेश

*सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों पर बड़ा सवाल उठाते हुए कहा कि नगर निगम के अधिकारियों की मिलीभगत से ये बड़ा घोटाला हो रहा है। इसे फौरन रोका जाना चाहिए वरना हम पुलिस को भी इस काम में लगाएंगे। बेंच ने दिल्ली पुलिस से कहा कि आप रोज इलाके में गश्त के लिए जाते हैं। अगर कोई अवैध निर्माण में ईंट भी जोड़ते पाया जाए तो उसे तुरंत गिरफ्तार किया जाए।*

### पुलिस आयुक्त को दिया गश्त करने का जिम्मा

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि दिल्ली पुलिस आयुक्त क्षेत्र में गश्त के लिए पुलिस दल की तैनाती करते रहेंगे। वह यह सुनिश्चित करेंगे कि एमसीडी द्वारा पारित अवैध निर्माण ध्वस्तीकरण के ऐसे सभी नोटिस, जिन पर अदालतों ने स्थगन नहीं दिया है, उनका सावधानी और सख्ती के साथ पालन किया जाए। अदालत ने पूरे प्रकरण की स्थानीय डीसीपी से अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का भी निर्देश दिया।

### स्वर्ण मंदिर के पास बड़ी इमारतें क्यों बनी?

**अमृतसर।** यहां के ऐतिहासिक स्वर्ण मंदिर के आसपास ऊंची इमारतों के



बनाए जाने पर स्थानीय निकाय विभाग ने सवाल उठाया है। इतना ही नहीं विभाग की तरफ से इन इमारतों की ऊंचाई को नियंत्रित करने के लिए सख्त निर्देश भी जारी किए गए हैं। इन निर्देशों के तहत नगर निगम अधिकारियों को आसपास के क्षेत्रों में चल रहे और भविष्य में होने वाले निर्माण कार्यों को नियंत्रित करने के निर्देश दिया गया है।

## संसद सत्र के लिए भाजपा ने बनाई रणनीति

# राजनाथ के आवास पर शाह-नड्डा समेत कई नेताओं ने किया मंथन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर भाजपा नेताओं ने एक रणनीतिक बैठक की। इसमें केंद्रीय मंत्री अमित शाह, पीयूष गोयल, किरेन रिजिजू, मनोहर लाल, जेपी नड्डा, एल. मुरुगन, अर्जुन राम मेघवाल और सीआर पाटिल समेत कई नेता शामिल हुए। पार्टी नेतृत्व ने आगामी संसद सत्र से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा और 21 अगस्त तक चलेगा। रविवार को होने वाली पारंपरिक सर्वदलीय बैठक के साथ माना जा रहा है कि मंत्रिसमूह ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर सहित कई मुद्दों पर विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे हंगामे के बीच प्रासंगिक मुद्दों पर सरकार के रुख पर रणनीति बनाई। इस बैठक के एजेंडे पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है।



## खबर संक्षेप

### मसूद अजहर ने पीओके में बनाया नया ठिकाना

**नई दिल्ली।** पुलवामा हमले के साजिशकर्ता और जैश-ए-मोहम्मद के मुखिया मसूद अजहर को



बहावलपुर के पास पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान में देखा गया है। बहावलपुर मसूद का गढ़ माना जाता है जहां से वह अपने ऑपरेशन संचालित करता है। इससे पहले उसे स्कर्दू में सदपारा रोड इलाके में देखा गया था। मसूद को पाकिस्तान की सरकार और वहां की सेना से संरक्षण प्राप्त है। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने हाल ही में दावा किया था कि मसूद अजहर अफगानिस्तान में हो सकता है।

### जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दें: फारूक


**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर को राज्य के दर्जे की



मांग को दोहराते हुए कहा कि यह हम पर कोई एहसान नहीं है, यह हमारा हक है और यह मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को, पीएम और गृहमंत्री को जनता के साथ किए अपने वादे को पूरा करना चाहिए। जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा लौटाना न सिर्फ राजनीतिक रूप से जरूरी है बल्कि यह एक नैतिक जिम्मेदारी भी है, जिसे जल्द पूरा किया जाना चाहिए। इसे केंद्र शासित प्रदेश बनाकर संवैधानिक अधिकार से वंचित कर रखा है।

### सेल्फ-ड्राइविंग टैक्सी सर्विस में उतरेगी उबर

**नई दिल्ली।** कैब सर्विस देने वाली कंपनी उबर ने इलेक्ट्रिक व्हीकल निर्माता ल्यूसिड मोटर्स में



300 मिलियन डॉलर (करीब 25 अरब रुपए) निवेश करने का ऐलान किया है। यह निवेश उनके रोबोटैक्सी प्रोजेक्ट को लेकर हुआ है, जिसकी शुरुआत 2026 से अमेरिका के एक बड़े शहर से होने की योजना है। इस जॉइंट डील का मकसद सेल्फ-ड्राइविंग टैक्सी सर्विस को दोबारा रफ्तार देना है। इस डील के तहत अगले छह वर्षों में उबर, ल्यूसिड 20,000 से ज्यादा ग्रेविटी एसयूवी खरीदेगा।

आयरम डोम डिफेंस सिस्टम भी होगा फेल

# भारत और रूस बनाएंगे ब्रह्मोस हाइपरसोनिक मिसाइल, इसकी सीमा में अब पाक और चीन

ब्रह्मोस हाइपरसोनिक मिसाइल को लेकर काम शुरू हो चुका है। दोनों ही देश इस प्रोजेक्ट में जुट गए हैं। यह मिसाइल ध्वनि की गति से 8 गुना तेजी चलेगी। इसकी गति मैक-8 या मैक-9 तक हो सकती है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल का दुनिया लोहा मानती है। कुछ गिने-चुने एयर डिफेंस सिस्टम ही इसे रोकने में सक्षम हैं। वहीं ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इस मिसाइल ने दुनिया को अपनी ताकत दिखा दी।

अब जल्द ही ब्रह्मोस को हाइपरसोनिक वेरिएंट भी आने वाला है। चीन से लेकर अमेरिका तक के एयर डिफेंस सिस्टम इस मिसाइल के आगे पानी भरेंगे। जानकारी के मुताबिक भारत और रूस जल्द ही इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर चुके हैं।

*एडवांस कंट्रोल सिस्टम स्टेल्थ फीचर्स से होगी लैस*

*11 हजार किमी प्रति घंटे की रफ्तार से वार करेगी*




### 1500 किमी से अधिक की की मारक क्षमता

इसकी मारक क्षमता 1500 किलोमीटर से अधिक होगी। ऐसे में कहा जा सकता है कि पाकिस्तान और चीन का बड़ा इलाका इसकी सीमा में होगा। इजराइल का आयरन डोम एयर डिफेंस सिस्टम को काफी एडवांस माना जाता है, इसके लिए भी ब्रह्मोस हाइपरसोनिक मिसाइल को रोकना मुश्किल होगा।

### शुरू हुआ प्रोजेक्ट

*ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व महानिदेशक अतुल राणे ने बताया कि ब्रह्मोस हाइपरसोनिक मिसाइल को लेकर काम शुरू हो चुका है। दोनों ही देश इस प्रोजेक्ट में जुट गए हैं। यह मिसाइल ध्वनि की गति से 8 गुना तेजी चलेगी। इसकी गति मैक-8 या मैक-9 तक हो सकती है। यानी यह 11 हजार किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से वार कर सकती है। बता दें कि ब्रह्मोस मिसाइल का नाम ही भारत और रूस की दो नदियों ब्रह्मपुत्र और मोसकवा पर रखा गया है। इस प्रोजेक्ट में डीआरडीओ की 50.50 फीसदी और रूसी कंपनी की 49.50 फीसदी हिस्सेदारी है।*

#### दुश्मन के लिए इसे रोकना नामुमकिन

*ब्रह्मोस के इस वर्जन से डीप इनसाइड टारगेट्स को भी भेदा जा सकेगा। यह न केवल तेज गति से अपने लक्ष्य को निशाना बना सकती है बल्कि तेजी से मुड़ भी सकती है। ऐसे में दुश्मन के लिए इसे रोकना आसान नहीं होगा। यह दुश्मन के रडार सिस्टम को भी मात देने में सक्षम होगी। एडवांस कंट्रोल सिस्टम, स्टेल्थ फीचर्स और डिजाइन इसे और भी खास बना देते हैं।*

### एके-203 का स्वदेशी उत्पादन शुरू

भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में और 'मेक इन इंडिया' के तहत एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिसंबर 2025 तक एके-203 असॉल्ट राइफल का पूरी तरह स्वदेशी उत्पादन शुरू हो जाएगा। इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड (आईआरआरपीएल) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक मेजर जनरल एस.के. शर्मा ने




बताया कि पिछले डेढ़ साल में हमने भारतीय सेना को 48,000 एके-203 राइफलें सौंपी हैं। अगले छह महीनों में 70,000 और राइफलें सेना को दी जाएंगी। इसके बाद, हमारा लक्ष्य उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर प्रति वर्ष 1.5 लाख राइफलें करना है, ताकि 2030 तक भारतीय सेना को 6 लाख राइफलें उपलब्ध कराई जा सकें। एके-203 राइफल भारतीय सेना की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन की गई है। यह 7.62×39 मिमी कैलिबर की राइफल है, जो उच्च सटीकता, लंबी रेंज, और कठिन परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन प्रदान करती है।

#### सभी पुर्जे भारत में निर्मित हो रहे

यूपी के अमेठी जिले में स्थापित आईआरआरपीएल प्लांट, भारत और रूस के बीच रक्षा सहयोग का परिणाम है। यह संयुक्त उद्यम रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और रूस की रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के सहयोग से संचालित है। एके-203, जो विश्व प्रसिद्ध कलाश्निकोव राइफल का आधुनिक संस्करण है, अपनी विश्वसनीयता और कठिन परिस्थितियों में प्रदर्शन के लिए जानी जाती है। दिसंबर 2025 तक इस राइफल के सभी पुर्जे भारत में ही निर्मित होंगे, जिससे यह पूरी तरह स्वदेशी बन जाएगी।

*भारत की कूटनीतिक जीत* यूएस ने टीआरएफ को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किया

*टीआरएफ ने पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी*

# मंत्री जयशंकर ने जताई खुशी, कहा आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस'

*कोई भी व्यक्ति इस संगठन को चंदा या मदद नहीं दे सकेगा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने अमेरिका द्वारा पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार टीआरएफ को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किए जाने की सराहना की। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि भारत-अमेरिका की आतंकवाद के खिलाफ सहयोग की एक मजबूत पुष्टि।

लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) को विदेशी आतंकवादी संगठन (एफटीओ) और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी (एसडीजीटी) घोषित करने के लिए विदेश मंत्री मार्को रुबियो और अमेरिकी विदेश विभाग की सराहना करता हूं। इसी संगठन ने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी।

आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस (शून्य सहिष्णुता)। विदेश मंत्रालय के अनुसार, हमले की कड़ी निंदा करने वाले ट्रंप ने टीआरएफ हमले के तुरंत बाद पीएम नरेंद्र मोदी को फोन किया था और इस जघन्य हमले के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए भारत के प्रति पूर्ण समर्थन व्यक्त किया था।

### 'लश्कर-ए-तैयबा' की प्रॉक्सी विंग है टीआरएफ



*बता दें, 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने ही पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी। टीआरएफ के प्रमुख शेख सज्जाद गुल को भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड बताया है। टीआरएफ पाकिस्तान के आतंकी संगठन 'लश्कर-ए-तैयबा' की प्रॉक्सी विंग (मुखौटा शाखा) है। कई वर्षों से टीआरएफ, जम्मू कश्मीर में आतंकी हमलों को अंजाम दे रहा है। खासतौर पर, जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों पर हमले और टारगेट किलिंग, ये टीआरएफ की रणनीति का हिस्सा रहा है।*

### टीआरएफ के वित्तपोषण पर लगेगी रोक

*अमेरिका का विदेश विभाग किसी संगठन की गतिविधियों को देखते हुए उसे विदेशी आतंकी संगठन (एफटीओ) घोषित करता है। एफटीओ के जरिए आतंकी संगठन के वित्तपोषण पर रोक लगाई जाती है। इसके अलावा अब कोई भी व्यक्ति इस संगठन को चंदा या किसी भी तरह की मदद नहीं दे पाएगा। साथ ही अमेरिका द्वारा अन्य देशों से भी उस संगठन के खिलाफ कार्रवाई की अपील की जाती है। जिस संगठन को विदेशी आतंकी संगठन घोषित किया गया है, वह 30 दिनों के भीतर अमेरिका की अदालत में अपील कर सकता है। हर दो साल बाद अमेरिकी सरकार एफटीओ की समीक्षा करती है।*

**अमेरिकी विदेश मंत्री बोले**

#### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के संग

मार्को रुबियो ने कहा कि यह कार्रवाई हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा हितों की रक्षा और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के प्रति ट्रंप प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह कार्रवाई अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, और भारत के साथ सहयोग का सबूत है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मांग पर ऐसा फैसला लिया गया है। इसे भारत की बड़ी कूटनीतिक सफलता माना जा रहा है।

#### अमेरिका ने गुरुवार को किया ऐलान

*अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने गुरुवार को कहा कि ट्रंप प्रशासन ने टीआरएफ को एफटीओ और एसडीजीटी की सूची में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला 2008 के मुंबई हमलों के बाद भारत में नागरिकों पर हुआ सबसे बड़ा आतंकी हमला था। 'लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का एक मुखौटा और प्रॉक्सी, टीआरएफ ने 22 अप्रैल, 2025 को भारत के पहलगाम में हुए हमले की जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। यह 2008 में मुंबई हमलों के बाद लश्कर का भारत में नागरिकों पर किया गया सबसे घातक हमला था। अमेरिकी सरकार का यह फैसला राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से पहलगाम हमले के दोषियों को न्याय के कठघरे में लाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।*

ओआईसी में जाकर लगाई गुहार

# सिंधु समझौते पर गिड़गिड़ाया पाक, किसी ने नहीं दिया साथ



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की तरफ से सिंधु जल समझौते को रोके जाने का दुख पाकिस्तान ने मुस्लिम देशों के संगठन ओआईसी में भी सुनाया है। पाकिस्तान 57 मुसलमान देशों की संस्था इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की बैठक में यह बात रखी लेकिन ओआईसी ने इस मुद्दे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। जेद्दा में आयोजित ओआईसी के ह्यूमन राइट्स कमिशन के 25वें सत्र में 'राइट टू वार' नाम से आयोजित सेशन को संबोधित करते हुए पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि सैयद फवाद शेर ने कहा कि हमारे अधिकारों का भारत की ओर से हनन किया जा रहा है। भारत का यह फैसला मनमाना है।

#### हमारे लिए यह बड़ी परेशानी

सैयद शेर ने कहा कि हमारे लिए यह बड़ी परेशानी है। हालांकि पाकिस्तान के इस रुख के बाद भी मुस्लिम देशों के संगठन ने अब तक कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया गया है, जिसमें इस मसले का कोई जिक्र हो। बता दें कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल समझौते को रोक दिया है। इसके अलावा सिंधु समेत सभी नदियों पर बांध आदि परियोजनाओं पर तेजी लाई जा रही है। इनके माध्यम से पाकिस्तान की ओर से जाने वाले पानी का इस्तेमाल किया जाएगा।

#### पानी की कमी से खतरा पैदा होगा

सैयद शेर ने कहा कि पानी तो हमारे लिए मूल अधिकार की तरह है, लेकिन भारत उसे भी हमसे छीनने की कोशिश कर रहा है। हम तो पहले ही पानी के संकट का सामना कर रहे हैं। ऐसे में यदि भारत से आने वाली नदियों में पानी की कमी हुई तो हमारे आगे मुश्किल हालात होंगे। उन्होंने कहा कि इससे हमारे इलाके में जलवायु का संकट पैदा हो सकता है। पानी की किल्लत होगी और खेती से लेकर तमाम जरूरी चीजों पर खतरा पैदा होगा।

पीएम के 'पंच प्रण' दिलाए याद

अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र आंदोलन 2025

# मंत्री गोयल की युवाओं से विकसित 'भारत का निर्माता' बनने की अपील

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने देश के युवाओं से 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने की अपील की, जो कि पीएम नरेंद्र मोदी के द्वारा 'अमृत काल' के लिए दिए गए 'पंच प्रण' (पांच प्रतिज्ञाओं) में शामिल है। भारत के अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र आंदोलन सम्मेलन 2025 का केंद्रीय मंत्री ने युवाओं से कहा कि उनकी पांच प्रतिज्ञाओं में से पहली प्रतिज्ञा भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प है।



#### औपनिवेशिक मानसिकता त्यागें

*गोयल ने कहा, दूसरी प्रतिज्ञा औपनिवेशिक मानसिकता को त्यागना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सदियों की विदेशी अधीनता ने आत्मविश्वास को कम किया है और सीमाएं लगाई हैं। हमें अतीत की सीमाओं से बंधे नहीं रहना चाहिए, बल्कि वैश्विक मानकों को पूरा करने और महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने की आकांक्षा रखनी चाहिए।*

#### राष्ट्र की एकता हो सर्वोपरि

*चौथी प्रतिज्ञा के बारे में बोलते हुए, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता सर्वोपरि होनी चाहिए। यह एकता ही भारत की सबसे बड़ी ताकत है और इसे हर स्तर पर पोषित किया जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह सामूहिक भावना देश के विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा का मूल आधार है।*

*छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में मुठभेड़*

# सुरक्षा बलों ने छह नक्सली किए ढेर, हथियार और विस्फोटक जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणपुर

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में शुक्रवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में छह नक्सलियों को मार गिराया। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की जानकारी के आधार पर सुरक्षाबलों के संयुक्त दलों को नक्सल विरोधी अभियान पर भेजा गया था। अभियान के दौरान शुक्रवार दोपहर से सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ चल रही है। अब तक तलाशी अभियान के दौरान मुठभेड़ स्थल से छह नक्सलियों के शव, एके-47 और एसएलआर राइफल, कई अन्य हथियार, विस्फोटक सामग्री तथा दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद की गई हैं। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम को एक पक्का खुफिया इनपुट मिला था कि इलाके में बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद हैं।

# नौसेना में शामिल हुआ आईएनएस 'निस्तार'



#### देश का पहला स्वदेशी डीएसवी

*विशाखापट्टनम। भारतीय नौसेना ने अपनी स्वदेशी रक्षा निर्माण क्षमता में एक बड़ा कदम उठाते हुए शुक्रवार को विशाखापट्टनम के नौसेना डॉकयार्ड में अपनी पहली स्वदेशी निर्मित डाइविंग सपोर्ट वेसल (डीएसवी), आईएनएस निस्तार को शामिल किया। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी मौजूद रहे। 2300 करोड़ रुपए की लागत से बना यह जहाज 10 मंजिला है।*

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता अंतिम दौर में

# अमेरिका भारत को तरजीही टैरिफ सुविधा में शामिल करेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौते को लेकर भारतीय दल वाशिंगटन गया हुआ है और टैरिफ को लेकर चर्चा कर रहा है। इसमें अमेरिका भारत से डेयरी और कृषि उत्पाद पर टैरिफ कम करने के लिए कह रहा है, लेकिन देशहित को लेकर भारत अपनी शर्तों पर टिका हुआ है। वहीं भारत भी चाहता है कि अमेरिका अपने टैरिफ को 15 से 10 फीसदी या उससे कम रखे। सूत्रों के अनुसार, अमेरिका भारत को तरजीही टैरिफ सुविधा दे सकता है, जिससे उसे 1 अगस्त से अन्य देशों पर लगने वाले भारी रेसिप्रोकल टैरिफ से सुरक्षा मिल सकेगी। तरजीही का मतलब वियतनाम जैसे देशों की तुलना में भारतीय वस्तुओं पर कम टैरिफ लगाना। जैसे अगर वियतनामी वस्तुओं पर 20 फीसदी टैरिफ लगेगा तो भारत पर इससे कम टैरिफ होगा।

### भारत पर कम टैरिफ लगाने के यूएस से मिल रहे संकेत



#### सबकुछ ठीक चल रहा है: राष्ट्रपति ट्रंप

जानकारी के अनुसार अमेरिकी समझौता पूरी तरह से तरजीही व्यवहार आधारित है। विशेष सचिव और मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के लीडरशिप में भारत का व्यापार प्रतिनिधिमंडल इस समय समझौते को अंतिम रूप देने के लिए वाशिंगटन में है। गुरुवार को ट्रंप ने एक बड़ा ऐलान किया था, जिसमें कहा था कि हम भारत के साथ डील को लेकर बहुत करीब हैं। उन्होंने कहा कि डील को लेकर भारत के साथ बातचीत अच्छी चल रही है। सबकुछ ठीक चल रहा है और जल्द ही ये डील पक्की हो जाएगी। भारतीय उद्योग जगत के लोगों को उम्मीद है कि 1 अगस्त से पहले एक शुरुआती समझौता हो जाएगा। इससे भारत को भारी टैक्सों से बचने में मदद मिलेगी। यह समझौता भारत के लिए बहुत जरूरी है। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा एक्सपोर्ट बाजार है।

### भारत का कड़ा जवाब, कहा- नहीं चलेंगे दोहरे मापदंड

रूस के साथ व्यापारिक संबंध बनाए रखने को लेकर नाटो प्रमुख मार्क रुटे की 100 फीसदी सेकेंडरी सैंक्शनंस से जुड़ी धमकी पर भारत सरकार ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इसे दोहरा मापदंड करार दिया। उन्होंने कहा कि हमने इसे लेकर रिपोर्ट्स देखी हैं। हमारे लोगों के लिए ऊर्जा की जरूरतें पूरी करना हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। यह बात समझने वाली है कि हम इसी से निर्देशित होते हैं कि मार्केट में चीजों की उपलब्धता और ग्लोबल हालातों को देखकर ही फैसले लेते हैं। ऐसे में हर किसी को इस मामले में दोहरे मापदंड से बचना चाहिए।

### ब्लैकमेल कर महिला ने कमाए 102 करोड़ रुपए, अब गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

थाईलैंड में बौद्ध भिक्षुओं को सेक्सुअल रिलेशनशिप में उलझाकर ब्लैकमेल करने के एक बहुत बड़े कांड का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। आरोप है कि 35 साल की महिला विलवान एम्सावत ने बौद्ध भिक्षुओं के साथ शारीरिक संबंध बनाए और इसके तस्वीरें और वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल किया। पुलिस ने महिला को बैंकॉक के नॉर्थ में नॉनथाबुरी स्थित उनके आलीशान घर से गिरफ्तार कर लिया है।



# खंडेलवाल ने कहा, देश को बुलंदी पर ले जाने के लिए सरकार व जनता के बीच सेतु बनें कार्यकर्ता

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत का ग्वालियर में जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के लिए गुरुवार को ग्वालियर में जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल सभागार में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जिस विचारधारा का नेतृत्व करते हुए दुनिया भर में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं, उस विचारधारा का जन्म इसी ग्वालियर की सरजमीं पर हुआ था।

उन्होंने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता सामान्य कार्यकर्ता नहीं हैं। आप खुद को गौरवांन्वित महसूस करें कि आप अटल बिहारी वाजपेयी और राजमाता विजयाराजे सिंधिया की कर्मभूमि के कार्यकर्ता हैं। देश को हजारों साल पहले जैसी बुलंदियों पर ले जाने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कार्य कर रहे हैं, इसके लिए आप सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा को और मजबूत करना होगा। पार्टी कार्यकर्ता केंद्र और मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सरकार और जनता के बीच सेतु बनकर कार्य करें और हारे हुए बूथों को जीतकर पार्टी को और बुलंदियों तक पहुंचाने में जुट जाएं।



### प्रथम ग्वालियर नगर आगमन पर खंडेलवाल पर की पुष्पवर्षा

प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल के प्रथम ग्वालियर नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल का ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. नितेश शर्मा समेत कार्यकर्ताओं और आमजन ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का बस स्टैंड तिराहा, डीबी मॉल, एनसीसी गेट, स्टेशन चौराहा, राजा मानसिंह चौराहा, होटल तानसेन, सेंट्रल पार्क सहित विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल सभागार पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत हुआ।

### अटल बिहारी वाजपेयी के पैतृक निवास पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने शिंदे की छावनी, कमल सिंह का बाग स्थित पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के पैतृक निवास पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके भतीजे दीपक वाजपेयी एवं भांजे अनूप मिश्रा सहित अन्य परिजनों से सौजन्य मुलाकात की। इसके बाद वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की समाधि स्थल पहुंचकर पुष्प अर्पित किए।



### विधानसभा अध्यक्ष से मिले भाजपा प्रदेश



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद के साथ ग्वालियर में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर और महाराष्ट्र के सह प्रभारी जयभान सिंह पवैया के निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया पौधरोपण



*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने जीवाजी विश्वविद्यालय परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधा रोपा। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद इस दौरान मंचासीन रहे। कार्यक्रम को महाराष्ट्र के सह प्रभारी जयभान सिंह पवैया, मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद भारत सिंह कुशवाह एवं जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया ने भी संबोधित किया।*

---

## खबर संक्षेप

### गड़बड़ी करने वाले दो मीटर रीडरों को हटाया

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के रायसेन वृत्त में मीटर रीडिंग के दौरान गड़बड़ी करने वाले दो मीटर रीडरों की सेवाएं समाप्त कर दी गई है। इसके साथ ही 14 मीटर रीडरों को कार्य में लापरवाही के चलते नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। रायसेन वृत्त के महाप्रबंधक प्रदीप सिंह चौहान ने बताया कि कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में सिलवानी वितरण केंद्र के मुआर पाठ सब स्टेशन के मीटर रीडर दीपक जाटव तथा सेवांस्नी सब स्टेशन के मीटर रीडर अंकित सेन की सेवा समाप्ति की कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही ऐसे मीटर रीडर, जिनका परफॉर्मेंस लक्ष्य के अनुरूप नहीं पाए जाने पर 14 मीटर रीडरों को आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से नोटिस जारी किए गए हैं।

### स्कूल शिक्षा विभाग के 5 केंद्रीय पुस्तकालय मप्र में

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग मप्र में 5 केन्द्रीय पुस्तकालय और 36 जिलों में जिला पुस्तकालय संचालित कर रहा है। पुस्तकालयों में पाठकों उपयोगी पुस्तकें उपलब्ध हैं। विभाग द्वारा अनुदान के साथ स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी भोपाल में चली रही है। शासकीय मौलाना आजाद केन्द्रीय पुस्तकालय भोपाल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रसिद्ध पुस्तकालय है, जहां न्यूनतम शुल्क पर अधिकतम सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

---

## डॉ. यादव ने यूरोप के सबसे विशाल और भव्य शाही महलों में से एक का किया भ्रमण

# रॉयल पैलेस ऑफ मैड्रिड भारत से दशकों पुराने रणनीतिक संबंधों का प्रतीकः सीएम

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि रॉयल पैलेस ऑफ मैड्रिड महल न केवल यूरोप के सबसे विशाल और भव्य शाही महलों में से एक है, बल्कि भारत और स्पेन के बीच दशकों पुराने रणनीतिक संबंधों का भी सशक्त प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह महल केवल स्थापत्य सौंदर्य का नमूना नहीं, बल्कि भारत और स्पेन के बीच परस्पर सम्मान, संवाद और सहयोग की जीवंत मिसाल है।

डॉ यादव ने रॉयल पैलेस ऑफ मैड्रिड के भ्रमण के बाद यह विचार व्यक्त किए। रॉयल पैलेस के भ्रमण के दौरान डॉ. यादव ने उसके ऐतिहासिक महत्व, स्थापत्य कला और संरक्षित यूरोप की दुर्लभ कलाकृतियों, शस्त्रों और राजसी वस्तुओं का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि रॉयल पैलेस जैसी धरोहरें हमें न केवल अतीत की गौरवशाली झलक दिखाती हैं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की गरिमा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान की अहमियत भी सिखाती हैं।

### *डॉ. यादव ने दुर्लभ कलाकृतियों, शस्त्रों और राजसी वस्तुओं का किया अवलोकन*

*महल भारत और स्पेन के बीच परस्पर सम्मान, संवाद और सहयोग की जीवंत मिसाल*



### पीएम मोदी के संकल्प के अनुसार विकसित भारत के लिए मप्र में अधिक से अधिक निवेश और रोजगार के प्रयास किए जा रहे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 18 औद्योगिक नीतियों की जानकारी निवेशकों को दी जा रही है। युवाओं को कार्य का अवसर मिले और राज्य की आर्थिक स्थिति बेहतर हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के अनुसार विकसित भारत के लिए मध्यप्रदेश में अधिक से अधिक निवेश और रोजगार के प्रयास किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इसी रॉयल पैलेस में वर्ष 2006 में भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का राजकीय सम्मान के साथ स्वागत हुआ था। इन ऐतिहासिक अवसरों की स्मृतियों को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह स्थल भारत और स्पेन के मधुर संबंधों की नींव का जीवंत साक्षी है।

### *निवेश के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा स्पेन दौरा*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में विभिन्न सेक्टर्स में निवेश के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस क्रम में स्पेन का दौरा निवेश के क्षेत्र में मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने स्पेन के दौरे के दूसरे दिन और दो देशों की यात्रा के पांचवें दिन मीडिया को जारी संदेश में कहा कि स्पेन के साथ भारत विशेष रूप से मध्यप्रदेश के व्यापारिक तथा औद्योगिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने की पहल हुई है। खाद्य प्रसंस्करण, टैक्सटाइल आदि क्षेत्रों में स्पेन के उद्यमी मध्यप्रदेश में निवेश करें, इन संभावनाओं पर चर्चा की जा रही है। विभिन्न इकाईयों का अवलोकन भी किया जा रहा है। डॉ. यादव ने आशा व्यक्त की कि निश्चित ही इसके सुखद परिणाम आएंगे।*

### डेटा सेंटर, एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में निवेश के लिए अवसर का केंद्र बन रहा मप्र

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश को भविष्य की जरूरतों के अनुसार तैयार करने और वैश्विक स्तर पर डेटा सेंटर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को स्पेन के बार्सिलोना में स्थित इमर्शन कूलिंग टेक्नोलॉजी में अग्रणी कंपनी सबमर के मुख्यालय का दौरा किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सबमर की अत्याधुनिक तकनीकों, कार्यप्रणाली और ग्रीन एनर्जी समाधानों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

#### संभावित रणनीतिक सहयोग पर हुई चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र डेटा सेंटर और एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में वैश्विक निवेश के लिए एक नई ऊर्जा और अवसर का केंद्र बन रहा है। सबमर जैसी अग्रणी तकनीकी कंपनियों के साथ साझेदारी से राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। सबमर और मप्र सरकार के बीच संभावित रणनीतिक सहयोग पर चर्चा हुई। कंपनी सबमर को मप्र में तकनीकी सलाहकार और सर्टिफायर के रूप में शामिल कर नए डेटा सेंटर परियोजनाओं की डिजाइन, सस्टेनेबिलिटी और एआई-रेडिनेस के मानकों को परिभाषित करने में भागीदार बनाया जाएगा।

---

## असम के मुख्यमंत्री पर राहुल गांधी के दिए बयान पर मंत्री विश्वास ने किया पलटवार

# राहुल गांधी खुद जमानत पर घूम रहे हैं, शर्मा से डरते हैंः मंत्री सारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंत्री विश्वास सारंग ने एक बार फिर राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोला है। असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा पर राहुल गांधी द्वारा दिए बयान पर पलटवार करते हुए



उन्होंने कहा कि राहुल गांधी, हेमंत बिस्वा शर्मा से भयभीत हैं। शर्मा और भाजपा सरकार ने असम में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं और कांग्रेस को यह रास नहीं आ रहा।

सारंग ने राहुल पर हमला जारी रखते हुए कहा कि राहुल गांधी खुद जमानत पर घूम रहे हैं। पूरा नेहरू परिवार करोड़ों रुपए खा चुका है। अपने ऐशोआराम के लिए ट्रस्ट का पैसा डकार गए हैं। जनता को भ्रमित करने के लिए राहुल गांधी ऐसे बयान देते हैं।

#### *कांग्रेस को नकल से पहले अकल की जरूरत*

*कांग्रेस द्वारा आयोजित विधायकों के प्रशिक्षण शिविर को लेकर मंत्री सारंग ने कहा कि कांग्रेस को पहले खुद प्रशिक्षित होना चाहिए। वो भाजपा की नकल करने में जुटे हैं, लेकिन खुद ही अनुशासनहीन और अप्रशिक्षित हैं। उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस अनुशासनहीनता की पराकाष्ठा है। उनके नेता सिर्फ अव्यवस्था और भ्रम फैलाने में निपुण हैं। उन्होंने कहा कि जब से नेहरू परिवार ने देश में शासन किया है, तब से भ्रष्टाचार हुआ है। जनता को गुमराह करने वाले बयानों से राहुल गांधी बाज नहीं आ रहे। बिना तथ्य और मुद्दे के बयान देना उन्हें शोभा नहीं देता।*

---

## बिस्तर पर सो रहे युवक को सांप ने डसा युवक ने डंडा मारकर सांप को मारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के जगदलपुर जिले में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक जहरीले सांप ने युवक को डस लिया। जिसके बाद गुस्से में उस युवक ने सांप के दो टुकड़े कर दिए और फिर सो गया। जब परिजन आए तो उसकी हालत देखकर डर गए।

बाद में उसने अपने परिजनों को बताया कि एक जहरीले करैत सांप ने उसे डस लिया था जिसके बाद उसने पकड़कर उसके दो टुकड़े कर दिए। दरअसल, मामला परपा थाना क्षेत्र के देउरगांव का है। यहां के रहने वाले लक्खू के परिजन खेत में काम करने के लिए गए थे। लक्खू घर में अकेला था। बताया जा रहा है कि वह दोपहर में खाना खाने के बाद सो रहा था तभी एक जहरीला सांप उसके बिस्तर में चढ़ गया और उसके पैर में डस लिया। युवक ने अपने बगल में रखी लाठी से उसे मारकर घायल कर दिया और फिर पकड़कर उसके दो टुकड़े कर दिया। पैर में कपड़ा बांधकर सो गया। परिजनों ने डायल 112 को बुलाया और उसे अस्पताल पहुंचाया। लक्खू को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है फिलहाल उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। उसका इलाज पास के ही मेकॉज में चल रहा है। सांप के दो टुकड़े करने के बाद लक्खू ने अपने पैर में कपड़ा बांध लिया और जमीन पर ही लेट गया। जब लक्खू के घर वाले खेत से लौटे तो उन्होंने देखा वह वह जमीन पर पड़ा हुआ है। उसके बाद उसे उठाकर घटना की जानकारी ली। जिसके बाद लक्खू ने बताया कि उसे एक सांप ने कांट लिया जिसके बाद उसके सांप के दो टुकड़े करके फेंक दिया। उसने सांप के दोनों टुकड़े भी परिजनों को दिखाए। अस्पताल पहुंचाया गांव में मचा हड़कंप लक्खू के सांप डसने और फिर लक्खू के दो टुकड़े करने की जानकारी जैसे ही गांव में मिली पूरे गांव में हड़कंप मच गया है।

---

## कटनी में संगठनात्मक बैठक का आयोजन

# सिंह ने उठाया ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण का मुद्दा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अपना दल (एस) मध्य प्रदेश में अपनी संगठनात्मक गतिविधियों को और मजबूत करने के लिए सक्रिय कदम उठा रहा है। राष्ट्रीय महासचिव व मप्र प्रभारी आरबी सिंह पटेल कार्यकर्ता बैठक सह सदस्यता अभियान कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सोमवार को कटनी पहुंचे, जहां कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. बी के पटेल ने की। पार्टी के मप्र प्रभारी आरबी सिंह पटेल ने कहा, हमारा लक्ष्य मप्र में संगठन को दलित, शोषित, वंचित वर्ग के लिए एक सुदृढ़ विकल्प बनाने का है। हमारा राज्य सरकार से भी अनुरोध है कि प्रदेश में ओबीसी आरक्षण को जल्द से जल्द 27% किए जाने की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता मान सिंह बिसेन, सीता शरण सिंह, श्रीकांत पटेल, संतराम पटेल, प्रतिभा पटेल, जगदीश पटेल, विजय कुमार पटेल, संतोष पटेल, शेषबहादुर सिंह पटेल, सुभाष पटेल, चैतुराम पटेल, रेखा पटेल व अन्य कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

## सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान कर किया गिरफ्तार

# सफाईकर्मी ने किया ट्रेनी डॉक्टर से रेप का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां टॉप एन टाउन होटल में एक महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म की कोशिश की गई है। यह घटना आधी रात लगभग दो बजे की है, जब होटल के सफाई कर्मी 35 वर्षीय राजा खड़िया ने होटल के रूम नंबर 122 में घुसकर वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। होटल के सफाई कर्मी राजा खड़िया को आरोपी बनाया गया है। आरोपी ने होटल की खिड़की से कूदकर डॉक्टर के कमरे में प्रवेश किया और दुष्कर्म की कोशिश की। महिला डॉक्टर ने जब विरोध किया, तो आरोपी ने चाकू से मौत के घाट उतारने की धमकी दी। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की



और होटल के सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की पहचान की। पुलिस ने होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की पहचान कर ली है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले की जांच जारी है। यह घटना कोरबा के एसपी ऑफिस के सामने स्थित होटल में हुई, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी की पहचान करने की कोशिश की और अब उससे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि सक्ति जिले से चार डॉक्टर 15 दिन की ट्रेनिंग के लिए 10 तारीख से कोरबा जिला मेडिकल कॉलेज आई थी। जहां होटल टॉप एन टाउन में रुकी थी। वहीं से उनका आना-जाना चल रहा था। दो महिला डॉक्टरों की ट्रेनिंग खत्म होने के बाद वापस चली गई। वहीं दो ट्रेनी डॉक्टर अलग-अलग कमरे में रुकी हुई थी। रूम नंबर 122 में रुकी हुई महिला डॉक्टर के साथ यह घटना सामने आई। जहां इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। पीड़ित महिला डॉक्टर 24 वर्षीय है जो इस घटना के बाद डरी सहमी हुई है। वहीं इस घटना की सूचना मिलते ही जिला स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मचारी होटल मौके पर पहुंचे और घटनाक्रम की जानकारी ली।

---

## कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में चीतल को मारा तीर, शिकारी का पता लगाने इनाम घोषित

**जगदलपुर।** बस्तर के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में किसी ने चीतल को तीर मारकर उसका शिकार किया है। 18 जुलाई की सुबह घायल अवस्था में चीतल नेशनल हाईवे 30 पर पहुंचा और सड़क के बीच ही उसकी मौत हो गई। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने इसकी जानकारी वन विभाग और राष्ट्रीय उद्यान के अफसरों को दी।

दरअसल, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के बीच में एनएच-30 जगदलपुर-सुकमा सड़क है। इसी सड़क के पेदावाड़ा चौक के पास चीतल मृत पड़ा था। इसका शिकार किसने किया है फिलहाल यह अभी स्पष्ट नहीं हैं। अफसरों ने इसका पता लगाने वाले को 10 हजार इनाम देने की घोषणा की है। जो जानकारी देगा उसकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

---

## विधानसभा सत्र की तैयारी और लंबित कार्यों की हुई समीक्षा

# मुख्य सचिव ने कहा, समयसीमा में काम पूरा करें विभाग प्रमुख

### मुख्य सचिव जैन की अध्यक्षता में हुई बैठक

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में विधानसभा के आगामी सत्र की तैयारी और लंबित कार्यों की समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में शून्यकाल, अपूर्ण उत्तर, आश्वासन, लोकलेखा समिति की सिफारिशें, विधानसभा में विभागों के प्रशासनिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने पर चर्चा की गई। मुख्य सचिव जैन ने निर्देश दिए कि सभी विभाग प्रमुख अपने काम समय-सीमा में करें। कार्य की साप्ताहिक समीक्षा भी की जाए।



### यह अधिकारी हुए बैठक में शामिल

बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, जेएन कंसोटिया, अशोक वर्णवाल, संजय शुक्ल, मनु श्रीवास्तव, रश्मि अरूण शमी, प्रमुख सचिव विवेक पोरवाल, संदीप यादव सहित विभागों के सचिव, अपर सचिव एवं उप सचिव उपस्थित थे।

#### मुख्य सचिव कांफ्रेंस की तैयारियों के निर्देश

*मुख्य सचिव जैन ने बैठक में 5वीं राष्ट्रीय मुख्य सचिव कांफ्रेंस की तैयारियों के भी निर्देश दिए। उन्होंने अतिरिक्त कोर्ट केस, राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण, मानवाधिकार आयोग, अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के प्रकरणों में राज्य शासन की ओर से समय-सीमा में जवाब प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।*

---

## फरसगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सारबेड़ा के पास की घटना

# सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंडागांव

जिले के फरसगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सारबेड़ा के पास गुरुवार की शाम एक तेज रफ्तार कार पुल से जा टकराई। इस हादसे में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं सीट बेल्ट खुल जाने की वजह से एक की जान बच गई, घटना की जानकारी लगते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए भिजवा दिया। वहीं बताया जा रहा है कि चालक को झपकी आने के दौरान यह हादसा हुआ है। हादसे में चालक भी घायल हो गया था, जिसे बेहतर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) फरसगांव में भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि फरसगांव थाना क्षेत्र के सारबेड़ा के पास गुरुवार की शाम को तीन लोग, जिसमें दो महिलाएं व एक युवक रायपुर से कोंडागांव के लिए आ रहे थे। रास्ते में कार चालक को अचानक से झपकी आ गई और गाड़ी पुल से जा टकराई, इस हादसे में दोनों महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में कोंडागांव के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष जैनेंद्र ठाकुर की पत्नी और शर्मिला सरकार शामिल हैं, जो नगर पालिका परिषद कोंडागांव की कर्मचारी थीं। कार के पुल से टकराते ही दोनों महिलाओं की मौत हो गई।

## जिला अदालत ने जुर्माना भी लगाया

# शादी से मना करने पर नर्स को गोली मारने वाले डॉक्टर को आजीवन कारावास

**शादी से मना करने पर नर्स को गोली मारने वाले डॉक्टर को जिला अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एससी, एसटी एक्ट के विशेष न्यायाधीश गिरीश दीक्षित की कोर्ट ने आरोपी डॉक्टर संदीप सोनी पर भादवि की धारा 307 का अपराध सिद्ध पाया। कोर्ट ने आरोपी पर 6 हजार रु अर्थदण्ड भी लगाया।**

जबलपुर।

2024 में रसल चौक में दिनदहाड़े यह सनसनीखेज वारदात हुई थी। अभियोजन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पीड़िता माधुरी चौधरी जबलपुर अस्पताल में नर्स की नौकरी करती थी। 07 फरवरी 2024 को ड्यूटी के बाद सुबह करीब 09 बजे वह अस्पताल से पैदल अपने घर जा रही थी। तभी होटल समदड़िया इन के सामने डॉक्टर संदीप सोनी ने उसे गोली मार दी थी, जो उसकी बायी पसली में लगी। रिपोर्ट पर थाना ओमती में धारा 307 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान पीड़ति ने बताया कि श्रीराम अस्पताल कटनी में आरोपी संदीप सोनी डाक्टर था और वह भी नर्स थी। उन दोनों में मित्रता हो गई । पीडिता के पिता के बीमार होने पर आरोपी ने उसकी आर्थिक मदद की थी। जब पीडिता ने पैसे वापस करने चाहे तो आरोपी ने मना कर दिया। कहा कि वह उसे पसंद करता है और उससे शादी करना चाहता है। तब पीडिता ने उसे मना कर दिया और कहा कि वह अपनी जाति में शादी करेगी। इस परडॉ संदीप नाराज हो गया और उसे परेशान करने लगा। इस पर वह कटनी की नौकरी छोडकर जबलपुर अस्पताल में नौकरी करने लगी तो आरोपी भी जबलपुर शुभसागर अस्पताल में आ गया। उसे बार बार फोन करने के लिए दबाब बनाने लगा। घटना से एक दिन पहले उसे जान से मारने की धमकी दी। पीडिता ने फिर भी उसकी बात नहीं मानी तो आरोपी ने उसे गोली मार दी। कोर्ट को बताया गया कि पीड़िता के के शरीर के नीचे का हिस्सा काम नहीं कर रहा है। उसकी बडी आंत को आपरेशन करके बाहर निकाला गया। गोली रीढ़ की हड्डी में फसी हुई है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देकर सजा सुनाई।

## यूरो प्रतीक इस्पात कंपनी को हड़पने की साजिश रचने के मामले में जांच करेगी कटनी पुलिस

### सुप्रीम कोर्ट ने सीआईडी से जांच वापस लेने के निर्देश

कटनी स्थित यूरो प्रतीक इस्पात कंपनी को हड़पने की साजिश रचने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सीआईडी से हटा कर जांच कटनी पुलिस को सौंपने के निर्देश दिए। जस्टिस दीपांकर दत्ता व जस्टिस आगस्टाइन जॉर्ज मसीह की खंडपीठ ने सीआईडी को कहा कि जांच में एकत्र साक्ष्य व अन्य सामग्री जांच अधिकारी को सौंपें।

दरअसल, कंपनी के डायरेक्टर सुरेन्द्र सिंह सलूजा की ओर से शीर्ष अदालत में विशेष अनुमति याचिका दायर की गई थी। सलूजा ने आरोप लगाया था कि कंपनी के अन्य निदेशक हिमांशु श्रीवास्तव, सन्मति जैन, सुनील अग्रवाल और सेक्रेटरी लाची मित्तल ने कटनी विधायक संजय पाठक के पूर्व कर्मचारी महेन्द्र गोयनका के साथ षड्यंत्र कर कंपनी पर कब्जा करने की साजिश रची। इतना ही नहीं सलूजा और हरनीत सिंह लाम्बा के फर्जी हस्ताक्षर कर इस्तीफा दर्शाते हुए डायरेक्टर पद से हटा दिया गया। इसकी शिकायत कटनी में दर्ज कराई गई थी। अनावेदक निदेशकों ने गिरफ्तारी से बचने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट की एकलपीठ ने 22 अप्रैल को माना था कि जबलपुर आईजी के पत्र की वजह से गिरफ्तारी नहीं हो रही, जबकि तीनों की अग्रिम जमानत याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट तक से खारिज हो चुकी हैं। इसके बाद आरोपियों की ओर से रिट अपील और पुनर्विचार याचिकाएं दायर की गईं, जो खारिज हो चुकी हैं। इसके बाद 13 मई को हाईकोर्ट की युगलपीठ डीजीपी को जांच एजेंसी तय करने कहा था। इसी आदेश और गिरफ्तारी में देरी को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में सलूजा ने याचिका दाखिल की। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पीएस पटवालिया ने पक्ष रखा। सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट कर दिया कि अब मामले की निष्पक्ष जांच कटनी पुलिस पूर्व से ही निर्धारित जांच अधिकारी द्वारा की जाएगी।



## रीवा से "दक्षिण दर्शन यात्रा" के लिए 21 अगस्त को रवाना होगी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। जो दिनांक 21.08.2025 को रीवा से "दो ज्योतिर्लिंग के साथ दक्षिण दर्शन यात्रा" के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन मध्यप्रदेश के रीवा, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, बैतूल, नागपुर एवं सेवाग्राम स्टेशनों से होते हुए जाएगी, जहाँ से यात्री इस ट्रेन पर सवार हो सकेंगे। 10 रातें/11 दिनों की इस यात्रा में तिरुपति, रामेश्वरम, मदुरई, कन्याकुमारी एवं मल्लिकार्जुन के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा। इस भारत गौरव ट्रेन के विशेष एलएचबी रैक में आरामदायक रेल यात्रा, ऑन-बोर्ड और ऑफ-बोर्ड भोजन, सड़क परिवहन और गुणवत्तायुक्त बसों में दर्शनीय स्थलों की यात्रा, यात्रा कार्यक्रम के अनुसार आवास की व्यवस्था, यात्रा में टूर एस्कॉर्ट्स, यात्रा बीमा, ऑन-बोर्ड सुरक्षा और हाउसकीपिंग की सेवा शामिल है। इच्छुक पर्यटक इसकी बुकिंग आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctctourism.com पर ऑनलाइन व अधिकृत एजेंट से भी करा सकते हैं। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी व बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी के भोपाल, जबलपुर एवं इंदौर रेल्वे स्टेशन कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# देश के मानचित्र पर आया जबलपुर का नाम : महापौर



**स्वच्छता में ओव्हर ऑल जबलपुर को मिला 5वॉं स्थान**

जबलपुर।

देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता 2024 में नगर निगम जबलपुर को एक बड़ी और ऐतिहासिक सफलता मिली, जिसके कारण देश के मानचित्र पर जबलपुर का नाम गौरवांवित हो रहा है। इस संबंध में महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव एवं स्वच्छता सेल के संभव अयाची ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2024 के प्रतियोगिता में भारत सरकार द्वारा दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित स्वच्छता सम्मान समारोह में नगर निगम जबलपुर को ओव्हर ऑल जनसंख्या की कैटेगरी में जिसमें 50 हजार से लेकर 10 लाख से अधिक की जनसंख्या वाले शहरों में एक मात्र जबलपुर शहर का चयन हुआ, जिसमें सभी संख्या की कैटेगरी में 5वॉं स्थान प्राप्त कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। इसी प्रकार उन्होंने बताया कि पॉंचवीं रैंक प्राप्त करने के साथ-साथ जबलपुर ने 7 स्टार, वॉटर प्लस, फ्री गार्बेज सिटी का दर्जा भी प्राप्त कर पुरस्कृत हुआ है। आज दिनांक 18 जुलाई 2025 को दिल्ली से पुरस्कार लेकर जबलपुर नगर पहुँचे, महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव, स्वच्छता सेल के नोडल अधिकारी उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, तत्कालीन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा आदि का ढोल, नगाड़े, बैंड बाजे और पुष्पवर्षा के साथ हुआ भव्य एवं जोरदार स्वागत हुआ।

## 14 अगस्त को निकलेगी सनातन तिरंगा यात्रा

**हरिभूमि, जबलपुर।** भगवान श्री कृष्ण के पावन प्राकट्योत्सव पर श्री जन्माष्टमी महोत्सव पर श्री सनातन धर्म महासभा द्वारा निकाली जा रही परंपरागत शजन्माष्टमी शोभायात्रा के अवसर पर, इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर श्री नरसिंह मंदिर से एक विशाल सनातन तिरंगा यात्रा वाहन रैली निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण करते हुए वापस नरसिंह मंदिर में समाप्त होगी।उक्त निर्णय आज श्री नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज में श्री सनातन धर्म महासभा की युवा विंग की बैठक श्रीमद् जगतगुरु नरसिंहदेवाचार्य जी महाराज के सानिध्य, महासभा के अध्यक्ष श्याम साहनी की उपस्थिति में युवा विंग के संयोजक अंशुल मलिक की अध्यक्षता में संपन्न हुई और इस बैठक में विभिन्न मंदिरों व समाजों के नवयुवक उपस्थित हुए।युवा विंग के जतिन नारंग,मनीष पोपली,आशीष खुराना, अतुल जैसवानी, साजन आहूजा, दीपक वर्मा, ऋषि मनचंदा, आशीष कपूर, मयंक अरोरा, अजय बग्गा, हिमांशु जग्गी, रोमिल आहूजा, शैलेन्द्र खुराना, अंकुर माहेश्वरी ,दीपांशु दुबे, अमित केशवानी, भवानी अग्रवाल, इशित दुबे की उपस्थिति रही। इस अवसर पर महासभा के संयोजक प्रवेश खेड़ा, शरद काबरा,विष्णु पटेल, के के बस्सी,संजय पटेल आदि की उपस्थिति रही।



# निर्धारित समय से 1 माह पूर्व जलपरी लबालब

जबलपुर।

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के रामपुर परिसर स्थित 19936 वर्ग मीटर की जलपरी झील इस बार मानसून सीजन में अपने निर्धारित समय से पूर्व पानी से लबालब भर गई। आमतौर पर जलपरी में यह स्थिति अगस्त के अंतिम सप्ताह तक आती है लेकिन इस बार अच्छी बरसात के कारण एक माह पूर्व ही यह भर गई। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के सिविल परियोजना विभाग के विशेष प्रयास के कारण इस बार गर्मी के जून माह तक जलपरी में जल का स्तर बना रहा। जलपरी शहर की उन चुनिंदा स्थानों में से एक है जहां लोग सुबह.शाम सैर करने आते हैं।

### क्या था सिविल परियोजना का प्रयास

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत कंपनी के सिविल परियोजना विभाग को जलपरी के जल स्तर को बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी। सिविल परियोजना विभाग के अभियंताओं ने जलपरी के सामने सड़क की दाएं ओर ढलान में विद्युत मण्डल के एक पुराने बंद कुएं को रिचार्ज कर इसे दुरस्त किया। रिचार्ज कुआं से जलपरी तक सड़क के नीचे से लगभग चार इंच का पाइप निकाल कर जल प्रदाय की व्यवस्था की गई। कुएं में पांच एचपी का पम्प लगाकर पानी को पम्प करके जलपरी में अप्रैल से जून माह तक प्रतिदिन चार घंटे जल सप्लाई की गई। इस छोटे से प्रयास से जलपरी में एक स्तर तक जल रहने से पर्यावरण संतुलन बना रहा। गर्मी में जलपरी में प्रवासी पक्षी तैरते रहे और मछलियां जीवित रहीं।

### 1960 में जलपरी हुई थी स्थापित

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन ने जानकारी दी कि जब जबलपुर में वर्ष 1960 में विद्युत मण्डल मुख्यालय स्थापित होने की प्रक्रिया में कार्यालय व आवासीय भवनों का निर्माण हो रहा था, उस समय प्राकृतिक झील के ऊपर आवागमन हेतु एक ब्रिज बनाकर इस क्षेत्र को विकसित किया गया। झील में एक जलपरी की मूर्ति स्थापित की गई। कालांतर में यह पूरा क्षेत्र शहर का एक दर्शनीय व रमणीय स्थल बन गया। पिछली सदी के आठवें दशक के अंत में जलपरी झील के पास के क्षेत्र में देश का विलक्षण व अद्भुत वास्तुकला वाला शक्तिभवन का निर्माण हुआ।

### ठाकुरताल का कैचमेंट जलपरी

जलपरी का मेंटेनेंस करने वाले पावर मैनेजमेंट कंपनी के सिविल डिवीजन एक के कार्यपालन अभियंता धर्मेन्द्र वर्मा ने बताया कि पहाड़ पर स्थित ठाकुरताल में जब बरसात का पानी ओवरफ्लो होता है तो वह ऊपर से बहकर जलपरी झील में एकत्रित हो जाता है। इसके अलावा आसपास के ऊंचे स्थान से भी पानी बहकर जलपरी में एकत्रित होता है। शक्तिभवन से जलपरी तक सड़क को ऐसा डिजाइन किया गया है, बरसात का पानी भी सड़क से बहकर जलपरी में एकत्रित हो जाता है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत हेतु की व्यापक तैयारियां

# नए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल का आगमन आज

जबलपुर।

भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल का आज शनिवार 19 जुलाई को जबलपुर प्रथम नगर आगमन हो रहा है। श्री खंडेलवाल सड़क मार्ग से दोपहर 2 बजे के लगभग अन्धमूक बायपास पहुंचेगे, यहां जबलपुर भाजपा द्वारा उनका स्वागत सत्कार कर भव्य अगवानी की जाएगी। भारतीय जनता पार्टी जबलपुर द्वारा उनके स्वागत की व्यापक तैयारियां की गई हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की आगवानी अन्धमूक बायपास पर की जाएगी, इसके उपरान्त धनवंतरी नगर चौराहे से होकर प्रदेश अध्यक्ष का काफिला पिसनहारी की मढिया पहुंचेगा जहां से प्रदेश अध्यक्ष सभी जनप्रतिनिधियों के साथ रथ में सवार होकर भव्य शोभायात्रा के साथ त्रिपुरी चौक, सूपाताल, शारदा चौक, एलआईसी, मदनमहल चौक, नागपाल गार्डन, आध शंकराचार्य चौक छोटी लाइन फाटक से शास्त्री ब्रिज, तीन पत्ती चौक होते हुए मानस भवन पहुंचेंगे जहां प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।



श्री सोनकर ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल प्रदेश अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित होने के बाद जबलपुर में प्रथम आगमन होगा, प्रदेश अध्यक्ष के भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ द्वारा किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के आगमन पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, अभिलाष पांडे, नीरज सिंह, संतोष बरकड़े, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, प्रदेश मंत्री नंदनी मरावी, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज बिज एवं समस्त भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से स्वागत एवं उपस्थिति की अपील की है ।



## नि:शुल्क रुद्राभिषेक चतुर्थ वर्ष के 9वे दिन गढ़ाफाटक में किया अभिषेक

**हरिभूमि, जबलपुर।** जबलपुर नर्मदा चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल के द्वारा निशुल्क रुद्राभिषेक एक माह सावन माह में निशुल्क मंदिरों में घरों में किया जा रहा है 19 जुलाई को गढ़ाफाटक शंकर घी भंडार के सामने सुषमाशंकर पटेल के सानिध्य में सुबह 7:30 से 9:30 तक रुद्राभिषेक के साथ भगवननाम संकीर्तन किया जाएगा रुद्राभिषेचार्य पं मोहित तिवारी मंत्रों से विधि विधान से किया जाएगा सह संकीतनाचार्य सुरेश विश्वकर्मा के द्वारा विशेष संकीर्तन किया जाएगा। उपस्थिति की अपील अध्यक्ष विनोद दीवान संयोजक श्याम मनोहर पटेल सचिव मनोज गुलाबबनी सह संकीर्तनाचार्य सुरेश विश्वकर्मा पार्षद गुड्डा चौबे छन्नूराम पटेल कंछेदी पटेल गुरु पटेल दीपक तिवारी चंद्र कुमार पटेल मनोहर विश्वकर्मा अशोक विश्वकर्मा,नरेश गुजराती,नितिन चौबे पं रोहित दुबे, सुखचैन विश्वकर्मा, गणेश विश्वकर्मा, जमुना प्रसाद विश्वकर्मा, दिलीप दुबे आदि ने की है।

### 10 लाख से अधिक उपभोक्ताओं के बिल हो रहे स्मार्ट मीटर से तैयार

# पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने की स्मार्ट मीटरिंग प्रणाली में ऐतिहासिक पहल

हरिभूमि, जबलपुर।

**उपभोक्ताओं को आधुनिक, पारदर्शी और सुविधा जनक बिजली बिलिंग प्रणाली प्रदान करने की दिशा में पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पूर्व क्षेत्र कंपनी द्वारा अब तक 10 लाख 32 हजार उपभोक्ताओं के बिजली बिल स्मार्ट मीटर के माध्यम से तैयार किए जा रहे हैं। कंपनी का लक्ष्य है कि जून 2026 तक कुल 22 लाख 14 हजार उपभोक्ताओं के कनेक्शन में स्मार्ट मीटर स्थापित कर दिए जाएं।**



स्मार्ट मीटरिंग के माध्यम से मीटर रीडिंग सीधे वायरलेस नेटवर्क के जरिए विद्युत विभाग तक पहुंच रही है, जिससे उपभोक्ताओं को बिलिंग में पारदर्शिता और बिजली खपत की सटीक जानकारी मिल रही है। यदि किसी उपभोक्ता की बिजली आपूर्ति बाधित होती है, तो इसकी सूचना तुरंत विभाग को प्राप्त होती है और न्यूनतम समय में सुधार कार्य संभव हो पाता है।स्मार्ट मीटर से जुड़े उपभोक्ता हर 15 मिनट में रीडिंग देख सकते हैं, यानी एक दिन में कुल 96 बार अपनी खपत को मोबाइल ऐप पर मॉनिटर कर सकते हैं, जिससे उन्हें अपनी ऊर्जा खपत को नियंत्रित करने में सुविधा मिल रही है । वहीं, पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा जुलाई 2025 से कुछ सरकारी कनेक्शनों एवं चुनिंदा उपभोक्ताओं के लिए प्रीपेड बिलिंग की शुरुआत कर दी गई है। राज्य की अन्य दो वितरण कंपनियाँ भी शीघ्र ही इस प्रणाली को लागू करेंगी।देश में बिहार को छोड़कर किसी भी राज्य में बड़े पैमाने पर प्रीपेड बिलिंग की शुरुआत नहीं हुई है। ऐसे में मध्यप्रदेश अग्रणी बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। पोस्टपेड से प्रीपेड में परिवर्तित होने पर उपभोक्ताओं को स्वागत SMS भेजे जा रहे हैं और उन्हें "स्मार्ट बिजली मोबाइल ऐप" के माध्यम से उनकी दैनिक खपत और बैलेंस राशि की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।उपभोक्ता ऐप के माध्यम से अपनी बिजली खपत का नियंत्रण रख सकते हैं।

कंपनी द्वारा 31 जुलाई 2025 तक 21998 शासकीय कार्यालय के विद्युत कनेक्शनों पर स्मार्ट मीटर लगाये जाने का लक्ष्य रखा गया है । लक्ष्य के विरूद्ध लगभग 10000 स्मार्ट मीटर अभी तक लगाये जा चुके हैं । साथ ही मध्यप्रदेश शासन द्वारा अगस्त 2025 तक सभी शासकीय कार्यालय भवनों में बिजली कनेक्शनों को प्रीपेड मोड में परिवर्तित करने का आदेश भी जारी किया गया है । प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को 25 पैसे प्रति यूनिट की दर से टैरिफ में छूट का लाभ भी दिया जायेगा तथा सोलर आवर्स (सुबह 9 बजे से सांय 5 बजे तक) में एनर्जी चार्ज पर 10 किलोवाट तक के कनेक्शनधारियों को 20 प्रतिशित की रीबेट भी मिलेगी । पूर्व क्षेत्र कंपनी की यह पहल न केवल डिजिटल ऊर्जा संरक्षण और बिलिंग पारदर्शिता में भी एक नई क्रांति ला रही है ।

## दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में आयोजन, हजारों श्रद्धालुओं ने किया शिवलिंग निर्माण

# शोभायात्रा के साथ ही पार्थिव शिवलिंग निर्माण, महारुद्राभिषेक यज्ञ प्रारम्भ



**सिहोरा।** श्रावण मास के पावन अवसर पर जय मातेश्वरी भक्त परिवार द्वारा ग्रहस्थ संत पंडित तरुण चौबे महाराज के सानिध्य में रांझी के इंजीनियरिंग कॉलेज छात्रावास में आयोजित पार्थिव शिवलिंग निर्माण महारुद्राभिषेक यज्ञ का दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा के साथ ही शुभारंभ हो गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए तथा ढोल-नगाड़ों के साथ निकली यह यात्रा धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक एकता का अद्भुत उदाहरण बनी।

### हजारों भक्तों ने किया शिवलिंग निर्माण

यज्ञ के प्रथम दिवस पर हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से शिवलिंग निर्माण कर अपने श्रद्धा भाव का परिचय दिया। इसके पश्चात वेद ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ रुद्रपाठ और रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया।

### छह दिवसीय आयोजन में बहेगी भक्ति की गंगा

छह दिवसीय आयोजन में प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों,हवन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आज अशोक रोहाणी विधायक कैंट, श्रीमती संध्या दिलीप दुबे अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सिहोरा, पंकज दुबे जिला महामंत्री, शैलेंद्र दुबे जिला अध्यक्ष मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया।



# नगर परिषद एवं हार्ट फुलनेस ग्रुप ने किया पौधारोपण

**भेड़ाघाट।** नगर परिषद भेड़ाघाट द्वारा शुक्रवार को वृद्ध वृक्षारोपण किया गया जिसमें पीपल, जामुन, आम एवं अनेक प्रकार के पौधे लगाए गए। जिसमें हार्टफुलनेस ग्रुप नगर परिषद भेड़ाघाट के सहयोग से वृहद वृक्षारोपण किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से नगरी प्रशासन एवं विकास विभाग से संभागीय अधिकारी परमेश जलोटे, अध्यक्ष नगर परिषद भेड़ाघाट, चतुर सिंह लोधी, सीएमओ नगर परिषद भेड़ाघाट विक्रम झरिया, पार्षद महेश तिवारी, उज्जैन प्रभारी लक्ष्मी नारायण दुबे, संतोष पुरी, अंशुल सेन, प्रताप एवं सभी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# रोड डिवाडरों पर किया पौधारोपण




**बरेला।** अमृत हरित अभियान के अंतर्गत नगर के मुख्य मार्ग के डिवाइडरों पर नगर को सजाने एवं हरा भरा बनाने के उद्देश्य से पौधारोपण किया गया। पनागर विधायक सुशील तिवारी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे ,पूर्व उपाध्यक्ष सोनू सोनकर, मंडल अध्यक्ष अर्पित जैन, पार्षद गण ममता बर्मन, दीपक सोनकर, राजकुमार गोटिया, पूर्व पार्षद चंदन सिंह पटेल, कृष्ण बर्मन, मुनि विश्वकर्मा, अतीक बर्मन, शेरा जैन, आशुतोष पटेल, मैसी विश्वकर्मा, प्रवेश पटेल,राहुल बारी,मनोज यादव,मिथलेश तिवारी,नगर के गणमान्य नागरिक डॉ विवेक जैन अनिल जैन डी.एन. स्कूल के धर्मेंद्र कुशवाहा,मयंक साहू,उदयराम साहू, अजय चौकसे, आनंद सोनी, अशोक उपाध्याय,मयंक विश्वकर्मा,तनय, निकाय के अधिकारी कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# आयुष विभाग ने किया प्रशिक्षण का आयोजन



**सिहोरा।** गत दिवस देवारण्य योजना के अंतर्गत किसानों एवं स्वास्थ्य सहायता समूह की महिलाओं के लिए विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण जनपद पंचायत में जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर सुरत्न। सिंह चौहान के निर्देशन पर किया गया जिसका संचालन डॉक्टर कृष्ण कुमार चौधरी द्वारा किया गया जिसमें एक जिला एक उत्पाद अंतर्गत शतावरी का प्रचार प्रसार खेती भंडारण विक्रय आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई प्रशिक्षण में उपस्थित डॉक्टर ज्योति त्रिपाठी ने शतावरी के विभिन्न बीमारियों में उपयोग तथा औषधि महत्व के बारे में प्रकाश डाला। प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा जनजाति क्षेत्र में रोजगार पैदा करने और औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने हेतु देवारण्य योजना का प्रचार प्रसार किया जा रहा है समापन पर विभाग द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। आयोजन में डॉ दीप मलिक धुर्वे, अजय सिंह चौहान, प्रेम कुमार तिवारी, राधा पटेल, किशोरी लाल, राजेश टैगोर, गोपाल चौधरी, ओम मरावी आदि उपस्थित रहे।

## सामुदायिक सहभागिता से होगा पौधारोपण का कार्यक्रम

**सिहोरा।** जन अभियान परिषद विकासखण्ड सिहोरा के द्वारा आज नवांकुर संस्थाओ, परामर्शदाताओं की विकासखण्ड स्तरीय बैठक का आयोजन धनश्याम रायपुरिया जिला समन्वयक, भारत महरोलिया प्रभारी विकासखण्ड समन्वयक की उपस्थिति में आयोजित की गई जिसमें परिषद की आगामी कार्ययोजना सेक्टर स्तर में नवांकुर सखी योजना के पंजीयन,प्रस्फुटन समितियो के पुनर्गठन,सेक्टर स्तरीये नवांकुर नर्सरी का निर्माण,एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत पौधारोपण कार्य,मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्क्रम के छात्र छात्राओ के नवीन प्रवेश पंजीयन प्रगति पर कार्य बैठक का आयोजन व स्थानीय नवांकुर संस्था स्व.सेवा संयोजन समिति द्वारा स्थापित नर्सरी का अवलोकन किया गया है बैठक में सभी संस्थाओ के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## दिव्यांग बच्चों को 69 उपकरण वितरित





**मझौली।** जनपद शिक्षा केंद्र मझौली कार्यालय में दिव्यांग बच्चों के लिए एक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे से शुरू हुए इस शिविर में 49 बच्चों को उनकी दिव्यांगता के अनुरूप कुल 69 उपकरण प्रदान किए गए। कार्यक्रम में एपीसी तरुण आज दुबे ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि बीआरसी बृज किशोर गर्ग ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। यह उपकरण एलिम्को टीम जबलपुर के सहयोग से उन बच्चों को वितरित किए गए, जिन्हें पूर्व में मूल्यांकन शिविर में चिन्हित किया गया था। वितरित किए गए उपकरणों में ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, हियरिंग एड, सीपी चेयर, कैलीपर्स, स्मार्ट केन और टीएलएम किट शामिल थे, जो बच्चों की विशेष आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक होंगे। इस महत्वपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में एमआरसी वेंकट सिंह, रोशन लाल झरिया, बीएसी पुष्पराज पटेल, सीएसी राकेश कनौजिया और बृजेश यादव सहित सहयोगी टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस पहल से दिव्यांग बच्चों को दैनिक जीवन में सुविधा मिलेगी और उनकी शिक्षा एवं समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा।

## ट्रांसको ने 3 साल में 892 लोगों को नोटिस जारी किया

# ट्रांसमिशन लाइनों के नीचे बने मकान गंभीर खतरे में

**जबलपुर।** शहर की नई कॉलोनियों सहित कई इलाकों में सैकड़ों मकान एक्स्ट्रा हाईटेंशन ट्रांसमिशन लाइनों के प्रतिबंधित दायरे में बन गयें हैं। यह निर्माण वर्षों पहले स्थापित ट्रांसमिशन लाईनों के समीप किए गए हैं जो न केवल गैरकानूनी हैं, बल्कि जानलेवा भी साबित हो सकते हैं। एम.पी. ट्रांसको ने पिछले तीन वर्षों में ऐसे निर्माणों पर 892 नोटिस जारी किए हैं। एम.पी. ट्रांसको द्वारा अपने स्तर पर तो कई प्रयास किए जाते हैं, साथ ही जिला प्रशासन की मदद से भी अभियान चलाया जाता है । वर्षों पहले स्थापित हुई इन एक्स्ट्रा हाईटेंशन ट्रांसमिशन लाइनों के नीचे बसे रहवासी मकान न केवल विद्युत सुरक्षा नियमों का उल्लंघन हैं, बल्कि यह जनजीवन को गंभीर खतरे में डाल रहे हैं।

### जागरूकता अभियान जारी

एम.पी. ट्रांसको इंदौर की कार्यपालन अभियंता श्रीमती नम्रता जैन ने बताया कि इंदौर के ऐसे सभी क्षेत्र जहां पहले से ही ट्रांसमिशन लाइनें क्रियाशील है, फिर भी विद्युत सुरक्षा मापदंड़ों को नजर अंदाज कर उनके समीप अनाधिकृत निर्माण कर लिये गये है, उन क्षेत्रों में ट्रांसमिशन लाइनों से दुर्घटना एवं जनहानि होने की आंशका के मद्देनजर वहां पर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा सुरक्षा नियमों की जानकारी घर-घर चस्पा की जा रही है, साथ ही कर्मचारी लाइनों से सुरक्षित दूरी बनाये रखने हेतु पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम से अनाउसमेंट भी कर रहे है। साथ ही जागरूकता एवं जनसुरक्षा के लिये ट्रांसमिशन लाइनों के संपर्क में आने से संभावित खतरों से सचेत भी कराया जा रहा है।

### क्यों जरूरी है 27 मीटर का कॉरिडोर

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के अनुसार, 132 केवी या इससे अधिक वोल्टेज की ट्रांसमिशन लाइन के नीचे कम से कम 27 मीटर की सुरक्षित दूरी आवश्यक है, ताकि हवा में झूलते तारों से संपर्क न हो और दुर्घटना टाली जा सके।

### ट्रांसमिशन लाइनों से जान का खतरा

आम घरों में उपयोग होने वाली विद्युत आपूर्ति की तीव्रता मात्र 230 वोल्ट होती है। यह स्तर भी इतना अधिक होता है कि यदि कोई व्यक्ति गलती से इसके संपर्क में आ जाए तो गंभीर रूप से घायल हो सकता है या उसकी जान भी जा सकती है। लेकिन इससे भी कहीं अधिक खतरनाक होती हैं।

### *प्रदेश में 1 हजार करोड़ के धान घोटाले का आरोप*

**जबलपुर।** जबलपुर तथा प्रदेश के अन्य जिलों में इस घोटाले के संबंध में दायर एफआईआर तथा जांच के मामलों को सीबीआई को ट्रांसफर किए जाए। इस मांग को लेकर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ पीजी नाजपांडे ने मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव गृह मंत्रालय तथा डीजीपी मप्र को नोटिस भेजकर मांग की है कि मामलें की गंभीरता को देखते हुए सीबीआई द्वारा जांच के संबंध में जल्द से जल्द निर्णय लिया जाए, तथा तदानुसार कार्रवाई शुरु की जाए। नोटिस में बताया कि अकेले जबलपुर जिले में ही कलेक्टर जबलपुर द्वारा धान मिलिंग के संबंध की गई जांच में 43.03 करोड़ का घोटाला सामने आया है। पूरे मध्यप्रदेश में हर जिले में क्रमशः यही स्थिति बनी हुई है। अनुमानतः यह प्रतीत होता है कि पूरे मध्यप्रदेश में लगभग 1 हजार करोड़ का घोटाला इस संबंध में हुआ है। इस घोटाले के तार महाराष्ट्र तथा छत्तीसगढ़ तक पहुंच गए हैं। यह घोटाला अंतर्राजीय स्तर का होने की आशंका को देखते हुए इस पूरे मामलें की जांच सीबीआई द्वारा होना जरुरी है। नोटिस में बताया कि राज्य सभा सदस्य एड.विवेक तंखा द्वारा भी इस पूरे मामलें की उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की गई है। जिसे संज्ञान में लिया जाए। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डीआर लखेरा, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, एड.बृजेश साहू ने बताया कि यदि शासन जल्द से जल्द निर्णय नहीं लेगा तो मजबूरन हाईकोर्ट में याचिका दायर की जाएगी।

## मिनी ट्रक की टक्कर से 2 बाईकों में सवार 4 घायल

**जबलपुर।** बरेला थाना अतंर्गत ग्राम पुरवा के आगे पुलिया के पास एक मिनी ट्रक ने दो बाईक में टक्कर मार दी, जिसमें सवार चार युवक घायल हो गए, घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बरेला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार तिलहरी गोराबाजार निवासी 27 वर्षीय मयंक जैन गत दिवस अपने दोस्त सरजू चक्रवर्ती, कनई आदिवासी, भानसिंह आदिवासी, टीकाराम रैकवार और धर्मदास चक्रवर्ती जन्मदिन की पार्टी में निवास (मण्डला) गये थे वहां से रात्रि लगभग साढ़े 12 बजे मोटर सायकिल और स्कूटी से अपने घर वापस लौट रहे थे, जैसे ही ग्राम पुरवा के आगे पुलिया के पास पहुंचे तभी पीछे से एक मिनी ट्रक नम्बर एमपी 20 जीए 9666 के चालक ने उसकी स्कूटी को ओव्हरटेक करते हुए उसके आगे जा रहे कनई और सरजू की मोटर सायकिल में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से चारों लोग बाईक सहित रोड पर गिर गए और चारों घायल हो गए। वहीं ट्रक का चालक भी आया और मयंक एवं चाचा धर्मदास और ट्रक के चालक के साथ मिलकर सभी घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## शराब पीने के लिये रूपये नहीं देने पर ताले से किया हमला

**जबलपुर।** कोतवाली थाना अतंर्गत पंजाब बैंक कालोनी लक्ष्मी किराना के सामने शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने पर एक बदमाश ने एक युवक के साथ मारपीट कर ताला से हमला कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोठारी मेडीकल के सामने दमोहनाका रोड निवासी 47 वर्षीय श्रीचंद गुप्ता अपने पंजाब बैंक कालोनी लक्ष्मी किराना के सामने चेरीताल स्थित आफिस के बाहर मेन रोड पर रज्जित चौधरी उसे आवाज देकर बुलाया और उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा, मना करने पर रज्जित चौधरी ने गाली गलौज करते हुये मारपीट कर ताला से हमलाकर सिर पर हमला कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 118(1), 119(1), 351(2),बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।


## गुंडा टैक्स वसूलने चाकू से किया जानलेवा हमला

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत संचारनगर में एक बदमाश ने गुंडा टैक्स वसूलने युवक के साथ मारपीट कर उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार संचारनगर माढ़ोताल निवासी 43 वर्षीय गौरव वाजपेयी गत रात लगभग 8 बजे अपने घर की दुकान में पत्नी नेन्सी वाजपेयी के साथ बैठा था तभी काले रंग की चार पहिया एवं एक मोटर सायकल में चार लोग आये जिसमें सांई कालोनी निवासी आयुष खरे ने उसे बुलाया और घर के सामने फुटपाथ पर ले जाकर उससे 20 हजार रूपये अवैध रूप से मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो चारों उसके साथ गाली गलौज करते हुये जान से मारने की नियत से चाकू से हमलाकर दोनों जांघ, सिर में चोटें पहुंचा दी तथा जान से मारने की धमकी दी। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 109, 118(1), 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## 514 ग्राम गांजा जब्त

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत सदाबहार होटल के सामने मेन रोड पनागर में भ्रमण के दौरान गांजा बेच रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 514 ग्राम गांजा और नगद 500 रुपए जब्त किया है। जब्त किए गांजे की कीमत लगभग 10 हजार रुपए बताई गई है। पनागर थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार ने बताया कि गत दिवस सदाबहार होटल के सामने मेन रोड पनागर में पुलिस भ्रमण के दौरान गांजा बेच रहे गुरुनानक वार्ड मेन रोड पनागर निवासी 70 वर्षीय नरेश कुमार जैन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 113 पुड़ियों में रखा 514 ग्राम गांजा जब्त की है। गांजा के संबंध में पूछताछ करने पर ग्राम सिंगलदीप पनागर निवासी विनीत पटैल के द्वारा बेचने के लिये देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 8, 20, एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है। आरोपी बिनीत पटैल फरार है।



**श्री ओमप्रकाश तिवारी-** मिलेनियम स्कूल दुर्गा मंदिर निवासी श्री ओमप्रकाश तिवारी का निधन हो गया है। श्री तिवारी विक्की तिवारी एवं चिन तिवारी के पिता थे। अंतिम यात्रा आज सुबह 9 बजे उनके निज निवास मिलेनियम स्कूल दुर्गा मंदिर से ग्वारीघाट के लिए प्रस्थान करेगी।

**श्री कैलाश चंद्र गुप्ता-** सैनिक सोसायटी शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री कैलाश चंद्र गुप्ता (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मंगल प्रसाद बंजारा-** डीडी कॉलोनी मानेगांव रांझी निवासी श्री मंगल प्रसाद बंजारा (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अंगद प्रसाद समुंद्रे-** प्रेमसागर राधाकृष्णन वार्ड निवासी रेलवे से सेवानिवृत्त श्री अंगद प्रसाद समुंद्रे (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बबली चौधरी-** कांचघर झंडा चौक दुर्गा मंदिर के सामने निवासी श्री बबली चौधरी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सरजू प्रसाद साहू-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री सरजू प्रसाद साहू (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मनोज कठेरिया-** नई बस्ती रांझी सर्रापीपल निवासी श्री मनोज कठेरिया (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।




**श्रीमती कमला बाई वाल्मीक-** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री लालमन वाल्मीक की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई वाल्मीक (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सावित्री बाई पटेल-** रांझी भगत सिंह वार्ड निवासी श्री रामनिधी पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री बाई पटेल (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनोहर राजपूत-** घमापुर स्थित रामलीला मैदान के सामने शीतलामाई वार्ड निवासी श्री मनोहर राजपूत (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सहनती देवी चौहान-** न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री राम ईश्वर चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती सहनती देवी चौहान (103) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती प्रेमा बाई पांडे-** सरस्वती कॉलोनी अधारताल निवासी श्री लक्ष्मण प्रसाद पांडे की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमा बाई पांडे (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती अमिता गुप्ता-** राज्य वन अनुसंधान केंद्र के पास पोलीपाथर निवासी श्री रविकांत गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती अमिता गुप्ता (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कालम से.मी.
विज्ञापन साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
विज्ञापन साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
विज्ञापन साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362110

## खबर संक्षेप

### आईओबी का लाभ 76% बढ़कर 1,111 करोड़ रुपए





**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 76 प्रतिशत बढ़कर 1,111 करोड़ रुपये हो गया। बैंक का वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में मुनाफा 633 करोड़ रुपये रहा था।

### डोडला डेयरी ने ऑसम डेयरी का 271 करोड़ में किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** दक्षिण भारत स्थित डोडला डेयरी ने शुक्रवार को पूर्वी भारत के प्रीमियम डेयरी ब्रांड ऑसम डेयरी का 271 करोड़ रुपये में अधिग्रहण किया। दोनों कंपनियों ने संयुक्त बयान में कहा कि ऑसम डेयरी का 100 प्रतिशत अधिग्रहण पूर्वी भारत के डेयरी क्षेत्र के शुरुआती बड़े सौदों में एक है। इसमें संस्थागत पूंजी आकर्षित करने की काफी क्षमता है।

### हिंदुस्तान जिंक का मुनाफा घटकर हुआ 4.7 प्रतिशत



**नई दिल्ली।** वेदांता समूह की हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 4.7 प्रतिशत घटकर 2,234 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि मुख्य रूप से आय घटने के कारण उसका मुनाफा घटा है।एक साल पहले इसी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 2,345 करोड़ रुपये रहा था।

### एक्मे सोलर को एनएचपीसी से भंडारण परियोजना मिली



**नई दिल्ली।** एक्मे सोलर होल्डिंग्स को सार्वजनिक क्षेत्र की एनएचपीसी से 275 मेगावाट / 550 मेगावाट घंटे की दो बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजनाएं मिली हैं। "ये परियोजनाएं 24 जून, 2025 को आयोजित नीलामी के माध्यम से 50 मेगावाट /100 मेगावाट घंटे के लिए 2,10,000 रुपये/ मेगावाट/ 450 मेगावाट घंटे के लिए 2,22,000 रुपये/मेगावाट/माह की दर पर हासिल की गई हैं।

### आईटीआर-दो दाखिल करने ऑनलाइन सुविधा शुरू




**नई दिल्ली।** कर योग्य पूंजीगत लाभ आय वाले व्यक्ति और हिंदू अविभाजित परिवार अब वर्ष 2024-25 के लिए आयकर रिटर्न आईटीआर-2 दाखिल कर सकते हैं। आईटीआर-2 आयकर रिटर्न फॉर्म अब ई-फाइलिंग पोर्टल पर पहले से भरे हुए आंकड़ों के साथ ऑनलाइन माध्यम से दाखिल किए जा सकते हैं।

### एनजी इलेक्ट्रॉनिक्स का आईपीओ 23 को खुलेगा

**नई दिल्ली।** जीएनजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपने आगामी 460 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 225-237 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि आईपीओ 23 जुलाई को खुलेगा और 25 जुलाई को संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 22 जुलाई को बोली लगा पाएंगे। यह आईपीओ 400 करोड़ के नए शेयर और 25.5 लाख शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है।

# रिलायंस रिटेल ने केल्विनेटर ब्रांड का 160 करोड़ में किया अधिग्रहण

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रिलायंस रिटेल ने समूचे भारत में तेजी से बढ़ते 'प्रीमियम' घरेलू उपकरणों के बाजार में अपनी वृद्धि को गति देने के लिए केल्विनेटर के अधिग्रहण की शुक्रवार को घोषणा की। इसका सौदा मूल्य करीब 160 करोड़ रुपये आंका गया है।

- ब्रांड भारत में रेफ्रिजेटर, एसी, एयर कूलर व वाशिंग मशीन बनाता है

रिलायंस रिटेल ने पहले इलेक्ट्रोलक्स होम प्रोडक्ट्स इंक से लाइसेंस के तहत केल्विनेटर ब्रांड का इस्तेमाल किया है। यह ब्रांड भारत में रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर, एयर कूलर और वाशिंग मशीन सहित कई उत्पादों की पेशकश करता है।

## प्रीमियम घरेलू उपकरणों के बाजार में अपनी पैठ बना रहा

### अधिग्रहण पर बोली ईशा अंबानी

रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक ईशा एम. अंबानी ने कहा, " केल्विनेटर का अधिग्रहण एक महत्वपूर्ण क्षण है, जो हमें भारतीय उपभोक्ताओं के लिए विश्वसनीय वैश्विक नवाचारों की हमारी पेशकश को महत्वपूर्ण रूप से व्यापक बनाने में सक्षम बनाता है। यह हमारे बेजोड़ पैमाने, व्यापक सेवा क्षमताओं और बाजार में अग्रणी वितरण नेटवर्क के जरिये समर्थित है।




### केल्विनेटर उपभोक्ताओं के बीच जाना पहचाना नाम

कंपनी ने कहा कि केल्विनेटर को रिलायंस के साथ जोड़कर उसका लक्ष्य अपने विशाल रिटेल नेटवर्क को केल्विनेटर की इनोवेशन और विश्वसनीय प्रदर्शन की विरासत के साथ जोड़ना है। केल्विनेटर एक अमेरिकन कंपनी है, जिसकी शुरुआत 20वीं सदी की शुरुआत में हुई और 1970 और 80 के दशक में "द कूलेस्ट वन" टैगलाइन के साथ भारत में एक जाना-माना नाम बन गया। ये नाम भारतीय उपभोक्ताओं के बीच आज भी एक पुरानी यादों में बसा हुआ है।

### अधिग्रहण के मूल्य का खुलासा नहीं

रिलायंस रिटेल ने हालांकि अधिग्रहण के मूल्य का खुलासा नहीं किया, लेकिन इलेक्ट्रोलक्स ग्रुप ने 2025 की दूसरी तिमाही के लिए अपनी अंतरिम रिपोर्ट में कहा कि " इसकी परिचालन आय में भारत में केल्विनेटर ट्रेडमार्क खंड के 18 करोड़ एसईके (स्वीडन मुद्रा) यानी करीब 160 करोड़ रुपये के विनिवेश का प्रभाव शामिल है...।"

### उपभोक्ता टिकाऊ क्षेत्र में कंपनी आगे होगी

रिलायंस रिटेल ने कहा कि केल्विनेटर ब्रांड के अधिग्रहण से भारत के तेजी से बढ़ते उपभोक्ता टिकाऊ क्षेत्र में कंपनी की अग्रणी स्थिति में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। केल्विनेटर की नवाचार की समृद्ध विरासत को रिलायंस रिटेल के विस्तृत खुदरा नेटवर्क के साथ जोड़ कंपनी उपभोक्ताओं के लिए पर्याप्त मूल्य प्राप्त करने और समूचे भारत में तेजी से बढ़ते प्रीमियम घरेलू उपकरणों के बाजार में विकास को गति देने के लिए तैयार है।

## योजनाओं के पोर्टफोलियों में ओवरलैप होने से बचा जा सकेगा

# सेबी ने एमएफ योजनाओं के वर्गीकरण में स्पष्टता पर किया परामर्श जारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को म्यूचुअल फंड (एमएफ) योजनाओं के वर्गीकरण की समीक्षा का प्रस्ताव रखा ताकि स्पष्टता लाने के साथ ही योजनाओं के पोर्टफोलियो में 'ओवरलैप' की स्थिति यानी दोहराव से बचा जा सके।

निवेश पोर्टफोलियो में ओवरलैप की स्थिति उस समय बनती है जब कोई निवेशक अलग-अलग म्यूचुअल फंड या योजना में निवेश करता है, लेकिन उन फंड में अधिकतर निवेश एक ही कंपनियों या क्षेत्रों में किया गया होता है। इससे निवेश को लेकर जोखिम बढ़ जाता है।

### स्पष्ट सीमाएं तय करने की जरूरत

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) का यह प्रस्ताव कुछ एमएफ योजनाओं में पोर्टफोलियो का 'ओवरलैप' नजर आने के बाद आया है। सेबी ने यह महसूस किया कि समान पोर्टफोलियो वाली योजनाओं से बचने के लिए स्पष्ट सीमाएं तय करने की जरूरत है।

### बिना निकासी शुल्क के बाहर निकलने का विकल्प

*सेबी ने कहा, /"यदि इस अवधि के बाद भी विचलन बना रहता है, तो दोनों योजनाओं के निवेशकों को बिना किसी निकासी शुल्क के बाहर निकलने का विकल्प दिया जाएगा।/" बाजार नियामक ने पोर्टफोलियो के शेष हिस्से को इक्विटी, ऋण, सोना एवं चांदी, रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रीट) और ढांचागत निवेश ट्रस्ट (इनविट) में निवेश की अनुमति देने का सुझाव भी दिया है। सेबी ने इन प्रस्तावों पर आठ अगस्त तक सार्वजनिक टिप्पणियां आमंत्रित की हैं।*

- ओवरलैप की स्थिति उस समय बनती है जब निवेश एक ही कंपनी में हो
- ऐसे निवेश को लेकर निवेशक का जोखिम बढ़ता है
- सेबी का यह प्रस्ताव ओवरलैप नजर आने के बाद आया






***ओवरलैप की स्थिति को हो निगरानी :*** *वहीं कॉन्ट्रा फंड के तहत कोष प्रबंधक लोकप्रिय बाजार भावना के उलट शेयरों का चुनाव करता है। नई कोष पेशकश (एनएफओ) लाने के समय और उसके बाद महीने के अंत में पोर्टफोलियो का उपयोग करके छमाही आधार पर ओवरलैप की स्थिति की निगरानी की जानी चाहिए।*

***वैल्यू और कॉन्ट्रा पेश करने की अनुमति :*** *सेबी ने अपने परामर्श पत्र में सुझाव दिया है कि म्यूचुअल फंडों को 'वैल्यू' और 'कॉन्ट्रा' दोनों फंड पेश करने की अनुमति दी जानी चाहिए, लेकिन इसकी शर्त यह हो कि किसी भी समय योजनाओं के पोर्टफोलियो का 50 प्रतिशत से अधिक ओवरलैप न हो।*

### बिजली वायदा में उच्च मार्जिन से सट्टेबाजी होगी कमः सेबी प्रमुख

सेबी प्रमुख तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि हाल में पेश किए गए बिजली वायदा खंड में उच्च प्रारंभिक मार्जिन की आवश्यकता से 'अनुचित सट्टेबाजी' कम होगी। एनएसई में बिजली वायदा खंड के शुभारंभ समारोह में पांडेय ने कहा कि अधिक अस्थिरता की स्थिति में अतिरिक्त मार्जिन भी लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा, ''बिजली को एक से अधिक अस्थिर जिंस के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जिसके लिए उच्च प्रारंभिक मार्जिन की जरूरत होती है। इससे अनुचित सट्टा गतिविधियों को हतोत्साहित किया जा सकेगा।''

### डेटा आधारित नजरिया अपनाया

पांडेय ने कहा कि पूंजी बाजार नियामक और विद्युत नियामक आयोग ने अनुबंध विनिर्देशों और जोखिम प्रबंधन मानदंडों को तैयार करने के लिए एक परामर्शी और डेटा आधारित नजरिया अपनाया है। पूरी प्रक्रिया का मकसद यह है कि बिजली वायदा-विकल्प कारोबार अनुचित सट्टेबाजी के बजाय हेजिंग यानी जोखिम से बचाव के साधन बना रहे। उन्होंने कहा कि मासिक वायदा कारोबार से बिजली क्षेत्र को मूल्य अस्थिरता से बचाव के लिए एक पारदर्शी और विनियमित मंच मिलेगा।

# बैंक शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 501 अंक लुढ़का

एजेंसी ⏭ मुंबई



- निफ्टी 25,000 के नीचे उतरा
- कंपनी नतीजों की घोषणा सुस्त

तिमाही नतीजों की घोषणा की सुस्त शुरुआत के बीच विदेशी पूंजी की निकासी और बैंकों के शेयरों में बिकवाली होने से शुक्रवार को शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 501 अंक टूट गया जबकि निफ्टी 25,000 के स्तर से नीचे आ गया।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 501.51 अंक यानी 0.61 प्रतिशत गिरकर 81,757.73 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 651.11 अंक गिरकर 81,608.13 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। निफ्टी भी 143.05 अंक यानी 0.57 प्रतिशत गिरकर एक महीने के निचले स्तर 24,968.40 अंक पर बंद हुआ।

विश्लेषकों ने कहा कि एक्सिस बैंक के तिमाही नतीजे बाजार की उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहने से निवेशकों ने बैंक शेयरों को लेकर सतर्क रुख अपना लिया है।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एक्सिस बैंक के शेयर में सबसे अधिक 5.24 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। जून तिमाही में बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ तीन प्रतिशत घटकर 6,243.72 करोड़ रुपये रहा। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"वित्त एवं सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के शुरुआती नतीजे निराशाजनक रहने से व्यापक स्तर पर बिकवाली देखने को मिली।

**कार्यालय सेनानी 6 वी वाहिनी विसबल जबलपुर**
Email- co6bn_saf@mppolice.gov.in फोन - 0761-2676199 फैक्स 263399

क्रमांक/6वी बटा/विसब/जबल/साअ/8/2820/2025 दिनांक 14/07/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभागीय परिसम्पत्तियों का संधारण मद में इकाई को आवंटित बजट के अन्तर्गत चिन्हित प्रशासकीय भवनों में स्टीमेंट के अनुसार मरम्मत कार्य कराने हेतु ई - निविदा आमंत्रित है। इच्छुक निविदाकार ई निविदा ऑनलाइन https://mptenders.gov.in पर भेज सकते है ।

सेनानी
6 वी वाहिनी विसबल, जबलपुर

G-15883/25

# टीवीएस ने अपाचे आरटीआर 310 का 2025 संस्करण किया पेश



- ग्राहकों को बिल्ट टू ऑर्डर सुविधा दी जा रही है
- आधार संस्करण की शुरुआती कीमत 2,39,990 रुपए

एजेंसी ⏭ चेन्नई

दोपहिया और तिपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी टीवीएस मोटर कंपनी ने अपनी बेहद लोकप्रिय मोटरसाइकिल '2025 अपाचे आरटीआर 310' सीसी को 'प्रदर्शन-केंद्रित' उन्नत विशेषताओं के साथ पेश किया है।

कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि उसने साथ ही ग्राहकों को 'बिल्ट-टू-ऑर्डर' सुविधा भी प्रदान की है। बयान के अनुसार, '2025 टीवीएस अपाचे आरटीआर' आधार संस्करण की शुरुआती कीमत 2,39,990 रुपये और सबसे महंगे संस्करण की कीमत 2.57 लाख रुपये है। 'बिल्ट-टू-ऑर्डर' संस्करण के तहत ग्राहक के ऑर्डर देने के बाद विशिष्ट खूबियों से लैस मोटरसाइकिल तैयार की जाती है। शहर में मुख्यालय वाली कंपनी ने बयान में कहा कि 'बिल्ट टू ऑर्डर' मोटरसाइकिल प्रमुख माडल है। यह दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु और चेन्नई सहित प्रमुख महानगरों में उपलब्ध होगी।

### राइडर सुरक्षा पर पहले ध्यान

टीवीएस मोटर के प्रीमियम खंड के कारोबार प्रमुख विमल सुंबली ने कहा, "टीवीएस अपाचे आरटीआर 310 अपनी शुरुआत से ही एक नया चलन शुरू करने वाली रही है। '2025' संस्करण के साथ, हम भविष्य के लिए तैयार प्रौद्योगिकी, सहज डिजिटल इंटरफेस, अनोखी स्टाइलिंग और राइडर सुरक्षा को एकीकृत करके इसकी साहसिक विरासत का निर्माण कर रहे हैं।"

# सोना 100 रुपए चढ़ा, चांदी स्थिर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 100 रुपये बढ़कर 98,770 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 98,670 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी।

दूसरी तरफ, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 100 रुपये बढ़कर 98,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले बाजार सत्र में यह 98,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।




- सोना बढ़कर 98,770 रुपए प्रति 10 ग्राम

इस बीच, शुक्रवार को चांदी की कीमत 1,10,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रही। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 12.38 डॉलर या 0.37 प्रतिशत बढ़कर 3,351.53 डॉलर प्रति औंस हो गया।

***सुरक्षित निवेश में धारणा मजबूत***

*त्रिवेदी ने कहा, ''इससे सुरक्षित निवेश वाली संपत्तियों में धारणा मजबूत हुई, जिससे कॉमेक्स सोने को 3,350 डॉलर के स्तर को पुनः प्राप्त करने में मदद मिली।' वैश्विक बाजारों में हाजिर चांदी 0.64 प्रतिशत बढ़कर 38.38 डॉलर प्रति औंस हो गई।*

# सुनील मित्तल का पारिश्रमिक 2024-25 में 0.8 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारती एयरटेल के चेयरमैन सुनील मित्तल का पारिश्रमिक वित्त वर्ष 2024-25 में 0.8 प्रतिशत बढ़कर 32.5 करोड़ रुपये हो गया।

कंपनी की ताजा वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार इस दौरान उसके वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक गोपाल विट्टल का पारिश्रमिक 9.1 प्रतिशत बढ़ा। मित्तल के पारिश्रमिक में 21.57 करोड़ रुपये वेतन और भत्ते, 7.5 करोड़ रुपये प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन, 3.48 करोड़ रुपये का विशेष लाभ शामिल हैं। इस तरह मित्तल का पारिश्रमिक पिछले साल के मुकाबले 0.88 प्रतिशत अधिक था।

विट्टल को वित्त वर्ष 2024-25 में 20.24 करोड़ रुपये मिले, जो सालाना आधार पर लगभग नौ प्रतिशत अधिक है। वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, ''सुनील भारती मित्तल का सकल पारिश्रमिक वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 325,586,133 रुपये और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 322,714,541 रुपये था।

**संयुक्त संचालक, कौशल विकास ( औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थायें संस्थाये) जबलपुर संभाग जबलपुर, मध्यप्रदेश**
संभागीय आईटीआई परिसर, दमोह रोड, माढोताल, जबलपुर (म.प्र.)
Ph: +91-761-2997584 E-MAIL: jabalpurzonejd@gmail.com

जबलपुर संभाग की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में मेहमान प्रवक्ता हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करने बाबत

वेबसाइड-www.mpskills.gov.in

**विज्ञप्ति**

क्रमांक : सं.संचा/क्षेकाज/स्थाप/मे.प्र.विज्ञा.2025/1392/जबलपुर, दिनांक 15/7/2025

म.प्र. शासन, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के अन्तर्गत जबलपुर क्षेत्र में स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (ITI) में विभिन्न व्यवसायों में रिक्त प्रशिक्षण अधिकारियों के पद के विरुद्ध मेहमान प्रवक्ताओं को आमंत्रित किया जाना है। आवेदकों से आवेदन पत्र वेबसाइट www.mpskills.gov.in पर दिनांक 21.07.2025 से 04.08.2025 तक ऑनलाइन स्वीकार किये जायेंगे ।ऑनलाइन आवेदन की पोर्टल से जनरेटेड प्रति एवं सम्बंधित सह दस्तावेज आवेदित की गई किसी भी आईटीआई में निर्धारित समयावधि में उपस्थित होकर सत्यापित कराने होंगे आमंत्रित किए जाने वाले मेहमान प्रवक्ताओं के लिए शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता संबंधित ट्रेड/ब्रान्च में आई.टी.आई./डिप्लोमा अथवा डिग्री होना चाहिए आयु सीमा दिनांक 01.07.2025 को 18 वर्ष से कम नही होना चाहिए, अधिकतम आयु 62 वर्ष है । आवेदक को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है। म.प्र. शासन, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग मंत्रालय के ज्ञापन क्रमांक एफ-02-02 / 2022 / 42-2 भोपाल, दिनांक 22-04-2022 एवं क्रमांक एफ- 02-02 / 2022 / 42-2 भोपाल, दिनांक 05-10-2023 के अनुसार मानदेय भुगतान किया जायेगा ।

आमंत्रण शैक्षणिक सत्र समाप्ति तक अधिकतम 11 माह के लिए अथवा पद की पूर्ति नियमित प्रशिक्षण अधिकारी से होने पर / प्रवेश न होने पर / आवश्यकता न होने पर जो भी लागु हो तक होगा ।आवेदन पत्र एवं अनुभव, शैक्षणिक / तकनीकी योग्यता व्यवसायों के नाम एवं रिक्त स्थानों की विस्तृत जानकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के प्राचार्यो से तथा वेबसाइट www.mpskills.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

G-15839/25

संयुक्त संचालक ( कौशल विकास )
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएँ, जबलपुर क्षेत्र जबलपुर (म.प्र.)

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, (भवन)**
**लोक निर्माण विभाग, जिला जेल के सामने बालाघाट (म.प्र.)**
दूरभाष :-07632-358737 ई-मेल-dpepiu.balaghat@mp.gov.in

जेम/2025/बी/6447021 दिनांक14.07.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की राशि (कार्य की लागत) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू. में) | ठेकेदार/फर्म की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | GEM/ 2025/B/ 6447021 | जिला बालाघाट में आदिवासी विभाग अंतर्गत 04 नग शासकीय उच्च. माध्यमिक विद्यालय (मजगांव, डाबरी, मोहनपुर एवं गुदमा) में 10 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य में स्मार्ट क्लास तथा फर्नीचर स्थापना का कार्य। | बालाघाट | 316.10 | 948305.00 | शासन अंतर्गत पंजीकृत निमार्ता (OEM) प्रदायकर्ता | 1 |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http:// Gem Portal पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे ।2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 15.07.2025 समय दोपहर 03:00 बजे से दिनांक 28.07.2025 समय शाम 6:00 बजे तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेवसाईट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग बालाघाट

G-15864/25 "स्वच्छता ही सेवा"

**पश्चिम मध्य रेल**

**इंजीनियरिंग विभाग – खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के लिए इ–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक–** डी.आर.एम. डब्ल्यू. जे.बी.पी. 108–2025 दिनांक 14.07.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित–** मंडल अभियंता (दक्षिण) अनुभाग के अंतर्गत इटारसी – जबलपुर सेक्शन पर यार्डों में सुधार के संबंध में, सीटीआर – 4.872 किमी., टीबीआर 1.259 किमी, टीटीआर (एफएस +टीडब्ल्यूएस + डब्ल्यूसीएमएस) 1/12–9 नग, 1/8.5–43 नग, टीटीआर (टीडब्ल्यूएस + डब्ल्यूसी एमएससी) 1/12–3 नग, 1/8.5–15 नग, और टर्नआउट का टीएसआर 1 इन 12–1 नग, 1 इन 8.5–3 नग का कार्य।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये–** 3,94,30,761/–, **बयाना राशि रूपये–** 3,47,200/–, **समापन अवधि–** 12 माह, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे** – 05.08. 2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय 15:15 बजे–** 05.08.2025, उपरोक्त ई–निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक मंडल रेल प्रबंधक(कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ईनिविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। (हस्ता.)

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**गति शक्ति इकाई के अंतर्गत विभिन्न कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियंता - जीएसयू, द.पू.म. रेलवे द्वारा नीचे उल्लिखित कार्य के निष्पादन के लिए मैनुअल निविदा सूचना आमंत्रित है:

**1. निविदा सूचना क्र.:** सीपीएम-जीएसयू-09-नाग-2025-26
**कार्य का नाम:** 1. नागपुर मंडल के कलमना में नए लॉबी भवन का निर्माण। 2. नागपुर मंडल के छिंदवाड़ा लॉबी में नए 40 बिस्तरों के (20 कमरे) रनिंग रूम्स। 3. नागपुर मंडल के चाचेर में नए 20 बिस्तरों के (10 कमरे) रनिंग रूम्स। 4. नागपुर में बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए रनिंग रूम्स का व्यापक विस्तार।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹9,19,89,322/-
**बयाना राशि:** ₹6,10,000/-

**2. निविदा सूचना क्र.:** सीपीएम-जीएसयू-10-नाग-2025-26
**कार्य का नाम:** नागपुर मंडल के जबलपुर-गोंदिया सेक्शन के ROB/RUB कार्यों के लिए तकनीकी व्यवहार्यता, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट, भू-तकनीकी जांच और संरचनात्मक डिजाइन तैयार करना।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹3,83,42,731/-
**बयाना राशि:** ₹3,40,700/-

बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियाँ निम्न-लिखित तिथियों को या उससे पहले केवल 15:00 बजे तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे:
**निविदा क्रमांक 1: 04.08.2025** तक.
**निविदा क्रमांक 2: 08.08.2025** तक.
इन निविदाओं के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है और प्राप्त सभी मैन्युअल ऑफर्स को अस्वीकार कर दिया जाएगा। अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है ।

PC/15-72

उप मुख्य अभियंता-जीएसयू,
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल**
Ph. 07692-220530 Fax 07692-222989 email- dfotsseoni@mp.gov.in

**OFF GRID SOLAR सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई-निविदा विज्ञप्ति**

दक्षिण सिवनी वनमंडल के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में विभिन्न योजना अंतर्गत अधीनस्थ परिक्षेत्रों हेतु OFF GRID SOLAR सामग्री क्रय करने के लिए प्रदायकताओं से GEM के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दस्तावेज GEM Portal में प्रकाशन दिनॉक से दिनॉक 29.07.2025 को सायं 06.00 बजे तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है ।

| क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र की उपलब्धता | निविदा प्रपत्र बेवसाइड https://gem.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है । |
| 2 | धरोहर राशि | 63000 /- रुपये |
| 3 | निविदा प्रपत्र की ऑनलाईन उपलब्धता | https://gem.gov.in में प्रकाशन दिनॉक से 29.07.2025 को सायं 06:00 बजे तक |
| 4 | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं समय | दिनॉक 29.07.2025 को सायं 06:00 बजे तक |
| 5 | निविदा खोलने की तिथी व समय | दिनॉक 29.07.2025 को सायं 06:00 बजे |


वनमंण्डलाधिकारी
दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल

G-15833/25

## चिंतन

# टीआरएफ के आतंकी संगठन घोषित होने से पाक बेनकाब

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दूसरी पारी में अमेरिकी नीतियों में अस्थिरता और पाकिस्तान के प्रति झुकाव के बावजूद अमेरिका का पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित करना न केवल भारत की कूटनीतिक जीत है, बल्कि इस आतंकी हमले में पाकिस्तान स्थित आतंकवादी गुटों के हाथ की पुष्टि भी है। पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का मुखौटा संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) है। पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी टीआरएफ ने ली थी, हालांकि बाद में पाकिस्तान एस्टाब्लिशमेंट के कहने पर टीआरएफ अपने दावे से पीछे हट गया था। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि यह कार्रवाई पहलगाम हमला मामले में न्याय संबंधी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रुख पर काम करने की अमेरिका की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हालांकि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विदेश नीति व कूटनीतिक परिपाटी का उल्लंघन करते हुए ट्रंप ने भारत व पाक के बीच युद्ध विराम पर सहमति का पहले ऐलान कर नई दिल्ली को असहज कर दिया था। इस दौरान ऐसी स्थिति बनी कि अमेरिका पाकिस्तान के साथ खड़ा दिखा। पाक के सेना प्रमुख ने पीओके में भारत व हिंदुओं के खिलाफ भड़काऊ बयान दिया, उसके कुछेक दिनों बाद ही पहलगाम में आतंकवादी हमला हुआ, जिसमें धर्म पूछ कर निहत्थे निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया। इस आतंकी हमले में पाकिस्तान स्थित आतंकी गुटों का स्पष्ट हाथ था, जिसके खिलाफ भारत ने ऑपरेशन सिंदूर किया। इस दौरान भारतीय सेना ने पाक सरकार के प्रतिष्ठानों, सैन्य ठिकाने और आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाया, केवल आतंकवादी गुटों के अड्डों पर टार्गेटेड हमले किए। लेकिन पाकिस्तान ने भारत पर हमले शुरू कर दिए, सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, जिसका भारत ने करारा जवाब दिया। यह सब जानते हुए भी ट्रंप ने पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को ह्वाइट हाउस में दावत पर बुलाया और स्पेशल ट्रीटमेंट दी। हालांकि अमेरिका की यह कूटनीतिक कवायद पाकिस्तान को साधने की थी कि जब वो ईरान पर हमला करे, तो पाकिस्तान ईरान का साथ न दे। लेकिन इसकी टाइमिंग ने ट्रंप को आतंकवाद के पालक-पोसक और पहलगाम आतंकी हमले के जिम्मेदार पाकिस्तान के साथ खड़ा कर दिया। अब अमेरिका द्वारा टीआरएफ को आतंकवादी संगठन घोषित करने से पाकिस्तान वैश्विक स्तर पर बेनकाब हो गया है। भारत ने अमेरिका के इस फैसले का स्वागत किया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आतंकवाद रोधी अमेरिकी प्रतिबद्धता की सराहना की है, लेकिन अमेरिका की अस्थिर नीतियों के चलते अभी भारत को पैनी नजर वाशिंगटन पर रखनी चाहिए कि उसकी प्राथमिकताओं में आतंकवाद को खाद-पानी देने वाला पाकिस्तान कहां है। कहीं टैरिफ वार्ता से पहले अमेरिका का फैसला भारत को संतुष्ट करने के लिए तो नहीं है? भारत ने कई वैश्विक मंचों और द्विपक्षीय वार्ता में पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित किए जाने की वकालत की है। अब देखना है कि अगर अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ इतना ही प्रतिबद्ध है तो क्या वह पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित करेगा? इस दिशा में वह कोई कदम उठाता है या नहीं। पहलगाम हमला 2008 में लश्कर-ए-तैयबा द्वारा किए गए मुंबई हमलों के बाद भारत में नागरिकों पर सबसे घातक हमला था। टीआरएफ ने भारतीय सुरक्षा बलों के खिलाफ कई हमलों की जिम्मेदारी भी ली है, जिनमें 2024 में किया गया हमला भी शामिल है।



## विश्लेषण
अवधेश कुमार

# छांगुर का इस्लामीकरण जाल

छांगुर उर्फ जिंदा पीर ऊर्फ जलालुद्दीन को जिन्होंने कपड़ों की फेरी लगाते, अंगूठी, नग, माला देते देखा होगा, उन्होंने सपने में भी उसके वर्तमान रूप की कल्पना नहीं की होगी। ऐसा व्यक्ति, जिसका अपने समाज में भी महत्व नहीं हो, 500 करोड़ से ज्यादा का साम्राज्य खड़ा कर ले, विदेशों में भी उसका नेटवर्क हो जाए, हिंदू लड़कियों –महिलाओं को मुसलमान बनाता रहे और उसके विरुद्ध शिकायत करने वाले की ही शामत आ जाए तो इसके विश्लेषण के लिए शब्द ढूंढने पड़ेंगे। भारत के हिंदुओं या सनातनियों को समझ में आना चाहिए कि चारों तरफ उनके विरुद्ध अलग-अलग तंत्र के रूप में घात लगाए हर अस्तर से शक्तिशाली शिकारियों का झुंड बैठा है।

उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में हिंदुओं को मुसलमान बनाने का जैसा तंत्र सामने है, वह देश के प्रत्येक व्यक्ति के लिए चेतावनी है। यह स्वतंत्र भारत का अब तक का एक व्यक्ति केंद्रित हिंदुओं को मुसलमान बनाने का ऐसा सबसे बड़ा तंत्र सामने आया है जो कंपनी की तरह व्यवस्थित है, जिसकी अनेक परतें हैं। इसमें हिंदुओं को फंसाने, बरगलाने के लिए युवक - युवतियों की तैयार फौज सक्रिय है। उनकी संख्या बढ़ाई जा रही है और तंत्र के स्थायी देशव्यापी ठोस ढांचे के रूप में विस्तृत होने की प्रक्रिया भी जारी है। छांगुर उर्फ जिंदा पीर ऊर्फ जलालुद्दीन को जिन्होंने कपड़ों की फेरी लगाते, अंगूठी, नग, माला देते देखा होगा, उन्होंने सपने में भी उसके वर्तमान रूप की कल्पना नहीं की होगी। ऐसा व्यक्ति, जिसका अपने समाज में भी महत्व नहीं हो, 500 करोड़ से ज्यादा का साम्राज्य खड़ा कर ले, विदेशों में भी उसका नेटवर्क हो जाए, हिंदू लड़कियों - महिलाओं को मुसलमान बनाता रहे और उसके विरुद्ध शिकायत करने वाले की ही शामत आ जाए तो इसके विश्लेषण के लिए शब्द ढूंढने पड़ेंगे। देश-विदेश में मोटा-मोटी तीन दर्जन बैंक खाते, जिनमें लगातार धन आ और निकल रहे हों, किसी बड़ी कंपनी की गतिविधियों जैसी है। बलरामपुर का मधुपुर गांव उत्तर प्रदेश एटीएस यानी आतंक विरोधी दस्ता, पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों, आयकर विभाग, ईडी से लेकर मीडिया की गतिविधियों का केंद्र बना है।

प्राथमिक सूचना थी कि वह लगभग 1500 हिंदुओं को इस्लाम मजहब में ला चुका है किंतु अब कई गुना ज्यादा संख्या सामने आ सकती है। इस घटना के अभी अनेक पहलू रहस्य में हैं। उसके बारे में नियमित हैरत में डालने वाली नई जानकारियां सामने आ रहीं हैं जो धरातल पर थीं। गांव में तीन बीघे में बना हुआ 70 कमरे का आलीशान मकान जिसमें सारी आधुनिक सुख - सुविधायें और निर्माण ऐसा कि लोगों को बंद कर कुछ भी कर दिया जाए तो बाहर पता न चले। आठ बुलडोजर को 40 कमरे वाले हिस्से को तोड़ने में तीन दिन लगे। उसकी कहानी पर सहसा विश्वास नहीं होता। उसकी ताबीज़ या नगों से कुछ लोगों को कठिनाइयों से थोड़ी बहुत मुक्ति मिली तो उन्होंने छांगुर को पीर मानना शुरू किया और उसकी ख्याति बढ़ी। पत्नी को प्रधानी का चुनाव लड़वाया, वह दो बार जीती और क्षेत्र में उसका कद बढ़ा। इसके पीछे भी कितने लोगों का दिमाग था इसकी परतें खुलनी अभी बाकी हैं। नीतू और नवीन के मुसलमान बनने के दस्तावेज दुबई के हैं। यह कैसे संभव हुआ? वे अनेक बार विदेश गए। दोनों के 19 बार दुबई जाने के रिकॉर्ड हैं जिनमें केवल एक बार साथ गये! अजीब रहस्य है। ईसाई मिशनरियां दलितों व जनजातियों को लक्ष्य बनाकर धर्मांतरण करतीं हैं। उनके पास हर क्षेत्र का जनांकिकीय डाटा है। उसने वहां से डाटा हासिल किया और उत्तर प्रदेश के अलावा 550 से ज्यादा जिलों की पहचान की थी, जहां हिंदू युवतियों-महिलाओं को मुस्लिम बनाने का योजनाबद्ध अभियान चलना था। सोचिए, कितनी बारीकी से वह भारत के इस्लामीकरण पर काम कर रहा था और हिंदू या गैर मुस्लिम बहुसंख्य समाज में उसका बाल तक बांका नहीं हुआ। उसके अकेले के दिमाग की बात नहीं हो सकती। क्या यह आपको नए सिरे से ऐसे तत्वों के मुकाबले के लिए



भूमिका तैयार करने की चेतावनी नहीं है? हिंदू जाति व्यवस्था का ताना देने वाले ध्यान रखें कि बड़ी संख्या में ब्राह्मण और राजपूतों की लड़कियों ने छांगुर तंत्र के प्रभाव- दबाव में इस्लाम कबूल किया है। नीतू वोरा और नवीन वोरा ही नसरीन और जमालुद्दीन कैसे बन गए? इनके मामले में जाति पहलू नहीं है। मुंबई में व्यापार करने वाले दोनों पति-पत्नी कठिनाई में संपर्क में आए। वह मुंबई जाने पर उन्हीं के यहां ठहरने लगा। इन दोनों ने तय कर लिया कि गांव में उसके साथ ही रहना है और इसलिए संपत्ति बेची। छांगुर की हिंदुओं के इस्लामीकरण की कल्पना को साकार करने के लिए जिंदगी लगा दी। घर के साथ शहर की जमीन, दुकानें भी नीतू के नाम है। इनके खातों में ही ज्यादा धन आए और निकले। कोई अपने विचार से मजहब बदले यह उसका अधिकार है। किंतु धन, बाहुबल और हर तरीके से जाल में लाकर, विवश कर इस्लामीकरण का यह तंत्र अपराधियों माफियाओं का गिरोह जैसा था। शायद छांगुर का भयानक तंत्र कायम रहता यदि चंगुल में फंसी कुछ लड़कियां, महिलायें बाहर नहीं आती। एक घटना में अनाम से संगठन विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने जब लखनऊ में कुछ की हिंदू धर्म में वापसी का हवन किया और मीडिया में बातें आई, तब देश के संज्ञान में आया कि छांगुर इन सबके पीछे है। यह स्थिति डराने के साथ खीझ भी पैदा करती है कि एक व्यक्ति सरेआम हिन्दुओं को मुस्लिम बनाने की इस्लामी कॉर्पोरेट शैली में कंपनी खड़ी कर उत्तर प्रदेश से विदेश तक विस्तारित कर लेता है और पुलिस, प्रशासन, संगठनों, जनप्रतिनिधियों को इतने वर्षों तक पता नहीं चलता। उसने मुख्य मार्ग से अपने किले तक 500 मीटर सड़क बना ली। 50 कमांडो तैयार किए जो खुलेआम चलते थे। ऐसा संभव नहीं कि लोग पुलिस, प्रशासन, जनप्रतिनिधियों तक शिकायत लेकर नहीं गये हों। पुलिस प्रशासन में हैसियत ऐसी कि छांगुर के सहयोगी ने भागकर पुलिस में शिकायत की, पर उसके विरुद्ध ही धारा 307 के तहत मुकदमा दर्ज हो गया। उसके खातों में विदेश से पैसे आते रहे, उसके लोग असामान्य रूप से विदेश जाते- आते रहे और केंद्रीय एजेंसियों के कान खड़े नहीं हुए। तो इसके अर्थ क्या हैं? यह सच है कि केंद्र और अनेक प्रदेशों में भाजपा की सरकारें आने के बाद स्थिति बदली है और आज केंद्र तथा प्रदेश की भाजपा सरकार के कारण ही कार्रवाई संभव हो सकी। बावजूद स्वीकारना होगा कि अभी भी मजहबी मतांतरण, लव जिहाद, मजार, मदरसों के नाम जमीन कब्जा करने आदि अनेक मामलों की आरंभिक शिकायत पुलिस प्रशासन गंभीरता से नहीं लेता।

प्रायः संगठनों, राजनीति का रवैया भी उत्साहजनक नहीं रहता तथा उनके विरुद्ध काम करने वालों के जीवन में ही संकट पैदा हो जाते हैं। अभी तक भाजपा विरोधी पार्टियों, एक्टिविस्टों, मीडिया के पुरोधाओं में से किसी ने इस पर सामान्य विरोधी प्रतिक्रिया भी व्यक्त नहीं की है। क्या निर्दोष, निरपराध हिंदू लड़कियों-महिलाओं की इज्जत, गरिमा, उनके मानवाधिकार का महत्व नहीं? इसका उत्तर उनसे मांगा जाना चाहिए। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के अंदर ऐसा होना बताता है कि पूरे एप्रोच में आमूल बदलाव की आवश्यकता है। भारत में इस्लामिक कट्टरता का मुख्य आधार उत्तर प्रदेश है। पुलिस प्रशासन का भ्रष्टाचार, अनेक नेताओं की दिशाहीनता तथा कायरता ही इसके पीछे मूल कारण है। भारत के हिंदुओं या सनातनियों को समझ में आना चाहिए कि चारों तरफ उनके विरुद्ध अलग-अलग तंत्र के रूप में घात लगाए हर अस्तर से शक्तिशाली शिकारियों का झुंड बैठा है। आप चौकन्ने रहकर उनके मुकाबले के लिए तैयार नहीं हैं तो फिर कोई सरकार या व्यवस्था आपको हिंदू या सनातनी के रूप में बचा नहीं सकती।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## उपलब्धि
हर्षवर्धन पान्डे



# मप्र के स्वच्छता मॉडल ने पेश की नई मिसाल

मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में लगातार आठवीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब अपने नाम किया है। इंदौर ने 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों की सुपर स्वच्छ लीग सिटीज कैटेगरी में ओवरऑल पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि न केवल इंदौरवासियों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह शहर की स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता, नागरिकों की सक्रिय भागीदारी और नगर निगम के बेहतरीन नवाचारों का परिणाम है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित इस सर्वेक्षण में इंदौर ने एक बार फिर साबित कर दिया कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि एक संस्कृति है। इंदौर पूर्व में सात बार देश के स्वच्छतम शहर का पुरस्कार प्राप्त कर चुका है। उज्जैन को 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में स्वच्छ लीग पुरस्कार प्राप्त हुआ, जो गर्व का विषय है। इसी प्रकार 20 हजार से कम आबादी वाले नगरों की श्रेणी में बुधनी नगर को भी सम्मानित किया गया। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में मध्यप्रदेश के अन्य शहरों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इंदौर के साथ भोपाल, देवास, शाहगंज, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन एवं बुधनी को भी विभिन्न श्रेणियों में स्वच्छता पुरस्कार मिला है। बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन को 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में शीर्ष स्थान मिला है जबकि 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले स्वच्छ शहरों में भोपाल दूसरे, जबलपुर पांचवें और ग्वालियर 14वें स्थान पर रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में स्वच्छता में प्रॉमिसिंग शहर का स्टेट अवार्ड ग्वालियर को मिला है। इसी तरह से 50 हजार से तीन लाख जनसंख्या वाले स्वच्छ शहरों में देवास प्रथम स्थान पर रहा। मध्यप्रदेश ने कुल आठ राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल किए जिससे राज्य ने स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की।

इंदौर की स्वच्छता की सफलता का श्रेय शहर के कचरा प्रबंधन, जन जागरूकता और नवाचारों को जाता है। इंदौर के स्वच्छता मॉडल ने शहर को कचरा-मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इंदौर में खुले में कचरा फेंकना पूर्णतः प्रतिबंधित है। शहर में कचरा डंपिंग को शून्य करने के लिए सभी कचरे की प्रोसेसिंग की जाती है। गीले कचरे से खाद बनाई जाती है, जबकि सूखे कचरे को रिसाइकिल कर अनेक उत्पाद बनाए जाते हैं। इंदौर की सफलता का सबसे बड़ा आधार जनभागीदारी भी है। स्वच्छता के प्रति नागरिकों का जुनून और सामूहिक प्रयास इस मॉडल को अनूठा बनाते हैं। नगर निगम ने विभिन्न जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया है। इंदौर ने कचरा प्रबंधन के लिए हाई-टेक सिस्टम विकसित किया है। कचरा संग्रहण वाहनों की हर गतिविधि को जीपीएस के माध्यम से ट्रैक किया जाता है। एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियंत्रण कक्ष से हर सेकंड की गतिविधि की निगरानी की जाती है। इंदौर में एशिया का सबसे बड़ा बायो-मीथेन गैस प्लांट स्थापित किया गया है जो गीले कचरे से बायो-गैस और खाद उत्पादन करता है। इसके अतिरिक्त, भारत का पहला पीपीपी मॉडल आधारित हरित कचरा प्रसंस्करण संयंत्र भी इंदौर में स्थापित है जो लकड़ी और पत्तियों से पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद बनाता है। एक दौर ऐसा भी था जब इंदौर की सड़कों पर कचरा देखा जाता था लेकिन आज यह शहर कचरे से सीएनजी और खाद बनाने में अग्रणी है। इंदौर नगर निगम ने कचरे के शत-प्रतिशत पृथक्करण और रीसाइक्लिंग को सुनिश्चित किया है। भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में इंदौर ने न केवल देश में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई है। आज इंदौर का स्वच्छता मॉडल जनभागीदारी, तकनीकी नवाचार और प्रशासनिक दक्षता का एक अनूठा संगम बना है। यह मॉडल भारत के अन्य शहरों के लिए भी एक प्रेरणा बन चुका है। इंदौर का स्वच्छता मॉडल न केवल एक शहर की स्वच्छता की कहानी है बल्कि यह दर्शाता है कि सामूहिक इच्छाशक्ति, तकनीकी नवाचार और प्रशासनिक दृढ़ता के साथ कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। नगर निगम ने कचरा प्रबंधन के लिए नवाचारी योजनाएँ बनाई और उन्हें प्रभावी ढंग से लागू किया। यह मॉडल न केवल स्वच्छ भारत मिशन का प्रतीक है बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास का भी एक जीवंत उदाहरण है। यह मॉडल पूरे देश के लिए एक प्रेरणा है कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक जीवनशैली हो सकती है। इंदौर ने आठवीं बार स्वच्छता रैंकिंग में देश में शीर्ष स्थान पर रहकर यह साबित कर दिया है कि यदि इरादे मजबूत हों तो देश का कोई भी इलाका कचरे के ढेर से निकलकर स्वच्छता की मिसाल बन सकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# प्रयास करके मानव खोल सकता है सफलता के द्वार



संकलित
## दर्शन

मानव के विषय में धर्म शास्त्रों के स्वर बहुत उच्च कोटि के हैं। मानव को विश्व का श्रेष्ठ तम प्राणी तो स्वीकार किया ही है, मानव को अपार क्षमता का भंडार बताया गया है। यह सत्य है क्यों कि हम देखते हैं कि कुछ व्यक्ति निश्चित ही अद्भुत क्षमता, प्रतिभा लिए होते हैं। इसका अर्थ है सभी मानवों में वे योग्यताएं रही हुई है। अन्तर केवल इस बात का है कि कुछ व्यक्ति प्रयास करके अपनी क्षमताओं का जागरण कर लेते हैं कुछ यह नहीं कर पाते। जो यह प्रयास नहीं कर पाते, वे समझने लगते हैं कि उसको परमात्मा की देन है हम उससे वंचित है किन्तु वास्तविकता यह नहीं है। परमात्मा किसी को कुछ देता नहीं है और यदि वह देगा तो सभी को बराबर देगा। भेद भाव क्यों करेगा। उच्च पुरुष भी भेद भाव नहीं करते तो परमात्मा भेद भाव कैसे करेगा ? वास्तव में परमात्मा कुछ देता नहीं है किसी को। जिसको सफलताएं मिलती है उसे उसके प्रयास से मिलती है और जो जीवन में कुछ भी नहीं कर पाता है तो यह उसकी ही अकर्मण्यता है। परमात्मा को दोष नहीं देना चाहिए। कालीदास बचपन में निरक्षर थे किन्तु प्रयास कर के महान विद्वान बन गए। सफलता प्राप्त व्यक्तियों का सर्वदा एक ही मार्ग रहा है प्रयास। प्रयत्न करते हुए व्यक्ति को कोई परास्त नहीं कर सकता। मानव की चेतना का मौलिक स्वरुप परमात्मा मय है अतः आत्म विश्वास पूर्वक सही दिशा में प्रयत्न करें तो वह अपने जीवन की सफलता के सारे द्वार खोल सकता है। उसका प्रयत्न ही वह चाबी है जिसका उसे प्रयोग करना है। **-कांतिलाल मांडोत,** सूरत

# गुरु का स्थान श्रेष्ठ



संकलित
## प्रेरणा

एक राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद् के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। गुरु तो रोज खूब मेहनत करते थे परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिये। राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरूजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजियेगा, मैं कई महिनो से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूँ पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है ? गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दियाः राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है.. गुरूजी ने कहाः राजन बात बहुत छोटी है परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं परन्तु यहाँ पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है।.. गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परन्तु आप स्वंय ऊँचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं। बस यही एक कारण है जिससे आपको न तो कोई शिक्षा प्राप्त हो रही है और न ही कोई ज्ञान मिल रहा है। आपके राजा होने के कारण मैं आप से यह बात नहीं कह पा रहा था।

## सटाका





## आज की पाती

### जनप्रतिनिधियों की शपथ में हो समीचीन बदलाव

भारतीय संविधान में व्यवस्था है कि हर मंत्री, विधायक, सांसद और राष्ट्रपति तक, सभी जन-प्रतिनिधि शपथ उठाते हैं कि वे पद की गरिमा एवं गोपनीयता का निर्वहन करेंगे और संविधान तथा देश की जनता के प्रति उत्तरदायी रहेंगे। जवाबदेह रहना भी चाहिए। यह एक बहुत ही अच्छी व्यवस्था है। सब बेहतरी के लिए ही है। इस शपथ में और कुछ शब्द जोड़े जा सकते हैं, कि बड़बोलेपन, भाई-भतीजावाद, घोटालों और क्षेत्रवाद से दूर रहूंगा और पक्षपात से हमेशा तौबा करूंगा। यह भी शपथ में शामिल हो कि, यदि जनाकांक्षाओं पर खरा न उतरूं, तो पद त्याग दूंगा, क्योंकि निर्वाचन के बाद नेताओं का व्यवहार बदल जाता है। **- सचिन देशपांडे,** दुर्ग

## करंट अफेयर

# श्रीलंका में चेम्मानी सामूहिक कब्रगाह से बच्ची के अवशेष मिले



श्रीलंका के जाफना जिले में एक सामूहिक कब्रगाह से निकाले गए मानव अवशेषों में चार-पांच साल की एक लड़की के कंकाल की पहचान की गई है। 1990 के दशक के मध्य में लिट्टे संघर्ष के दौरान पहली बार यह कब्र चर्चा में आई थी। वकील जगनाथन तथपरन ने कहा, "फोरेंसिक पुरातत्वविद् राज सोमदेव ने चेम्मानी में स्थित सामूहिक कब्र की खुदाई के निष्कर्षों की रिपोर्ट 15 जुलाई को जाफना मजिस्ट्रेट की अदालत को दी थी।" राज सोमदेव इस खुदाई की देखरेख कर रहे थे इस वर्ष के आरंभ में, न्यायालय ने सामूहिक कब्र स्थल पर नियमित विकास कार्य के दौरान मानव कंकाल के अवशेष मिलने के बाद कानूनी निगरानी में खुदाई का आदेश दिया था। तथपरन ने बताया कि बच्ची के अवशेष के साथ स्कूल बैग और खिलौने मिले हैं। सोमदेव ने अदालत को बताया कि वह 4-5 साल की उम्र की एक लड़की थी। वकील ने बताया कि कपड़ों और शारीरिक विशेषताओं में समानता के आधार पर दो और कंकाल भी बच्चों के होने का संदेह है। चेम्मानी स्थल ने पहली बार 1998 में सभी का ध्यान आकर्षित किया था, जब एक श्रीलंकाई सैनिक ने वहां सामूहिक कब्रों के अस्तित्व के बारे में गवाही दी थी। वहां 1990 के दशक के मध्य में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) और श्रीलंका सरकार के बीच संघर्ष के दौरान कथित तौर पर मारे गए सैकड़ों नागरिकों की कब्रें थीं।

## ऑफ बीट

# 50 हजार साल पहले से आग का इस्तेमाल किया जा रहा



2,50,000 साल पहले स्पेन में एक स्थान पर मनुष्यों के पूर्वजों या वनमानुष द्वारा आग के नियंत्रित इस्तेमाल के सबूत मिले हैं। यह यूरोप में आग नियंत्रण के शुरुआती सबूतों से 50,000 साल पुरानी बात है। यह अध्ययन 'नेचर साइंटिफिक रिपोर्ट्स' में प्रकाशित हुआ है। मनुष्यों के पूर्वजों तथा आग के अवशेषों का एक ही स्थान पर मिलना वाकई खास है। यूरोप के बाहर मनुष्यों द्वारा प्राकृतिक आग का इस्तेमाल करने के सबसे पुराने सबूत दक्षिण अफ्रीका में स्वार्टक्रान गुफा से मिलते हैं जहां 10 से 15 लाख वर्ष पहले पशुओं की सैकड़ों जली हुई हड्डियों के साथ वनमानुष के अवशेष पाये गये। मनुष्यों द्वारा जलाई आग के सबसे शुरुआती सबूतों से लगभग एक लाख साल आगे : इजराइल में 7,90,000 साल पुरानी ग्रेशर बेनोट याआकोव नामक एक खुली जगह है। इस स्थान पर मिले साक्ष्यों में जले हुए पौधे और पत्थर के जले हुए औजार शामिल हैं। इजराइल में क्वेसेम गुफा और ताबुन गुफा जैसे अन्य स्थानों पर ही आग जलाये जाने के ऐसे ही सबूत मिले हैं। यूरोप में आमतौर पर यह स्वीकार किया जाता है कि वनमानुष ने कम से कम 3,50,000 साल पहले आग का नियमित रूप से इस्तेमाल किया। कुछ संकेत मिले हैं कि अग्नि नियंत्रण का संबंध एश्यूलिन नामक पत्थर औजार तकनीक के विस्तार से जुड़ा है।

## ट्रेंड

### घुसपैठियों पर कार्रवाई



अवैध प्रवासियों पर लगातार कार्रवाई। 12 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है और कछार व श्रीभूमि के रास्ते बांग्लादेश वापस भेज दिया गया है। हम अवैध घुसपैठियों पर कोई रहम नहीं करेंगे और अपना कड़ा रुख जारी रखेंगे।
**-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### 125 यूनिट बिजली मुफ्त



हम शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। अब हमने तय कर दिया है कि 1 अगस्त, 2025 से यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा।
**-नीतीश कुमार, सीएम, बिहार**

### इस्लाम-कुरान पर चुप्पी



कथित धर्मनिरपेक्ष नेताओं की सारी 'धर्मनिरपेक्षता' सिर्फ हिंदू धर्म और उसकी आस्थाओं पर टिप्पणी करने तक ही सीमित रहती है लेकिन जैसे ही बात इस्लाम और कुरान पर आती है तो वही नेता अचानक 'चुप्पी' साध लेते हैं।
**-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र**

### मनुवादी व्यवस्था



हरियाणा के सिरसा में दलित युवक की हत्या और उसके परिवार के साथ बर्बरता सिर्फ एक अपराध नहीं है - यह भाजपा-आरएसएस के मनुवादी सिस्टम का वो घिनौना चेहरा है जो बहुजनों के जीवन को सस्ता समझता है।
**-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### शासकीय तिलक कॉलेज में किया गया पौधारोपण

**कटनी।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय हरित कोर योजना, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पौधा रोपण किया गया। यह पौधारोपण महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बाजपेई की अध्यक्षता में किया गया। इसके तहत विभिन्न फलदार प्रजातियों जैसे जामुन, अमरूद, नीम, आवलां, हर्रा आदि के पौधे लगाये गये। साथ ही प्राचार्य डॉ. एस. के बाजपेई एवं हरित कोर योजना प्रभारी प्रो. ज्योत्स्ना आठ्या ने पौधों के संरक्षण की शपथ दिलाई। पौधारोपण कार्यक्रम में डॉ. एस.के. खरे, डॉ. हेमलता गर्ग, प्रो.जी एम मुस्तफा, डॉ. रूकमणी प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

### महिलाओं के पास से कच्ची शराब जब्त

**कटनी।** एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी स्लीमनाबाद अखलेश दाहिया एवं उनकी टीम के द्वारा ग्राम नैगवा में अवैध शराब के ठिकाने पर रेड कार्रवाई को अंजाम दिया गया। कार्रवाई करते हुए आरोपीय अनरबाई सपेरा के कब्जे से 5 लीटर, आरोपीया रिंकी और प्रीति सपेरा के कब्जे से 5 लीटर एवं आरोपियन पप्पी सपेरा के कब्जे से 5 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब कुल 15 लीटर कीमती 6000 की अवैध शराब रखे हुए पकड़ी गयी। उक्त ठिकानों में करीब 15 किलो माहुआ लहान नष्ट किया गया। सभी के विरुद्ध पृथक- पृथक धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना लिया गया। कार्रवाई में निरीक्षक अखलेश दाहिया, उनि काशिराम झारिया, तेज प्रकाश सिंह, महिला आरक्षक नेहा भट्ट, आरक्षक मनीष, दुर्गेश की अहम भूमिका रही।

### डाकघरों मे आईटी 2.0 एप्लीकेशन का रोलआउट एक डिजिटल परिवर्तन की पहल

**कटनी।** डाक विभाग द्वारा डिजिटल उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण की दिशा मे बड़ी छलांग लगाते हुये अगली पीढ़ी के APT एप्लीकेशन की शुरुआत की जा रही है। इस परिवर्तनकारी उन्नत प्रणाली को 22 जुलाई से जिले के सभी डाकघरों में लागू किया जाएगा। इस उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर निर्बाध और सुरक्षित बदलाव को लागू करने के लिए सोमवार 21 जुलाई को एक नियोजित डाउनटाइम निर्धारित किया गया है। इस दिन डाकघरों में कोई सार्वजनिक लेनदेन नहीं किया जाएगा। सेवाओं का यह अस्थायी निलंबन डेटा माइग्रेशन, सिस्टम सत्यापन और कॉन्फ़िगरेशन प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए आवश्यक है, जिससे नई प्रणाली सुचारू रूप से लागू हो सके। APT एप्लीकेशन को बेहतर उपयोगकर्ता अनुभव, तीव्र सेवा वितरण और अधिक ग्राहक अनुकूल इंटरफेस प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो स्मार्ट, कुशल और भविष्य के लिए तैयार डाक संचालन प्रदान करने के लिए डाक विभाग की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। डाक संभाग जबलपुर के प्रवर अधीक्षक ने ग्राहकों से अनुरोध करते हुये कहा कि डाकघर संबंधी कार्य 21 जुलाई से पूर्व करवा लें और इस संक्षिप्त व्यवधान के दौरान धैर्य रखें। ग्राहकों को किसी भी असुविधा के लिए खेद है। ये कदम हर नागरिक को बेहतर, तेज़ और अधिक डिजिटल रूप से सशक्त सेवाएँ प्रदान करने के हित में उठाए जा रहे हैं।

### औद्योगिक क्षेत्र टिकरिया में 76 भूखंडों का होगा ऑनलाईन आवंटन

**कटनी।** राज्य शासन के निर्देश पर जिले के नवीन औद्योगिक क्षेत्र टिकरिया (तखला) में उद्योग स्थापित किये जाने हेतु 76 भूखंडो का चयन किया गया है। इन चयनित भूखंडों का आवंटन ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। इच्छुक उद्यमी इस औद्योगिक क्षेत्र में उपलब्ध सभी भूखंडो का क्रमांक एवं साईज की विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कटनी से संपर्क कर प्राप्तक कर सकते हैं। इसके अलावा विस्तृत जानकारी विभाग के पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

---

### संभागायुक्त ने कहा बच्चों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए मिशन मोड में कार्य करें

# संभागायुक्त ने विद्यार्थियों के साथ बैठ अध्यापन का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





संभागायुक्त धनजंय सिंह ने कटनी के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय कार्यों और योजनाओं की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि सभी अधिकारी जन कल्याणकारी योजनाओं एवं विभागीय कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को इनका सीधा लाभ समय पर मिले। इस दौरान कलेक्टर दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत एवं अपर कलेक्टर साधना परस्ते मौजूद रहे।

संभागायुक्त ने पंचायत ग्रामीण विकास, नगर निगम, शिक्षा, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि, बिजली आदि विभागों की विभाग वार समीक्षा की। आईटीआई संस्थानों में नामांकन बढ़ाने हेतु निर्देश दिए गए। स्कूलों में नामांकन और नियमित अध्यापन की समीक्षा की। कलेक्टर कटनी द्वारा अवगत कराया गया कि परिवहन विभाग के माध्यम से स्कूल बसों का सत्यापन, वाहन बीमा, प्रदूषण आदि की जांच सुनिश्चित की जा रही है।

#### पोषण प्रबंधन कार्यशाला एवं समीक्षा

संभागायुक्त धनजय सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास संयुक्त पोषण प्रबंधन कार्यशाला सह समीक्षा बैठक में मैदानी अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि अंतर्विभागीय समन्वय से मिशन मोड में बच्चों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी योजनाओं में कार्य करें। लापरवाह ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से स्पष्टीकरण हेतु संयुक्त संचालक स्वास्थ्य तथा महिला बाल विकास विभाग को निर्देशित किया गया। संभागायुक्त ने हाई रिस्क गर्भवती माताओं और बच्चों के पोषण मानकों पर अमल करने की हिदायत दी।

उन्होंने पोषण ट्रैकर, संपर्क, एमआईएस और अनमोल व आरसीएस पोर्टल पर विवरणों को समय पर इंट्री तथा फील्ड भ्रमण से पुष्टि करने हेतु निर्देश दिए। मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य विभाग की आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संयुक्त रूप से नियमित भ्रमण करें। संभागायुक्त ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से हितग्राहियों को टेक होम राशन वितरण और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के पंजीयन की समीक्षा भी की।

#### निर्माणाधीन कार्य का किया निरीक्षण

संभागायुक्त श्री सिंह ने झिंझरी में निर्माणाधीन ब्लॉक बी सांदीपनी विद्यालय (सीएम राइज) का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद कार्यपालन यंत्री पीआईयू को निर्धारित मानकों व डिजाइन के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण भवन निर्माण के संबंध में जानकारी ली। मॉनिटरिंग में लापरवाही पर कार्यपालन यंत्री एमके पोनीकर से स्पष्टीकरण हेतु निर्देश दिए गए। संभागायुक्त ने सांदीपनी विद्यालय के कक्षाओं में छात्रों के पठन पाठन का आंकलन किया।संभागायुक्त ने कक्षा 10वीं की विज्ञानकक्षा मे छात्रों के साथ बैठकर अध्यापन कार्य का अवलोकन किया। संभागायुक्त ने मध्यान्ह भोजन कर रहे बच्चों से भोजन की गुणवत्ता एवं समय पर भोजन मिलने की जानकारी ली।

#### औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन और रोजगार सृजन की समीक्षा

संभागायुक्त श्री सिंह ने औद्योगिक इकाईयों और संगठनों के पदाधिकारियों और संचालकों से संवाद कर निवेश प्रोत्साहन और सूक्ष्म लघु उद्योग संवर्धन के संबंध में समीक्षा की। विभागों को उद्योग एवं निवेश प्रोत्साहन हेतु तत्परता पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्योग से रोजगार सृजन के अवसर विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम औद्योगिक इकाईयों के लिए महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र को निर्देशित किया। अधीक्षण यंत्री एमपीईबी को औद्योगिक इकाईयों की विद्युत संबंधी शिकायतों का निराकरण यथा शीघ्र करने के निर्देश दिए। विभागीय अधिकारियों द्वारा विकसित औद्योगिक केंद्रों में उद्योगों हेतु भूमि आवंटन और रीजनल कॉन्क्लेव की अनुवर्ती कार्यवाही से अवगत कराया गया।

#### स्वास्थ्य केन्द्र व आंगनबाड़ी भवन का निरीक्षण

संभागायुक्त श्री सिंह ने स्लीमनाबाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 3 का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने गर्भवती माताओं के पंजीयन, टीकाकरण सहित अन्य जांचों के संबंध में संधारित अभिलेख का अवलोकन किया और निर्देशित किया कि जानकारी तत्काल पोर्टल में दर्ज की जाए एवं फॉलोअप किया जाए। स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के दौरान ओपीडी और स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू उपलब्धता के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया। आंगनबाड़ी केन्द्र में उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से बच्चों के पंजीयन और उपस्थिति की भी जानकारी ली।

---

### उमावि में संकुल स्तरीय विशेष शिविर का हुआ आयोजन

# जाति प्रमाण पत्र बनवाने पहुंचे अभिभावक अव्यवस्थाओं के बीच दिन भर हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, समग्र आईडी और आधार अपडेट जैसे दस्तावेजों को तैयार कराने के उद्देश्य से उमरियापान शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को संकुल स्तरीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक दस्तावेजों के साथ पहुंचे, लेकिन व्यवस्थाओं के अभाव में उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

अभिभावकों ने बताया कि शिविर स्थल पर उचित मार्गदर्शन और स्पष्ट प्रक्रिया का अभाव रहा। कई बार अधिकारियों व कर्मचारियों से पूछने के बाद भी उन्हें दस्तावेजों के बारे में पूरी जानकारी नहीं मिल पाई। कुछ मामलों में कागजातों की कमी का हवाला देकर उन्हें लौटाया गया, तो कई अभिभावक फॉर्म भरवाने और सत्यापन के लिए घंटों यहां-वहां भटकते रहे।

#### निरीक्षण में पहुंची एसडीएम

शिविर के दौरान ढीमरखेड़ा एसडीएम निधि गोहल भी निरीक्षण के लिए पहुंचीं। उन्होंने शिविर की गतिविधियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। हालांकि, अभिभावकों का कहना है कि निरीक्षण के बावजूद की व्यवस्थाएं सुचारु नहीं हो पाईं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर के दौरान कुल 73 जाति प्रमाण पत्र, 5 आय प्रमाण पत्र, 8 समग्र आईडी और 25 आधार अपडेट किए गए। बावजूद इसके, बड़ी संख्या में लोग प्रमाण पत्र नहीं बनवा सके और खाली हाथ लौट गए।

#### अभिभावकों की मांग

अभिभावकों ने मांग की है कि भविष्य में ऐसे शिविरों का आयोजन बेहतर तैयारी और स्पष्ट सूचना के साथ किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोग समय पर और बिना परेशानी के दस्तावेज बनवा सकें। साथ ही आवश्यक दस्तावेजों की सूची पहले ही स्कूलों के माध्यम से अभिभावकों तक पहुंचाई जाए, जिससे वे तैयारी के साथ आएं।

---

### घुमंतु मवेशियों को पकड़ कर भेजा गया कांजी हाउस



कलेक्टर द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुपालन एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में नगर निगम की हांका गेंग के कर्मचारियों द्वारा शुक्रवार को अभियान चलाकर 27 नग घुमंतू गौवंशों को कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की गई। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें बताया कि अभियान के तहत गठित दल के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा आवंटित क्षेत्रों मिशन चौक, बरगवां, माधवनगर गेट रिलायन्स पेट्रोल पंप से कलेक्ट्रेट कार्यालय होते हुए मित्तल मॉल, बिलहरी मोड़ से पीरबाबा तक सहित नदीपार स्थित चांडक चौक पेट्रोल पंप के पास रविदास चौराहा से इंडिया होटल, कुठला मुख्य मार्ग एवं नगर के अन्य मार्गो के घुमंतु मवेशियों को हांका लगाकर मुख्य मार्गो से अलग करते हुए 27 गौवंशों को झिंझरी स्थित कांजी हाउस एवं अमीरगंज स्थित गोशाला भेजनें की कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान जख्मी एवं बीमार पशुओं को पशु चिकित्सालय भेजा जाकर उनके समुचित उपचार की व्यवस्था करते हुए गोशाला में शिफ्ट किया जा रहा है।

---

# 121 विद्यार्थियों को वितरित की साईकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



तहसील स्लीमनाबाद क्षेत्र अंतर्गत शासकीय बुद्ध सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेवरी में मुख्यमंत्री साईकिल वितरण योजना के तहत कक्षा 6 वी व 9वी में अध्ययनरत विद्यार्थियों को सत्र 2025-26 की साईकिलो का वितरण किया गया। साईकिल वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रणय पांडेय रहे। विधायक के द्वारा तेवरी स्कूल में कक्षा 6 वी व 9 वी के 121 विद्यार्थियों को साईकिल वितरण की। साईकिल पाते ही विद्यार्थियों के चेहरों में मुस्कान आ गई। विद्यार्थियों को पढ़ाई करने स्कूल आने मैं सहूलियत होगी। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रणय पांडेय ने कहा कि विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करें, जिससे उज्ववल भविष्य की ओर बढ़े ओर अपने माता -पिता के साथ शिक्षक व गाँव का नाम रोशन करें। सरकार द्वारा विद्यार्थियों के सर्वागीण विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। विधायक के द्वारा स्कूल का भी निरीक्षण किया गया जहाँ विद्यालय मै दर्ज संख्या अनुसार अतिरिक्त कक्ष निर्माण का आश्वासन दिया।

इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपू शुक्ला, जनपद सदस्य कमलेश सिंघई, सरपंच काजल रजक, बीआरसी प्रशांत मिश्रा, थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया,प्राचार्य मनोज हल्दकार,रोजगार सहायक हिमांशु कुशवाहा, कमलेश रजक, लकी अग्रहरी, रवि दुबे, सुनील गुप्ता, पुरषोत्तम सिंह, दिनेश असाठी,निशांत जैन,अमन असाठी,रामकुमार असाठी, अभय दुबे, अशोक रजक, रामसहाय साहू, संजय जैन सहित स्कूल स्टॉफ व विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। विद्युत समस्याओ का प्रमुखता के साथ करें निराकरण -साईकिल वितरण कार्यक्रम उपरांत तेवरी विधायक के साथ ग्रामीणों गणमान्य नागरिकों ने बैठक की।

---

### विभागीय अधिकारी बने उदासीन, जनप्रतिनिधि नहीं दे रहे कोई ध्यान

# स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी से मरीजों को होना पड़ रहा है परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा




वर्षों से बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी एक बड़ी गम्भीर समस्या बनी हुई है। बड़वारा आदिवासी बाहुल्य विधान सभा क्षेत्र है फिर भी बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की नियुक्ति नही की जा रही है। प्रशासन स्तर पर अनदेखी एवं जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते लोग परेशान हैं। बड़वारा जनपद में 106 ग्राम पंचायतें हैं इसके बावजूद बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निरन्तर डॉक्टरों की कमी बनी हुई है। बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हाल में 09 चिकित्सकों के पद खाली पड़े हैं जबकि 01 पद संविदा चिकित्सक का रिक्त है इसके बावजूद भी बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की नियुक्ति नही की जा रही है जिसके कारण बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज करवाने आने वाले मरीजों को समुचित इलाज उपलब्ध नही हो पा रहा है मरीजों को रेफर किया जाना आम बात हो गई है।

गौरतलब है कि बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन इन दिनों होमियोपेथिक चिकित्सक एवम आयुर्वेदिक चिकित्सक के माध्यम से किया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा में लम्बे अरसे से महिला चिकित्सक की आवश्यकता बनी हुई है जो आज तक पूरी नहीं कि गई। स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा में प्रसव करबाने आने वाली महिलाओं को प्रसव करवाने में जटिलता आने पर जिला अस्पताल प्रसव करबाने जाने के लिए बाध्य होना पड़ता है।

ऑपरेशन थियेटर एवम सोनोग्राफी सेंटर की दरकार

बड़वारा में अनेक ग्रामों के मरीज इलाज करवाने आते हैं, विभिन्न ग्रामों की महिलाएं प्रसव करबाने आती हैं प्रसव केस में विपरीत स्थिति बनने पर महिलाओं को सोनोग्राफी व ऑपरेशन करबाने की आवश्यकता होने पर जिला अस्पताल रेफर किया जाता है यदि बड़वारा में सोनोग्राफी व ऑपरेशन थियेटर की सुविधा उपलब्ध करवा दी जाए तो महिलाओं का प्रसव आसानी से किया जा सकता है तथा महिलाओं के धन व समय की बचत भी हो सकती है। स्थानीय व क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन से बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र में महिला चिकित्सक व अन्य चिकित्सकों की नियुक्ति करवाये जाने तथा सोनोग्राफी मशीन व ऑपरेशन थियेटर बनवाये जाने की मांग की है।

---

### भारतीय मजदूर संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप जांच कार्यवाही की मांग

# श्रम कानूनों का पालन नहीं होने से श्रमिकों का शोषण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



भारतीय मजदूर संघ द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन के माध्यम से श्रम कानूनों का पालन नहीं होने पर जांच कर यथोचित कार्यवाही किये जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि विगत कई वर्षों से श्रम पदाधिकारी जिले में पदस्थ हैं किंतु इनके भ्रष्ट आचरण के चलते, श्रमिकों का शोषण बढता ही जा रहा है। उद्योगपतियों को श्रमिकों के शोषण की इस कदर खुली छूट मिली हुई है कि कोई भी श्रमिक श्रम कार्यालय आना ही नहीं चाह रहा है। अन्य सुविधाएँ तो दूर की बात, सरकारी दर से निर्धारित वेतन भुगतान की आवाज उठाने वाले मज़दूर को, बेख़ौफ़ होकर काम से निकाल दिया जाता है और उसकी सुनवाई तक नहीं होती बल्कि इसकी आड़ में मोटी रकम बसूल ली जाती है।

जिले में संचालित विभिन्न उद्योगों में इस प्रकार की विसंगतियों को लेकर,संगठन ने जिला श्रम पदाधिकारी को कई बार पत्र प्रेषित किया, वार्तालाप की किन्तु कोई निदान नहीं हुआ। जिले में संचालित निम्नलिखित उद्योगों में,बहुत बड़ी संख्या में मज़दूर कार्यरत हैं लेकिन आज तक इनकी जाँच तक नहीं की गई और यदि की भी गई है तो महज औपचारिकता की गई है। आपसे निवेदन है कि एक जाँच कमेटी गठित कर, निम्लिखित उद्योगों की जाँच कर,श्रमिकों को लाभ पहुँचाने का कष्ट करें।

संस्थानों में श्रम कानूनों को ईमानदारी के साथ लागू करने की संगठन माँग करता है। संस्थानों में कार्यरत सभी मजदूरों की श्रेणी निर्धारित (उच्च कुशल, कुशल, अर्द्धकुशल, अकुशल) कर ,सरकारी के द्वारा घोषित दर को लागू कराया जाए। संस्थानों के अधिकांश श्रमिकों को वेतन भुगतान नगद राशि के रूप में किया जाता है। श्रमिकों का वेतन उनके खाते में दिया जाए। संस्थानों के श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी का भुगतान किया जाए जो कि इन्हें आज तक प्राप्त नहीं हुई।

जिले के उक्त संस्थान 20 वर्षों से भी अधिक समय से संचालित हैं,जिनमें वर्षों से श्रमिक कार्यरत हैं। इन श्रमिकों को बोनस, ग्रेच्यूटी, पीएफ, ईएसआईसी का कोई भी लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसे लागू करवाया जाए।

जिला श्रम पदाधिकारी बी०के० अपने सगे संबंधी व्ही०के० मिश्रा (15 वर्षों तक जिले में पदस्थ रहे रिटायर्ड लेबर इंस्पेक्टर) के साथ मिलकर ,उद्योगों का भ्रमण करते हैं जबकि यह काम कार्यालय में पदस्थ अन्य लेबर इंस्पेक्टर्स का है, जिनकी संख्या भी पर्याप्त है। व्ही०के० मिश्रा (रिटायर्ड लेबर इंस्पेक्टर) को श्रम कार्यालय में आते जाते आये दिन देखा जाता है जो बहुत सारी विसंगतियों की ओर इंगित करता है। आशा है उक्त समस्याओं का आप शीघ्रता से निराकरण करने का कष्ट करेंगे।

ज्ञापन सौंपते समय भारतीय मज़दूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जबलपुर संभाग प्रभारी कमलेश पटेल,बीएमएस जिला मंत्री विनोद पटेल,जिलाध्यक्ष सुरेश राठौर एवं बृजबिहारी पटेल की उपस्थिति रही।

---

# पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 18 जुलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

### 1 अगस्त को होगी लिखित परीक्षा, 6 टीमें खेलेंगी क्विज

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग, जिला पुरातत्वज पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के संयुक्ता तत्वाधान में 1 अगस्त से शुरू होने वाले जिला स्तारीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के लिए ऑनलाइन पंजीयन अंतिम तिथि 18 जुलाई है।

इस क्विज का आयोजन सभी शासकीय, अशासकीय, केन्द्री य एवं नवोदय विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं तक विद्यार्थियों को प्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परंपरा, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधता, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरूष एवं पर्यटन महत्वि की संभावनाओं आदि से छात्रों को अवगत कराने तथा पर्यटन के माध्यधम से जागरूक करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रत्येक स्कूल की टीम में तीन विद्यार्थी शामिल होंगे।

1 अगस्तु को लिखित परीक्षा होगी। इसमें चयनित 6 टीमें मल्टीमीडिया क्विज खेलेगी जो कि कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर क्विज मास्ट्र द्वारा कराई जायेगी। वहीं पर्यटन प्रभारी कमलेश सैनी, जिला शिक्षा अधिकारी पी पी सिंह एवं क्विज मास्टशर डॉ. सचिन श्रीवास्तिव ने बताया कि मल्टी मीडिया क्विज में भाग लेने वाली सभी 6 टीमों को पर्यटन विभाग की ओर से मध्य प्रदेश के पर्यटक स्थिल में घूमने का मौका मिलेगा।



## श्री श्याम झूला उत्सव का आयोजन

**जबलपुर।** श्री श्याम महिमा मंडल के तत्वावधान में एक सप्ताह का श्री श्याम झूला उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दिल्ली से बाबा काशी जबलपुर आया है और बाबा का चतुर दिन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। ओम प्रकाश अग्रवाल, पवन बागरोदिया ने बताया कि प्रतिदिन अलग-अलग श्री श्याम भक्तों के निवास स्थान पर यह आयोजन किया जा रहा है।

# हर मोहल्ला, हर क्लासरूम में गूंजा एक ही संदेश नशे से दूरी है जरूरी

### जबलपुर पुलिस का 15 दिवसीय जनजागरूकता अभियान, अफसरों की सीधी भागीदारी से बढ़ा असर

**हरिभूमि, जबलपुर।** मध्य प्रदेश सरकार एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में 15 जुलाई से शुरू हुआ नशे से दूरी, है जरूरी अभियान अब जबलपुर जिले में जनांदोलन का रूप लेता जा रहा है। इस जनजागरण अभियान का उद्देश्य समाज को नशे की लत से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराना और विशेष रूप से युवाओं को नशे से बचाना है। यह अभियान 30 जुलाई तक जिले के हर थाने, गांव, स्कूल और मोहल्लों में प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है।



#### वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की अगुवाई में व्यापक कार्यक्रम

आईजी प्रमोद वर्मा, डीआईजी अतुल सिंह और पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन में पूरे जिले के थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नशा मुक्ति को लेकर अभियान चलाएं। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक, जनसंवाद, रैली, पोस्टर-पंपलेट वितरण, विचार गोष्ठियों का आयोजन हो रहा है।

#### स्कूल-कॉलेज से लेकर बस्तियों तक फैला असर

थाना बरेला अंतर्गत क्राइस्ट चर्च स्कूल में डीएसपी ग्रामीण आकांक्षा उपाध्याय ने छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी और बताया कि मानसिक, शारीरिक व आर्थिक रूप से यह कैसे व्यक्ति और परिवार को बर्बाद करता है। ओमती क्षेत्र में सीएसपी सोनू कुर्मी एवं टीआई राजपाल सिंह बघेल ने घंटाघर के पास आमजन को समझाइश दी। रामपुर चौकी प्रभारी प्रभाकर सिंह ने गर्ल्स हॉस्टल व मांडवा बस्ती में युवतियों को जागरूक किया। विजय नगर थाना में नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। संजीवनी नगर में 90 क्वार्टर्स के युवाओं को एकत्र कर पंपलेट बांटे गए। कोतवाली क्षेत्र में कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविंदगंज में छात्राओं को संबोधित किया गया। पाटन, चरगवां, कैंट समेत अन्य थानों में पोस्टर, बैनर लगाकर, रैली निकालकर, लोगों को समझाईश दी जा रही है।

#### सशक्त संदेश, स्पष्ट उद्देश्य

अभियान के दौरान स्पष्ट किया गया कि पुलिस का प्रयास केवल कानून का पालन कराना नहीं, बल्कि समाज को बर्बादी से बचाना है। पुलिस युवाओं को नशे के जाल में फंसने से पहले सचेत कर रही है। इस अभियान की खास बात यह है कि हर स्तर पर जनभागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।



## जीवन में ऊर्जा का सदुपयोग सीखता है धर्मः स्वामी नरसिंह देवाचार्यजी महाराज

### नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज में श्रावण मास महोत्सव

**हरिभूमि जबलपुर** -जहाँ शिव है, वहाँ नंदी भी हैं और जहाँ नंदीश्वर हैं, वहाँ शिवजी भी हैं। इसका सीधा सा अर्थ यही हुआ कि जहाँ धर्म है वहाँ शिव भी हैं अथवा तो जहाँ शिव हैं, वहीं धर्म भी है। शिवजी का वाहन वृषभ है। वृषभ को धर्म का स्वरूप कहा जाता है अर्थात शिवजी धर्म की सवारी करते हैं। जीवन के उत्थान एवं मंगल के लिए हमारे जीवन में धर्म की बहुत बड़ी आवश्यकता है। पशु तब तक ही सही दिशा में चलता है जब तक उसके ऊपर लगाम होती है।पशु को लगाम से एवं मनुष्य को धर्म से ही नियंत्रित किया जा सकता है। अपनी जीवन ऊर्जा का कब, कहाँ और किस रुप में उपयोग करना है, ये धर्म हमें सिखाता है। ज्ञानी व्यक्ति अनासक्त भाव से कर्म करने के कारण कर्म के बन्धन में नहीं फँसता। भगवान भोलेनाथ का जीवन हमें बताता है, कि जो भी करो, धर्म का अवलंबन लेकर ही करो, जिससे हमको कर्मबंधनों से मुक्ति मिल सके एवं यह मानव जीवन सफल हो सके,उक्त उद्गार पावन श्रावण मास में नरसिंह मंदिर मेश्रीमद् जगतगुरु नृसिंह पीठाधीश्वर डॉ.स्वामी नरसिंहदेवाचार्य जी महाराज ने नर्मदेश्वर महादेव के रूद्राभिषेक, षोडशोपचार पूजन अर्चन आरती में कहे।

# चालीसा व्रत की उपासना सुख-समृद्धिदायक

### झूलेलाल मंदिर मे विशेष पूजन अर्चन

**जबलपुर।** चालीसा व्रत मेला 2025 महोत्सव" चालीस दिनों तक चलने वाले महापर्व पर झूलेलाल मंदिर भरतीपुर में जलज्योति की पूजा अर्चना, आरती एवं पल्लव हुआ। माताओं, बहनों ने व्रत एवं उपवास रखकर भगवान झूलेलाल मंदिर के गर्भगृह में स्थित विपत्ति निवारक जल देवता, वरूण देवता, भगवान झूलेलाल का पूजन अर्चन कर दीपदान किया।



चालीसा व्रत की उपासना सुख-समृद्धिदायक- चालीसा व्रत महोत्सव मे आयोजित धर्मसभा में स्वामी अशोकानंद महाराज ने बताया हमारे प्रभु भगवान श्री झूलेलाल हमारे साथ हैं चालीसा उत्सव इसी विश्वास का प्रातीक हैं जीवन मे अध्यात्म का अति आवश्यक हैं तभी मनुष्य ज्ञान और प्रभु भक्ति से अंतरात्मा की शुद्धि की जाती हैं गर्भग्रह मे स्वामी प्रदीप महाराज, पंडित वेदांत महाराज के द्वारा थाली पूजन करवाया गया जिसमे ॐ, स्वस्तिक, नवग्रह, बहराणा, जल ज्योति का पूजन सभी व्रतधारियों को करवाया गया सभी व्रतधारी अपने सिर पर थाली रख कर परिक्रमा की गई।

आयोजन समिति के उद्धवदास पारवानी, दिलीप तलरेजा, रामचंद्र आहूजा, रमेश आहूजा, राजकुमार कांधारी, माधवदास कुंदवानी श्रीचंद मध्यांनी, कैलाश वासवानी, धर्मेंद्र मंगलानी, त्रिलोक वासवानी, गोविन्द हीरानी, प्रकाश आहूजा,प्रकाश आसवानी,राजा सावलानी, विजय पंजवानी,बिल्लू हीरानी,गोपीचन्द्र खत्री सभी अनुष्ठान मे शामिल हुए।

# जिला अस्पताल में स्थापित हुई अत्याधुनिक ओसीटी मशीन

### विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने लोकार्पण कर जनता को किया समर्पित

**हरिभूमि, जबलपुर।** सेठ गोविंद जिला चिकित्सालय जबलपुर के लिए आज मील का पत्थर साबित हुआ जब लगभग 70 लाख रुपए क़ीमत की अत्याधुनिक ओसीटी मशीन का विधिवत लोकार्पण उत्तर-मध्य क्षेत्र विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने फीता काटकर किया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा एवं सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ नवीन कोठारी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस ओसीटी मशीन के लोकार्पण के बाद आज से आंखों से जुड़ीं जटिल बीमारियों का उपचार भी अब जिला अस्पताल विक्टोरिया के नेत्र रोग विभाग में हो सकेगा, जोकि रेटिना से जुड़ी बीमारियां जैसे कि मधुमेह के चलते रेटिना खराब होना, परदे में छेद या सूजन, कांचियाबिंद आदि के डायग्नोस में अहम भूमिका निभाएगी। इस मशीन के अभाव में रेटिना से जुड़ी बीमारियों को पता लगाना कठिन था, जिसके चलते मरीजों को मेडिकल



कॉलेज रेफर कर दिया जाता था। ओसीटी मशीन के शुरू होने से मरीजों को रेफर नहीं करना पड़ेगा। ओसीटी मशीन के द्वारा रेटिना रोजाना 4 से 5 मरीजों को जांच की जरूरत नेत्र रोग विशेषज्ञ तथा प्रभारी नेत्ररोग विभाग डॉ. तरुण अहरवाल ने बताया विभाग में रोजाना 4-5 मरीज ऐसे आते हैं, जिन्हें ओसीटी मशीन से जांच की जरूरत पड़ती है। मशीन न होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर किया जाता था। इसके अलावा पीजी डिप्लोमा कोर्स (आप्थाल्मालॉजी) भी संचालित है, जिसके प्रायोगिक ज्ञान के लिए भी मशीन सहायक है। मशीन के लिए बीते 2 वर्षों से प्रयास किए जा रहे थे, जिसके बाद यह सौगात मिली है। बता दें कि प्रदेश का यह पहला जिला अस्पताल है, जहां ओसीटी मशीन स्थापित की गई है। इस लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर नेत्ररोग विभाग प्रभारी डॉ तरुण अहरवाल, डॉ अमिता जैन, डॉ संजय जैन, डॉ सगरिया, डॉ शलभ आम्रवंशी, डॉ उषा दत्त, डॉ शलभ अग्रवाल, डॉ शिशिर गर्ग, डॉ संदीप भगत, डॉ अलोक श्रीवास्तव, जिला मीडिया अधिकारी अजय कुरील, डॉ रत्नेश नामदेव, अस्पताल प्रबंधक अरुण शाह, सहित बड़ी संख्या में स्टाफ उपस्थित रहा।



## अभा ब्राह्मण महिला प्रकोष्ठ ने किया सावन महोत्सव का आयोजन

**जबलपुर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत महिला प्रकोष्ठ द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन किया गया, इसमें मुख्य अतिथि श्रीमती मानस मंजरी भाजपा महिला मोर्चा, उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू भार्गव, कीर्ति अभिलाष पांडे, अंजू तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। महिला प्रकोष्ठ की समस्त पदाधिकारी जिला संयोजक रीना दीक्षित, प्रदेश संरक्षक सोनल तिवारी, संभागीय संयोजक गीता अवस्थी, संभागीय महासचिव कंचन तिवारी, जिला महामंत्री मनीषा पाराशर, जिला सचिव निशा तिवारी, वार्ड संयोजक अनुभा दुबे, वार्ड संयोजक रेखा तिवारी, वार्ड संयोजक ज्योति शुक्ला, जिला कोषाध्यक्ष दिशा चौबे, जिला सचिव सविता रेनू उपाध्याय, वार्ड संयोजक शोभना मिश्रा, जिला महासचिव रंजन तिवारी, तहसील संयोजक आशा झा, वट संयोजक श्रद्धा तिवारी उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम में 200 महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान गेम, डांस, सॉन्ग फन एंड फूड आदि की व्यवस्था की गई, सभी महिलाओं ने सावन के गीतों में खूब सावन का लुत्फ उठाया, यह कार्यक्रम विजयनगर स्थित अग्रोहा होटल में आयोजित किया गया।

## लोक स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अतुल मिश्रा एवं जिला अध्यक्ष नितिन अग्रवाल के नेतृत्व में जबलपुर प्रवास पर आये लोक स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल को कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। कर्मचारियों की मांगों में 32 वर्ष से सेवारत कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की भांति मंहगाई भत्ता, समयमान वेतनमान, क्रमोन्नति का लाभ देने, रेडियोग्राफर का पदनाम परिवर्तित करने, लैब टेक्नीशियन का पदनाम परिवर्तित करने एवं प्रदेश के मेडीकल कॉलेज में पदस्थ तृतीय वर्ग एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को डॉक्टर्स की भांति सातवें वेतनमान का लाभ 01.01.2018 से दिए जाने संबंधित मांगें शामिल रहीं। ज्ञापन देते समय पं. अतुल मिश्रा, नितिन अग्रवाल, आशीष लाल, उमाचरण झारिया, सत्येन्द्र भट्ट, राजीव मिश्रा, रत्नेश मिश्रा, सुनील पटेल, नितेश तिवारी, रोहित मिश्रा सहित अनेक कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## स्कूली छात्रों ने इंटर्नशिप कार्यक्रम में समझीं हास्पिटल की व्यवस्थाएं



### भविष्य संवारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

**जबलपुर।** रयान इंटरनेशनल स्कूल शांति नगर के द्वारा विद्यार्थियों हेतु एक विशेष इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य छात्रों को वास्तविक जीवन के कार्य अनुभव से जोड़ना और उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए तैयार करना है, इंटर्नशिप हेतु कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने कई महत्वपूर्ण स्थानों जैसे अपोलो हॉस्पिटल आदि में जाकर कार्यानुभव, नेतृत्व कौशल, टीमवर्क और कार्यस्थल की आवश्यकताओं को समझा जिसकी प्रमुख विशेषताएं अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन प्रोजेक्ट आधारित कार्य एवं सहभागिता प्रमाण पत्र रहा।

संपूर्ण कार्यक्रम चेयरमेन डॉक्टर्स ए.ए. पिंटो एवं मैनेजिंग डायरेक्टर मैडम ग्रेस पिंटो के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उनका मानना है कि यह इंटर्नशिप कार्यक्रम छात्रों में आत्मविश्वास जिम्मेदारी और नवाचार की भावनाओं को विकसित कर छात्रों के उज्जवल भविष्य और सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सशक्त कदम होगा।

## सांसद आशीष दुबे को पर्यावरण हितैषी कार्यों की दी जानकारी

**जबलपुर।** सांसद आशीष दुबे से मिलकर भारत स्काउट एंड गाइड जिला जबलपुर, जिला संरक्षक, वरिष्ठ भाजपाई अजय तिवारी, एएसओसी ललित मिश्रा, जिला मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी एवं स्काउट मास्टर विशाल तिवारी ने जिला संघ भारत स्काउट एंड गाइड एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण हितैषी कार्यों, क्लाइमेट लीडर एक्शन प्लान की विस्तृत जानकारी दी एवं सांसद से अग्रिम मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी ने स्कार्फ विधि से सांसद का अभिनंदन किया, जिला संरक्षक अजय तिवारी ने तुलसी पौधा सौंपकर पर्यावरण चेतना जाहिर की। ललित मिश्रा संभागीय राज्य संगठन आयुक्त ने राष्ट्रीय मुख्यालय भारत स्काउट एंड गाइड एवं यूनिसेफ के गतिविधियों के कैलेण्डर का विमोचन सांसद द्वारा कराया। इस अवसर पर भारत स्काउट एंड गाइड के स्काउट मास्टर एवं विभिन्न पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 18/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति उषा देवी पति श्री राजदेव यादव, श्री प्रदीप कुमार पिता श्री राजदेव प्रसाद यादव ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी के भवन क्रमांक फ्लेट नं. 403 थर्ड फ्लोर असित अपार्टमेंट सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000164282 पर निर्मित तृतीय तल 1100 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमति सरोज कुमार झा पति श्री सहदेव झा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/25-26
दिनांक:- 18/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गगन साहू पिता श्री लक्ष्मण प्रसाद साहू ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी ने भवन क्रमांक 448/4 समपत्ति के पिन क्रमांक 1000397571 पर दर्ज जिस पर निर्मित भूतल 420 वर्गफुट आरसीसी प्रथमतल 420 वर्गफुट आरसीसी विक्रय पत्र, के आधार पर निगम में दर्ज श्री निरंजन राय पिता श्री एन.एन.राय का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**

## मकान मालिक कर रहा प्रताड़ित, पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार



**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन देने पहुंचे मोहम्मद अनवर पिता अब्दुल जलील निवासी नया मोहल्ला अखाड़े के पास जबलपुर जिन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर अवगत कराया कि हम लोग विगत कई वर्षों से जिस दुकान में किराए से रहकर अपना व्यापार करते हैं जिससे कि अपना जीवन यापन सुनिश्चित कर सकें, परंतु मकान मालिक मीना जैन एवं सुमित जैन के द्वारा जबरदस्ती एक दिन मोहर्रम पर्व की वजह से हमारी दुकान बंद कर थी उस दिन जैन परिवार द्वारा छत को गुंडागर्दी एवं नेतागिरी के बल पर तोड़ने का प्रयास किया गया एवं लड़ाई झगड़े की स्थिति उत्पन्न की गई, बरसात के चलते हमें मरम्मत से भी रोका जा रहा है क्योंकि दुकान का विवाद न्यायालय में विचाराधीन है इसके बाद भी बलपूर्वक हमें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है पीड़ितों ने न्याय की गुहार लगाई है।

## अंतर्राष्ट्रीय शोध जर्नल का हुआ विमोचन

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा के द्वारा डॉ. देवेन्द्र विश्वकर्मा के संपादन में अंतर्राष्ट्रीय जर्नल ऑफ सोशल साइंस एण्ड मैनेजमेंट स्टडीज का विशेषांक "वैश्वीकरण के युग में डॉ. बीआर अम्बेडकर के विचार" का विमोचन किया गया। उक्त अवसर पर प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने डॉ. देवेन्द्र विश्वकर्मा के द्वारा शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की एवं बधाई दी।



## झूलते निशान रहें पंथ महाराज के प्रकाशोत्सव पर लहराया बसंती निशान साहिब

**जबलपुर।** सिक्ख धर्म के आठवें गुरु श्री गुरु हरिकिशन महाराज के पवित्र प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा मढ़ाताल में साध संगत द्वारा कारसेवा के साथ बसंती निशान साहिब लहराया गया। चोले साहिब की सेवा का सुयश हरदीप सिंह परमार परिवार को मिला। इस मौके पर धार्मिक जयकारों, बोले सो निहाल सत श्री अकाल तथा वाहे गुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतह, के बीच रागी जत्था भाई नरेंद्र सिंह एवं साजिंदे साथी विरोचित गायन कर रहे थे, झूलते निशान रहें पंथ महाराज के। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी रजिंदर सिंह ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के पवित्र हुकमनामे के बाद सरबत के भले की अरदास प्रार्थना संपन्न कराई।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 18/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति मधु दुल्हानी पति डॉ. गोपीचंद दुल्हानी, राहुल दुल्हानी पिता डॉ. गोपीचंद दुल्हानी ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 194/195 दत्त टाउनशिप ब्लाक D सम्पत्ति के पिन क्रमांक 2000157354 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 2000 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 1250 वर्गफुट RCC, प्रथमतल 1250 वर्गफुट RCC विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री सुधीर दत्त पिता स्व. श्री ए.सी.दत्त का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 18/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति सुची धुपार पति कैलाशनाथ धुपार ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 131 फेस-1 स्वीश विला सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004403212 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1123.76 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री एस.बी. बिल्डकॉन द्वारा पार्टनर संदीप विजन का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं गीता यादव ( Geeta Yadav ) उम्र लगभग 73 वर्ष पति स्व. श्री सत्यनारायण यादव निवासी म.नं. 133. कान्हा रोड, अरन्यक कला दीर्घा के पास, खटिया नारंगी, कान्हा किसली जिला मण्डला म.प्र. आधार नंबर-3119 6943 0984 शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूं कि यह कि मेरा हिन्दी/अंगेजी सही नाम गीता यादव ( Geeta Yadav ) है जो मेरे आधार कार्ड में दर्ज है। इसी नाम से मुझे मेरे परिवार के सभी सदस्यो के द्वारा पुकार कर सम्बोधित किया जाता है। यह कि मेरे पति स्व. श्री सत्यनारायण यादव जो भूतपूर्व सैनिक के पद में दिनांक 27/06/1975 तक कार्यरत रहे हैं जिनका दिनांक 29/05/2024 को स्वर्गवास हो चुका है। जिनका रैंक EX-GNR संख्या 1287879 पत्र संख्या एम-32/5961 है। मैं उनकी विवाहिता धर्मपत्नी हूँ। मेरे पति स्व. सत्यनारायण यादव के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम इंग्लिश स्पेलिंग नाम Gita दर्ज है। जो कि त्रुटि पूर्ण इंग्लिश स्पेलिंग नाम है। जबकि मेरा सही इंग्लिश स्पेलिंग नाम Geeta Yadav है। गीता यादव ( Geeta Yadav ) गीता ( Gita ) यह दोनो हिन्दी /अंग्रेजी स्पेलिंग नाम मुझ शपथकर्ती के नाम है। जहाँ-जहाँ जिन जिन दस्तावेज एवं मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में दर्ज गीता ( Gita ) के स्थान पर मेरा सही हिन्दी/इंग्लिश स्पेलिंग नाम गीता यादव ( Geeta Yadav ) अंकित कर लिखा, पढ़ा, माना, समझाा एवं सम्बोधित किया जाये।

**सही नामः गीता यादव**
**Correct Name: Geeta Yadav**
**गलत नामः गीता यादव**
**Incorrect Name: Gita Yadav**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा सलैया, नं.ब.467, प.ह.नं. 19/41/00148 ( सलैया ), रा.नि.म. कुण्डम तहसील कुण्डम जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नं.125 ( यूनिक आई डी 1138292976 ) रकवा 1.3300 हेक्टेयर कृषि भूमि, को खरीदने का अनुबन्ध, संपत्ति मालिक श्री मो. अख्तर मंसूरी पिता श्री शेख लियाकत उल्ल मंसूरी निवासी म.नं.115/1 साउथ मिलौनीगंज, मंसुराबाद, जबलपुर ( म.प्र. ) वालों से मेरे पक्षकारों ने किया है, जिसकी बैनामा रजिस्ट्री शीघ्र होना तय है। अतः उक्त संपत्ति के बावत् यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय, अशासकीय कार्यालयों आदि को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो दस्तावेज सहित सूचना दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित रूप से अपनी आपत्ति पेश करें। अन्यथा उक्त समयावधि के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी, व मेरे पक्षकार बैनामा निष्पादन के लिये स्वतंत्र होगें।

जबलपुर, दिनांक 17/7/2025

**राकेश कुमार गुप्ता (अधिवक्ता)**
सीट-बड़ा बार रूम, जिला न्यायालय, जबलपुर ( म.प्र. )
956, गोरखपुर गुरूद्वारे के सामने, जबलपुर ( म.प्र. ), मो. 9301200578

BusinessCulture

# अब पांच डिसमिल से कम कृषि भूमि की रजिस्ट्री नहीं, विस में विधेयक पास, कई और बदलाव

राज्य में अब पांच डिसमिल से कम कृषि भूमि की रजिस्ट्री नहीं होगी, ऐसा अवैध प्लाटिंग को रोकने के लिए किया गया है। साय सरकार ने छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संशोधन विधेयक 2025 में इसका प्रावधान किया है। गुरुवार को विधानसभा में इस विधेयक को पास किया गया। इस महत्वपूर्ण विधेयक में जमीन संबंधी मामलों को आसान करने कई अहम बदलाव किए गए है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

यहां यह बताना लाजिमी है कि कांग्रेस शासन में पांच डिसमिल से कम कृषि भूमि की रजिस्ट्री का रास्ता खोल दिया था। नए संशोधन विधेयक में अब इस पर रोक रहेगी। इस संशोधन के बाद अवैध प्लाटिंग पर रोक लगेगी और जन साधारण के नक्शा बटांकन एवं अभिलेख के अद्यतनीकरण (अपडेट) करना भी आसान होगा। दरअसल, ये संशोधन भूमि के स्वामित्व और उसके प्रशासन के संबंध में परिस्थितियों में आए बदलाव के मद्देनजर करना जरूरी हो गया था।

### अब विवाद होंगे कम

वर्तमान में सर्वे-रिसर्वे के तहत डिजिटल मेप (जियोरिफ्रेंसिग मेप) तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है जिसके संदर्भ में वर्तमान में संहिता में प्रावधान नहीं होने के कारण भविष्य में विधिक विवाद की स्थिति निर्मित हो सकती है, धारा 107 में संशोधन के बाद त विधिक विवाद की स्थिति में कमी आवेगी।

**कृषि भूमि का पांच डिसमिल से कम हिस्सा नहीं बनेगा**



### अब स्वतः नामांतरण में होगी आसानी

अधिनियम की धारा 110 (7) में परन्तुक जोड़े जाने के संबंध में लेख है कि स्वतः नामांतरण प्रक्रिया किया जाना प्रावधानित है। लेकिन संहिता में व्यक्तिगत नामांतरण सूचना के तामिली नहीं होने के कारण पंजीयन अभिलेखों में स्वतः नामांतरण होने वाले इस प्रक्रिया का पालन नहीं हो पा रहा है।

### वैध वारिसान के पक्ष में होगा नामांतरण

इस संशोधन का एक महत्वपूर्ण लाभ ये होगा कि धारा 110(9) में नवीन उपधारा में आने वाले प्रावधान से भूमि धारक की अचानक मृत्यु से अंतरण करने में संयुक्त खाताधारकों की समस्या में कमी आयेगी। साथ-साथ वैध वारिसानों के पक्ष में नामांतरण किया जा सकेगा। धारा 110 (10) में निहित प्रावधान के अंतर्गत धारित भूखण्ड ,भवन में भूमि के हस्तांतरण की प्रक्रिया भूमि के अनुपात में की जा सकेगी।

### किफायती आवास नियम होगा स्पष्ट

*संशोधन के मुताबिक धारा 72 में संशोधन के संबंध में औद्योगिक नीति 2024-30, सार्वजनिक किफायती आवास नियम, 2025, व्यवसाय सुगमता, नगर एवं ग्राम निवेश के अनुरूप विकास को बढ़ावा देने हेतु प्रक्रिया को सरल बनाने हेतु यह प्रावधान किया जाना है। संहिता में यह प्रावधान पहले से ही है, लेकिन अस्पष्ट है, जिसे इस प्रावधान के लागू होने के बाद आम जनता के लिए समझना आसान होगा।*

# एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम में बदलाव... बाबर बर्बर व हिंसक विजेता, अकबर क्रूर और सहिष्णु, औरंगजेब ने तोड़े मंदिर

- 8वीं कक्षा सोशल साइंस बुक के पार्ट-1 'एक्सप्लोरिंग सोसाइटी : इंडियन एंड बियॉन्ड' पर विवाद
- किताब में दिया डिसक्लेमर- अतीत की घटनाओं के लिए अब किसी को भी नहीं ठहरा सकते जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद अर्थात एनसीईआरटी की आठवीं क्लास की सामाजिक विज्ञान की किताब में बदलाव किया गया है। बदला हुआ यह पाठ्यक्रम मौजूदा शैक्षणिक सत्र से ही लागू होगा। इसी सप्ताह एनसीईआरटी ने यह किताब जारी की है और इसके बाद से इसमें पेश किए गए तथ्यों को लेकर विवाद शुरू हो गया है। मुगलों के इतिहास में क्रूरता को शामिल करते हुए बाबर सहित अकबर को भी क्रूर बताया गया है।

### केवल तथ्य पेश करें विचार नहीं

अतीत में जो कुछ हुआ, उसे तथ्यों के साथ पेश करें। इतिहास के नाम पर अपने विचार ना थोपें। केवल सही जानकारी दें और लोगों को सही-गलत का निर्धारण करने दें।

**- राजीव गुप्ता,** अध्यक्ष निजी स्कूल संघ

**एनसीईआरटी : आठवीं कक्षा के सामाजिक विज्ञान में बदलाव, इसी सप्ताह जारी हुई नई किताब**





### प्रत्येक इतिहासकार का अपना नजरिया

किसी भी घटना को लेकर इतिहासकार का अपना नजरिया होता है। यह दौर राष्ट्रवादी इतिहासकारों का है। अत: उन्होंने अपने विचार मुगलों के संदर्भ में रखे।

**- डॉ.निलेश मिश्रा,** प्राध्यापक इतिहास विभाग, रविवि

**13वीं से 17वीं सदी तक के इतिहास को किया कवर**




**इंग्लिश माध्यम किताब के अंशों का हिंदी अनुवाद:** चित्तौड़ के किले पर कब्जे के दौरान अकबर की उम्र 25 साल थी और उन्होंने 30 हजार नागरिकों के जनसंहार के साथ बच्चों और महिलाओं को गुलाम बनाने का फरमान जारी किया था। अकबर के हवाले से कहा गया है, ''हमने काफिरों के कई किलों और कस्बों पर कब्जा कर लिया है और वहां इस्लाम की स्थापना की है। खून की प्यासी तलवारों की मदद से हमने उनके मन से काफिरों के निशान मिटा दिए हैं। हमने वहां के मंदिरों को भी नष्ट कर दिया है।'' किताब में इसके आगे लिखा है कि अकबर अपने बाद के शासन में शांति और सद्भावना की बात करते हैं। औरंगजेब ने स्कूलों और मंदिरों को तोड़ने का आदेश दिया था।

**विवाद के बाद एनसीईआरटी ने जारी किया बयान:** विवाद बढ़ने के बाद एनसीईआरटी ने बयान जारी कर जवाब दिया है। एनसीईआरटी ने कहा है, ''आठवीं क्लास के लिए सोशल साइंस की नई किताब 'एक्सप्लोरिंग सोसाइटी, इंडिया एंड बियॉन्ड' अब उपलब्ध है। यह किताब राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यक्रम फ्रेमवर्क 2023 के तहत लाई गई है। इस किताब में भारतीय इतिहास की 13वीं सदी से 19वीं सदी के मध्य तक की अवधि को समेटा गया है।

### ब्रिटेन में 16 साल की उम्र में दे सकेंगे वोट

**लंदन।** ब्रिटेन में अब वोट डालने की न्यूनतम उम्र अब 18 से घटकर 16 साल हो गई है। सरकार ने ऐलान किया है कि अब 16 और 17 साल के युवा भी अगले आम चुनाव में वोटिंग कर सकते हैं। ब्रिटेन में मतदान की उम्र में आखिरी बार बदलाव 1969 में हुआ था, जब इसे 21 से घटाकर 18 साल किया गया था। इससे पहले 16-17 साल के युवा केवल स्कॉटलैंड और वेल्स में कुछ चुनावों में ही वोट डाल सकते थे, लेकिन अब वे पूरे ब्रिटेन में स्थानीय, क्षेत्रीय और आम चुनावों में हिस्सा ले सकेंगे। इसके अलावा ब्रिटेन की सरकार ने एक नया नियम बनाया है, जिसके तहत अब कोई भी राजनीतिक पार्टी विदेश से 500 पाउंड (करीब 58,000 रुपए) से ज्यादा का चंदा नहीं ले सकेगी।



### स्कोडा ने हासिल की नई उपलब्धि

**जबलपुर।** स्कोडा ऑटो कंपनी ने इस महीने 2025 की पहली छमाही में अपनी अब तक की सबसे ज़बरदस्त बिक्री दर्ज की है और अब एक और बड़ी उपलब्धि के रूप में ब्रांड ने देश के 172 शहरों में 300 से अधिक ग्राहक टचपॉइंट्स का आंकड़ा पार कर लिया है। ग्राहक अनुभव को बेहतर से बेहतरीन बनाना स्कोडा ऑटो की भारत में तेज़ रफ्तार विकास रणनीति का मूल मंत्र है। देशभर में तेज़ी से बढ़ता यह नेटवर्क, न केवल स्कोडा की बढ़ती पहुँच का प्रमाण है, बल्कि भारतीय ग्राहकों के बीच उसके मज़बूत होते भरोसे की कहानी भी कहता है। इस अवसर पर स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा, "हमारे नेटवर्क के विस्तार से हमारी कारें और सेवाएं अब ज़्यादा लोगों तक पहुंच रही हैं। इससे ग्राहकों को देशभर में तेज़, भरोसेमंद और गुणवत्ता से भरपूर सेवा मिल रही है। हम 'ग्राहकों के और करीब आने' और 'साथ मिलकर आगे बढ़ने' की सोच के साथ काम कर रहे हैं।

## सेबी ने गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ के लिए नया प्रस्ताव किया जारी

# लंदन नहीं, भारत से ही तय होगी सोने-चांदी की कीमत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ में निवेश करने वालों के लिए जल्द बड़ा बदलाव हो सकता है। भारतीय बाजार नियामक सेबी (सेबी) ने म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में सोना और चांदी की वैल्यूएशन को लेकर एकरूपता लाने के लिए नया प्रस्ताव जारी किया है। इसके तहत अब तक जो अंतरराष्ट्रीय एलबीएमए(लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन) प्राइस का इस्तेमाल होता था, उसकी जगह घरेलू कमोडिटी एक्सचेंजों से मिलने वाला स्पॉट प्राइस लिया जा सकता है।

सेबी का मानना है कि मौजूदा व्यवस्था में अलग-अलग एसेट मैनेजमेंट कंपनियां (एएमसी) अलग-अलग घरेलू बेंचमार्क और प्रीमियम/डिस्काउंट का उपयोग करती हैं, जिससे पूरे म्यूचुअल फंड सेक्टर में असंगति आ जाती है। इससे निवेशकों को भी भ्रम होता है और पारदर्शिता में कमी आती है।

### इस कारण किया जा रहा बदलाव?

अब तक ईटीएफ में सोने और चांदी की वैल्यू जानने के लिए एलबीएमए प्राइस लिया जाता था। फिर उसे मीट्रिक यूनिट में बदला जाता था, डॉलर से रुपए में बदला जाता था और फिर कस्टम ड्यूटी व अन्य टैक्स जोड़े जाते थे। सेबी का कहना है कि इस पूरी प्रक्रिया में डुप्लिकेशन और सब्जेक्टिव एडजस्टमेंट होता है। वहीं, घरेलू एक्सचेंज जैसे एमसीएक्स या अन्य संस्थाएं रोज़ाना स्पॉट प्राइस पोल करती हैं, जो घरेलू मांग-आपूर्ति के ज्यादा सटीक संकेत देते हैं।

### 6 अगस्त तक मांगे गए है सुझाव?

सेबी ने इस प्रस्ताव पर पब्लिक और इंडस्ट्री से 6 अगस्त तक सुझाव मांगे हैं। इसके बाद अंतिम फैसला लिया जाएगा। अगर यह प्रस्ताव लागू होता है, तो गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ में निवेश करने वाले निवेशकों को घरेलू बाजार की सही तस्वीर पर आधारित वैल्यू मिलेगी और इंटरनेशनल डेटा पर निर्भरता घटेगी।



- अब एलबीएमए प्राइस की जगह घरेलू स्पॉट प्राइस लिया जा सकता है
- 6 अगस्त तक सुझाव मांगे गए हैं, अंतिम फैसला बाद में होगा

### घरेलू डेटा से क्या बदलेगा?

सेबी के अनुसार, अब यह प्रस्ताव है कि म्यूचुअल फंड कंपनियां सीधा कमोडिटी एक्सचेंज द्वारा दिए गए स्पॉट प्राइस को लें। इससे न केवल प्रक्रिया सरल होगी बल्कि घरेलू बाजार के अनुरूप कीमत तय की जा सकेगी। साथ ही, अब पॉलिंग की प्रक्रिया, डेटा कलेक्शन और मूल्य निर्धारण की नीति को भी सार्वजनिक करने की सिफारिश की गई है ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

## सुप्रीम कोर्ट ने सालभर में ही बदला अपना फैसला

# खुली सुनवाई के बाद मां को लौटा दी बच्चे की कस्टडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक वैवाहिक विवाद और बच्चे की कस्टडी से जुड़े मामले में अपने ही फैसले को सालभर के अंदर पलट दिया है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने कहा कि पिछले साल अगस्त में पिता को दिए गए कस्टडी के आदेश से बच्चे के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ा है और बच्चा चिंता एवं अवसाद से ग्रस्त है। इसलिए, मां की पुनर्विचार याचिका को स्वीकार करते हुए बच्चे की कस्टडी अब मां को दी जाती है।

15 जुलाई को मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने मां द्वारा अपने 12 वर्षीय बेटे की स्थायी अभिरक्षा के लिए दायर पुनर्विचार याचिका को स्वीकार कर लिया। इस याचिका में मां ने बेटे को उसके जैविक पिता को सौंपने के कोर्ट के पूर्व आदेश के खिलाफ अपील की थी।

### नजरअंदाज नहीं कर सकते

पीठ ने कहा, हम उस आघात को नजरअंदाज नहीं कर सकते जो अदालतों द्वारा पिता को अभिरक्षा सौंपने के आदेशों के परिणामस्वरूप बच्चे को हो रहा है। न्यायालय ने आगे कहा कि यद्यपि समीक्षा अधिकारिता का संयम से प्रयोग किया जाना चाहिए, लेकिन पूर्व के फैसले के कारण बच्चे का बिगड़ता मानसिक स्वास्थ्य न्यायिक हस्तक्षेप के लिए एक पर्याप्त और बाध्यकारी कारण है।



**माता-पिता की शादी 2011 में हुई थी :** फैसले के अनुसार बच्चे के माता-पिता की शादी 2011 में हुई थी। बच्चे का जन्म 2012 में हुआ था। इसके एक साल बाद ही पति-पत्नी अलग हो गए। उस समय बच्चे की कस्टडी मां को सौंप दी गई थी। उस मां ने 2016 में दूसरी शादी कर ली। उसके दूसरे पति से भी दो बच्चे थे और नई शादी से भी एक बच्चा है। पिता ने बताया कि 2019 तक उसे उसके बच्चे के ठिकाने के बारे में कोई जानकारी नहीं थी लेकिन जब उसकी मां ने कुछ कागजी कार्रवाई के लिए उससे संपर्क किया तो उसे पता चला। पिता ने आरोप लगाया कि मां ने बच्चे को हिन्दू से ईसाई में धर्मांतरण करवा दिया है।

### पिछले साल बरकरार रखा था हाईकोर्ट का आदेश

इससे पहले पिछले साल शीर्ष अदालत ने पिता के पक्ष में केरल हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा था। उस समय मामले की सुनवाई करते हुए बच्चे को हुई गंभीर मनोवैज्ञानिक क्षति को ध्यान में नहीं रखा गया था। लिहाजा, उन परिस्थितियों पर विचार करते हुए शीर्ष अदालत ने अब बच्चे की कस्टडी मां को दे दी और जैविक पिता के बच्चे से मिलने के अधिकार में भी संशोधन किया। अपने पुराने फैसले को पलटते हुए पीठ ने कहा, वैवाहिक विवाद के मामलों में बच्चे की कस्टडी पर अदालती फैसले 'कठोर' और 'अंतिम' नहीं हो सकते। इसलिए अदालत नाबालिग के सर्वोत्तम हित में फैसले बदलने का हकदार हैं।

# अमेरिका से व्यापार वार्ता में भारत को सतर्क रहने की जरूरत : राजन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर जारी बातचीत के दौरान भारत को खासकर कृषि क्षेत्र को लेकर 'बहुत सतर्क' रहने और 'सूझबूझ' के साथ काम करने की जरूरत है। राजन ने बातचीत में कहा कि विकसित देश कृषि क्षेत्र को काफी सब्सिडी देते हैं और यह हमें ध्यान रखने की जरूरत है। भारत की आर्थिक वृद्धि दर फिलहाल छह-सात प्रतिशत के दायरे में स्थिर हो गई है। हालांकि वैश्विक व्यापारिक अनिश्चितताओं के चलते इसमें थोड़ी गिरावट हो सकती है। राजन ने कहा, ''कृषि जैसे क्षेत्रों में व्यापार समझौते काफी जटिल हो जाते हैं क्योंकि हर देश अपने उत्पादकों को सब्सिडी देता है। भारत के उत्पादक अपेक्षाकृत छोटे हैं और उन्हें कम सब्सिडी मिलती है। ऐसे में यदि कृषि उत्पादों का निर्बाध आयात होने लगे तो इससे हमारे किसानों को नुकसान हो सकता है।''

### बीटीए को लेकर पांचवें दौर की बातचीत

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर इस सप्ताह वाशिंगटन में पांचवें दौर की बातचीत हुई है। भारत अमेरिकी प्रशासन की तरफ से अप्रैल में घोषित 26 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क को हटाए जाने की मांग कर रहा है। इसके अलावा भारतीय इस्पात एवं एल्युमीनियम पर लगे 50 प्रतिशत और वाहनों पर 25 प्रतिशत शुल्क से राहत देने की मांग रखी गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौता इंडोनेशिया के साथ हुए समझौते की तर्ज पर ही होगा। इसका मतलब है कि कृषि क्षेत्र में आयात की अनुमति देने एक अहम मुद्दा बनने जा रहा है। पूर्व आरबीआई गवर्नर ने सुझाव दिया कि विकसित देशों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को बढ़ावा देकर दुग्ध उत्पादों जैसे क्षेत्रों में मूल्यवर्धन को बढ़ाया जा सकता है जिससे देश के दुग्ध उत्पादकों को फायदा होगा।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न

**मिथुन** किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।


**धनु** आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## शब्द पहेली - 5932



**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

### शब्द पहेली- 5931 का हल



## सूडोकु नवताल - 5942

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5941 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |



# बंगाली फिल्म बक्शो बोंडी से होगा मेलबर्न महोत्सव का उद्घाटन

**मुंबई।** अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम की बंगाली फिल्म 'बक्शो बोंडी' भारतीय फिल्म महोत्सव मेलबर्न (आईएफएफएम) के 2025 संस्करण की उद्घाटन फिल्म होगी। फिल्म के सह-निर्माता शोम और जिम सरभ हैं। फिल्म का आधिकारिक ऑस्ट्रेलियाई प्रीमियर 14 अगस्त को होगा। फिल्म में तिलोत्तमा शोम ने अदाकारी की है। फिल्म के निर्देशक सौम्यानंद साही हैं। फिल्म की कहानी कोलकाता के एक उपनगर पर आधारित है। फिल्म की कहानी एक कामकाजी महिला के आसपास घूमती है। अंग्रेजी में 'शैडोबॉक्स' नाम की इस फिल्म का विश्व प्रीमियर 75वें बर्लिन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हुआ था। अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम ने कहा बक्शो बोंडी मेरे दिल के बेहद करीब है।

लाइफ Style

# प्रियंका

## अपने दम पर बॉलीवुड में कमाया नाम

उत्तर प्रदेश के छोटे से शहर बरेली से निकलीं प्रियंका चोपड़ा अब एक इंटरनेशनल स्टार बन गई हैं। मॉडलिंग, फिर मिस वर्ल्ड का खिताब, उसके बाद बॉलीवुड में डेब्यू और फिर इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस और कई अवॉर्ड्स। उसके बाद सीधे टिकट टू हॉलीवुड। किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है प्रियंका चोपड़ा की असल जिंदगी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

प्रियंका ने शुक्रवार को अपना 43वां जन्मदिन मनाया। प्रियंका चोपड़ा की बॉलीवुड में शुरुआत साल 2000 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने के बाद हुई। प्रियंका ने साल 2003 में आई फिल्म 'द हीरो: लव स्टोरी ऑफ ए स्पाई'से की। इसमें उनके साथ सनी देओल और प्रीति जिंटा जैसे स्टार भी शामिल थे। इसके बाद इसी साल प्रियंका अक्षय कुमार और लारा दत्ता के साथ फिल्म 'अंदाज' में नजर आईं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही और प्रियंका इंडस्ट्री की नजरों में आ गईं। उसके बाद साल 2004 में प्रियंका सलमान खान-अक्षय कुमार के साथ फिल्म मुझसे शादी करोगी जैसी एक और सफल फिल्म में बतौर लीड एक्ट्रेस आईं।

इसी साल प्रियंका ऐतराज में निगेटिव रोल में नजर आईं और अवॉर्ड भी जीता। इसके बाद प्रियंका इंडस्ट्री में पूरी तरह से स्थापित हो गईं। बॉलीवुड में सफलता पाने के बाद और हाइएस्ट पेड एक्ट्रेस बनने के बाद प्रियंका ने रुख किया हॉलीवुड का। साल 2015 में वो पहली बार अमेरिकन टीवी सीरीज क्वांटिको में नजर आईं। इस सीरीज के दो सीजन आए दोनों में प्रियंका नजर आईं और उनके काम की तारीफ भी हुई और उन्हें अवॉर्ड भी मिले। इसके बाद साल 2017 में वो हॉलीवुड की एक्शन-कॉमेडी फिल्म बेवॉच में नजर आईं।



हॉलीवुड मसाला




# मोर्टल कॉम्बैट 2 का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** वार्नर ब्रदर्स ने मॉर्टल कॉम्बैट 2 का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो मशहूर वीडियो गेम सीरीज पर आधारित है। यह फिल्म 24 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। तीन घंटों के अंदर फिल्म के ट्रेलर को यूट्यूब पर 80 हजार से ज्यादा के व्यूज मिल चुके हैं। ट्रेलर में लॉर्ड रैडेन जॉनी केज को मॉर्टल कॉम्बैट टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए बुलाते हैं। इसमें किटाना, शाओ खान, लियू कांग, जैक्स और बाराका जैसे किरदार दिखते हैं। यह फिल्म पहले की तुलना में ज्यादा हास्यपूर्ण और रोमांचक है, जो जॉनी केज के मजेदार स्वभाव के कारण और आकर्षक लगती है।



# हूज सॉरी नाउ गाने से हुई कॅरियर की शुरुआत

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी संगीत जगत की एक चमकती हुई आवाज हमेशा के लिए खामोश हो गई है। स्टूपिड क्यूपिड, प्रिटी लिटिल बेबी और हूज सॉरी नाउ? जैसे हिट गानों से करोड़ों दिलों पर राज करने वाली मशहूर गायिका कोनी फ्रांसिस का 87 साल की उम्र में निधन हो गया है। कोनी फ्रांसिस का सिंगिंग कॅरियर 1957 से 1964 तक अपने सुनहरे दौर में था। उस समय जब रॉक एन रोल म्यूजिक का क्रेज तेजी से बढ़ रहा था, तब कोनी ने अपनी मधुर और दिल को छू लेने वाली आवाज से फैंस के दिलों में खास जगह बना ली। वो उस समय की पहली सफल महिला गायिकाओं में से एक थीं, जिनके गाने लगातार टॉप म्यूजिक चार्ट्स में बने रहते थे। उनके कॅरियर की शुरुआत 'हूज सॉरी नाउ?' जैसे सुपरहिट गाने से हुई, जो रातोंरात वायरल हो गया था। इसके बाद 'द हार्ट हेज ए माइंड ऑफ इट्स ओन' और 'डोन्ट ब्रेक द हार्ट डेट लव्स यू' जैसे गानों ने उनकी पहचान को और मजबूत किया। उनकी गायकी की खासियत थी उसमें छुपे इमोशन्स और दर्द, जो हर पीढ़ी के दर्शकों को आकर्षित करती रही।



# पसंद आई प्यार और जुनून की कहानी

**मुंबई।** मोहित सूरी की फिल्म सैयारा शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। आशिकी 2 और एक विलेन जैसी यादगार सुपरहिट लव स्टोरी देने वाले मोहित सूरी इस बार एक नई प्रेम कहानी के साथ लौटे हैं। फिल्म में इश्क, जुनून, दर्द और तड़प की कहानी को दिखाया गया है। सैयारा पूरी तरह से एक रोमांटिक-लव स्टोरी है। फिल्म के गाने पहले से ही सुपरहिट हो चुके हैं। सैयारा देखकर लौटे अधिकांश लोग फिल्म से संतुष्ट नजर आ रहे हैं और फिल्म की तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि इस फिल्म ने मुझे रुलाया और मुझे प्यार और भरोसे पर फिर से यकीन करना सिखाया है। यह एक शानदार इमोशनल फिल्म है। सिनेमाहॉल से एक वीडियो भी सामने आ रहा है, जिसमें एक शख्स फिल्म देखकर काफी भावुक हो गया और रोने लगा।



# देश को बचाने निकली हिम्मत सिंह की सेना

**मुंबई।** लोगों का इंतजार खत्म हुआ और हिम्मत सिंह एक बार फिर देश को बचाने के लिए हाजिर हो गए हैं। केके मेनन स्टारर स्पेशल ऑप्स 2 रिलीज हो चुका है। रिलीज होते ही स्पेशल ऑप्स 2 सुर्खियों में भी आ गया है और सोशल मीडिया पर लोग शो की कहानी से लेकर लोगों के अभिनय तक की तारीफ कर रहे हैं। स्पेशल ऑप्स के इस नए सीजन में एआई के बढ़ते इस्तेमाल से होने वाले खतरों के बारे में दिखाया गया है। कैसे एआई देश के लिए और लोगों के लिए खतरा हो सकता है। इस बार की कहानी देश के टॉप एआई साइंटिस्ट डॉ. पीयूष भार्गव के अपहरण और हिम्मत सिंह की टीम को उन्हें ढूंढने पर आधारित है। डॉ. पीयूष भार्गव ऐसे सीक्रेट्स जानते हैं जो देश की सुरक्षा के लिए बेहद अहम हैं। ऐसे में रॉ की टीम उन्हें ढूंढने में लग जाती है।

टीवी मसाला




# दयाबेन बनकर दिशा ने हमेशा हंसाया है सबको

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में दया बेन यानी दिशा वकाणी काफी समय से गायब हैं। फैंस दिशा को दयाबेन के रूप में देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि बीच में कई बार ऐसी खबर आई कि दिशा की जगह अब नई दयाबेन आएगी, लेकिन फिर ये खबरें बंद हो जाती हैं। अब शो में सोनू का किरदार निभा चुकीं निधि भानुशाली ने दया बेन को लेकर बात की। निधि से पूछा गया कि क्या वह दिशा को तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में देखना चाहते हैं? इस पर निधि बोलती हैं कि यह फैसला दिशा को ही लेना पड़ेगा और जो भी उनका फैसला हो दर्शकों को उनके फैसले की रिस्पेक्ट करनी चाहिए। निधि ने कहा, 'मुझे सच में लगता है कि हम में से कोई फैसला ले सकता है। यह उनकी लाइफ है, उनकी जर्नी है और सिर्फ उन्हें हक है वह क्या करना चाहती हैं।' निधि ने आगे कहा, 'बतौर दर्शक हम सब चाहते हैं कि दिशा कमबैक करें, लेकिन हमें उनके हर फैसले की रिस्पेक्ट करनी चाहिए। उन्होंने अपनी मौजूदगी में हमेशा हमें हंसाया है।'

## नजर आएगी विवयन और दीपिका की जोड़ी

**नई दिल्ली।** कलर्स टीवी का चेहरा रह चुके विवियन डीसेना और दीपिका कक्कड़ के फैंस के लिए एक खुशखबरी है। बिग बॉस के घर में नजर आ चुके ये एक्टर्स जल्द ही एक नए प्रोजेक्ट में साथ नजर आएंगे। विवियन और दीपिका का ये प्रोजेक्ट ड्रीमियाता एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन हाउस के तहत बनेगा। इस शो से दोनों टीवी एक्टर्स की छोटे पर्दे पर वापसी होगी। विवियन और दीपिका के इस सीरियल की शूटिंग साल 2026 में शुरू होगी। दीपिका कक्कड़ की बात करें तो आखिरी बार उन्हें सिलेब्रिटी मास्टर शेफ्स में देखा गया था। इसके बाद उन्हें कैंसर हो गया था। कैंसर की वजह से दीपिका कक्कड़ ने टीवी की दुनिया से दूरी बना ली थी। हाल ही में दीपिका की सर्जरी हुई थी। विवयन डीसेना की बात करें तो वो बिग बॉस 18 के घर में नजर आ चुके हैं। विवियन डीसेना कलर्स टीवी के शो मधुबाला, शक्ति और सिर्फ तुम जैसे हिट शोज में भी नजर आ चुके हैं। ड्रीमियाता एंटरटेनमेंट टीवी इंडस्ट्री के सबसे चर्चित प्रोडक्शन हाउस में से एक है। विवियन और दीपिका के शो की कहानी या नाम को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।



# हॉलीवुड नहीं, बॉलीवुड में बनी थी पहली सुपरमैन

**मुंबई।** जब भी हम सुपरहीरो फिल्मों की बात करते हैं, तो सबसे पहले मन में हॉलीवुड की फिल्मों का नाम आता है। जैसे - स्पाइडरमैन, बैटमैन या फिर सुपरमैन। खासकर सुपरमैन, जो 1978 में आई हॉलीवुड फिल्म से पूरी दुनिया में मशहूर हुआ था, जिसमें क्रिस्टोफर रीव ने सुपरमैन वाले किरदार को निभाया था। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि भारत ने इस फिल्म से भी 18 साल पहले ही सुपरमैन की फिल्म बना दी थी?




## हॉलीवुड से भी पहले भारत ने सुपरमैन फिल्म बना दी थी

भारत ने हॉलीवुड की फिल्म सुपरमैन जो 1978 में आई थी, उससे भी 18 साल पहले ही सुपरमैन पर फिल्म बना दी थी और इससे भी ज्यादा हैरानी की बात ये है कि उस फिल्म में सुपरमैन बनी थीं एक फीमेल एक्ट्रेस और वो थीं निरूपा रॉय, जिन्हें बाद में मां के रोल के लिए पहचाना जाने लगा। साल 1960 में आई इस फिल्म की कहानी और स्टाइल पूरी तरह से सुपरहीरो बेस्ड थी, जिसमें उड़ने वाले सीन्स, ताकतवर हीरोइन और क्राइम से लड़ाई दिखाई गई। इस फिल्म में सबसे दिलचस्प बात ये थी कि इसमें निरूपा रॉय ने सुपरमैन जैसी भूमिका निभाई थी। उस दौर में एक एक्ट्रेस को इतने दमदार और सुपरमैन जैसे किरदार में दिखाना एक बड़ी बात थी।

## इंडियन 'सुपरमैन' बनने के साथ बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

आपने कई फीमेल सुपरहीरो देखे होंगे, जैसे मार्वल की कैप्टन मार्वल, इलेक्ट्रा और ब्लैक विडो। डीसी ने भी कैटवुमन जैसी दमदार फीमेल सुपरहीरो पर फिल्में बनाई हैं। लेकिन, ऐसा दुनिया में पहली और अभी तक आखिरी बार हुआ है कि कोई महिला 'सुपरमैन' बनकर आई थी वो भी 1960 की बॉलीवुड फिल्म में। ऐसा अभी तक नहीं हुआ कि सुपरमैन का किरदार किसी महिला ने निभाया हो। ऐसा करने वाली निरूपा रॉय दुनिया की पहले एक्ट्रेस बन चुकी हैं।

# फिल्म की कहानी पर भारी पड़ा किरीती का डांस




**मुंबई।** राधाकृष्ण रेड्डी के निर्देशन में बनी फिल्म जूनियर 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को दर्शकों की तरफ से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली। यह कर्नाटक के पूर्व मंत्री गली जनार्दन रेड्डी के बेटे किरीती रेड्डी की पहली फिल्म है। इसमें श्रीलीला और जेनेलिया देशमुख अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म 'जूनियर' में अभि नाम के एक युवक की कहानी है, जो विजय सौजन्या के अधीन काम करता है। उसे जल्द ही जेनेलिया और उसके पिता के अतीत के बारे में कुछ चौंकाने वाली बातें पता चलती हैं। वह इन बातों की खोज करता है जो उसके पिता के साथ उसके रिश्ते को बदल सकते हैं। फिल्म 'जूनियर' के प्रमोशन के दौरान, किरीती जूनियर एनटीआर के प्रति अपने प्यार का खुलकर इजहार करते रहे हैं। ऐसे में एक यूजर ने कहा है किरीती के डांस मूव्स युवा एनटीआर जितने ही बेहतरीन हैं। यूजर ने एक्स पर लिखा 'डांस मूव्स और बॉडी फ्लेक्सिबिलिटी ऐसा लग रहा है जैसे मैं टाइगर को देख रहा हूं। सच में।' एक एक्स यूजर ने लिखा है 'नए कलाकार के रूप में किरीती एक शोस्टॉपर हैं! उनके डांस की बेजोड़ ऊर्जा ने पर्दे पर चार चांद लगा दिए। जंग वाले दृश्यों में उनकी उपस्थिति अच्छी थी। उनके अभिनय में सहजता बेहद मनमोहक है। इस शानदार शुरुआत के साथ, उनका भविष्य उज्ज्वल है।

## कानन देवी की कहानी है साहस, कला और समर्पण का एक उदाहरण

# भारत की पहली लेडी सुपरस्टार, लेकिन रिश्तेदारों के घर में नौकरानी का काम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आज भारतीय सिनेमा में कई महिलाएं प्रमुख अभिनेताओं के बराबर चमक रही हैं। वे अभिनय के अलावा निर्माता, गायक के रूप में भी अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं। लेकिन, भारत की आजादी से पहले ही भारतीय सिनेमा की पहली 'लेडी सुपरस्टार' ने यह सब कर दिखाया था। वह हैं बंगाली सिनेमा की पहली सुपरस्टार कानन देवी। मेलोडी क्वीन के नाम से मशहूर कानन देवी एक बेहतरीन अभिनेत्री, गायिका और फिल्म निर्माता थीं। उनकी मधुर आवाज, भावनात्मक अभिनय और साहसी व्यक्तित्व ने उन्हें दर्शकों के दिलों में अमिट छाप छोड़ी. हालांकि, कनन देवी का शुरुआती जीवन आसान नहीं था।



### जयदेव थी पहली फिल्म

*पश्चिम बंगाल के हावड़ा में 22 अप्रैल 1916 को जन्मी कानन देवी गरीबी में पली-बढ़ीं। उनके बचपन का अधिकांश समय गरीबी में बीता। उनके पिता की मृत्यु के बाद, वह अपने रिश्तेदारों के घर में नौकरानी का काम करने लगीं। 10 साल की उम्र में, एक दोस्त की मदद से उन्हें मूक फिल्मों में काम करने का मौका मिला। 1926 में रिलीज हुई जयदेव उनकी पहली फिल्म थी, जिसमें उन्हें केवल पांच रुपए का वेतन मिला। यही उनके सिनेमा कॅरियर की शुरुआत थी।*

### अभिनय के साथ गाने भी गाए

*बाद में, उन्होंने बोलती फिल्मों में भी काम किया और अपनी पहचान बनाई। जोरभारत (1931), मां (1934), मनमय गर्ल्स स्कूल (1935) जैसी फिल्मों में अभिनय किया। मुक्ति (1937) और विद्यापति (1937) की सफलता ने उन्हें सुपरस्टार का दर्जा दिलाया। इनमें उन्होंने न केवल अभिनय किया, बल्कि अपनी मधुर आवाज से गाने भी गाए और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी लोकप्रियता बढ़ती गई और एक समय ऐसा आया जब उन्हें भीड़ से बचाने के लिए सुरक्षा दी गई।*

### खुद की प्रोडक्शन कंपनी में बनाईं फिल्में

उस समय में ही उन्होंने श्रीमती पिक्चर्स नाम से अपनी खुद की प्रोडक्शन कंपनी शुरू की और फिल्में बनाईं। इसी तरह, सव्यसाची कलेक्टिव नामक कंपनी भी शुरू की और बंगाली साहित्य पर आधारित फिल्में बनाईं, जिससे वह भारत की पहली महिला फिल्म निर्माता बनीं।

### दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से किया सम्मानित

उस समय में एक महिला का फिल्म में अभिनय करना और फिल्में बनाना आसान नहीं था। इसलिए, इसे एक क्रांति के रूप में देखा गया। कानन देवी ने अपनी फिल्मों के माध्यम से समाज में महिलाओं की स्थिति को मजबूत करने की कोशिश की। तीन दशकों तक सिनेमा में सक्रिय रहीं और लेडी सुपरस्टार के रूप में जानी गईं। 1968 में उन्हें पद्मश्री और 1976 में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### वैवाहिक जीवन में कठिनाइयों का किया सामना

सिनेमा में स्टार होने के बावजूद, कानन देवी ने अपनी वैवाहिक जीवन में कुछ कठिनाइयों का सामना किया। उन्होंने दो शादियां कीं। पहली शादी ब्रह्म समाज के प्रसिद्ध विद्वान हरंबा चंद्र मैत्रा के बेटे अशोक मैत्रा से की। इस शादी का कड़ा विरोध हुआ। एक महिला के रूप में फिल्मों में काम करने के कारण उनकी शादी का विरोध हुआ। हालांकि, पहली शादी पांच साल में ही टूट गई। इसके बाद, कानन देवी ने दूसरी शादी हरेंद्रनाथ चक्रवर्ती से की। उनके एक बेटा हुआ। हालांकि, पहली शादी के संकट से उबरने में कानन देवी को काफी समय लगा। इसी बीच, 1992 में उनका निधन हो गया। लेकिन, गरीबी से उठकर सिनेमा में प्रवेश कर, जो कोई भी महिला नहीं कर पाई, वह सब कर दिखाने वाली कानन देवी की कहानी साहस, कला और समर्पण का एक उदाहरण है।

# आईपीएल बनी 'सोने की मुर्गी', बीसीसीआई की 2023-24 में छप्परफाड़ कमाई! सिर्फ ब्याज से मिले 987 करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने साल 2023-24 के लिए अपनी कमाई का खुलासा किया है। बोर्ड को सबसे ज्यादा कमाई इंडियन प्रीमियर लीग के प्रसारण अधिकार से हुई है। आईपीएल बीसीसीआई के लिए सोने की मुर्गी बन गई है। दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड का खजाना लगातार बढ़ रहा है। इसका श्रेय दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टी20 लीग मानी जाने वाली आईपीएल की बढ़ती लोकप्रियता को दिया जा रहा है।




### बोर्ड के पास 30 हजार करोड़ का रिजर्व

इसके अलावा बोर्ड ने पिछले फाइनेंशियल ईयर में सिर्फ ब्याज से 987 करोड़ रुपए कमाए थे। इस दौरान इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल डिस्ट्रीब्यूशन से उन्हें 1,042 करोड़ रुपए मिले हैं। ये नहीं बीसीसीआई को आईपीएल के अलावा रेवेन्यू बढ़ाने के लिए रणजी ट्रॉफी, दिलीप ट्रॉफी या सीके नायडू ट्रॉफी जैसे बड़े टूर्नामेंट के आयोजन से भी काफी मदद मिलती है। इन भी घरेलू टूर्नामेंट से भी बोर्ड को काफी फायदा होता है। इसका अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि बोर्ड के पास लगभग 30 हजार करोड़ का रिजर्व है।

### कमाई में आईपीएल का 59 प्रतिशत योगदान

*एक रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारतीय क्रिकेट बोर्ड की हुई कमाई में अकेले आईपीएल ने 59 प्रतिशत का योगदान दिया है। बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया को 2023-24 में इंडियन प्रीमियर लीग से कुल 5.761 करोड़ रुपए की कमाई हुई। बीसीसीआई ने साल 2023 से 2027 के लिए आईपीएल के प्रसारण अधिकार कुल 48,390 करोड़ रुपये में बेचे थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई ने वित्त वर्ष 23-24 में 9,741.7 करोड़ रुपए का रेवेन्यू अर्जित किया, जिसमें आईपीएल का योगदान 5,761 करोड़ रुपए है। आईपीएल के बिना मीडिया राइट्स से भी बीसीसीआई को अच्छी कमाई हुई। रिपोर्ट के अनुसार, इंटरनेशनल टूर्नामेंटों के प्रसारण अधिकारों सहित नॉन-आईपीएल मीडिया अधिकारों की बिक्री से 361 करोड़ रुपए की कमाई हुई।*



### महिला प्रीमियर लीग से 378 करोड़ की कमाई

वहीं बीसीसीआई ने आईपीएल की सफलता के बाद महिला प्रीमियर लीग की भी शुरुआत की थी। इसके 2023-24 सीजन से उन्होंने 378 करोड़ रुपए की कमाई की। इसके अलावा भारतीय टीम जब दूसरे देशों में क्रिकेट खेलने जाती हैं तो भी उनकी कमाई होती है। पुरुष क्रिकेट टीम के दौरे से बोर्ड ने 361 करोड़ रुपए की कमाई की है यहीं नहीं बाकी चीजों से भी बीसीसीआई ने 2023-24 में 400 करोड़ रुपए की कमाई की। इसमें एडवरटाइजमेंट और बाकी चीजें शामिल हैं। कमाई के मामले में बाकी देशों के बोर्ड बीसीसीआई से काफी पीछे हैं।

## खबर संक्षेप



### ईस्ट बंगाल के लिए खेलेंगे ब्राजील के मिगुएल

**कोलकाता।** इंडियन सुपर लीग क्लब ईस्ट बंगाल ने शुक्रवार को ब्राजील के मिगुएल फिगुएरा, फलस्तीन के मोहम्मद राशिद और अर्जेंटीना के डिफेंडर केविन सिबिल के साथ करार की घोषणा की। लंबे कद के मिडफील्डर फिगुएरा बांग्लादेश के बशुंधरा किंग्स से जुड़े हुए थे, जिसके साथ उनका कार्यकाल काफी सफल रहा। इसमें उन्होंने 2021-24 तक लगातार तीन बांग्लादेश प्रीमियर लीग खिताब और लगातार दो इंडिपेंडेंस कप (2022-24) जीते। बशुंधरा में शामिल होने से पहले वह ब्राजीलियाई सीरी बी क्लब गोइयास ईसी में थे, जिसमें उन्होंने 64 मैच में 37 गोल दागे थे।

### अंडर-31 ब्रिज टीम ने जीता कांस्य पदक



**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-31 ब्रिज टीम ने 19वीं विश्व युवा टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता, जबकि अंडर-16 टीम चौथे स्थान पर रही। इटली के साल्सोमगिओरे में आयोजित टूर्नामेंट का अंतिम दिन यह दोनों भारतीय टीमें पोडियम स्थान (शीर्ष तीन) हासिल करने की दौड़ में थीं। अंडर-16 टीम दो करीबी सेटों के बाद सेमीफाइनल प्लेऑफ में फ्रांस से हार गई। यह टीम हालांकि इस प्रतियोगिता के अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली भारतीय टीम बन गई। अंडर-31 टीम ने 'बोर्ड ए मैच' स्पर्धा में 24 प्रतिस्पर्धी टीमों में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक जीता। अंडर-16 टीम में प्रखर बंसल, विहा गहरोत्रा, अनन्या मेहता, जशित नारंग, अधियमान जोडिपाचे और अगिलन जोडिपाचे शामिल थे। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे को छह आईएमपी (अंतरराष्ट्रीय मैच प्वाइंट) से हराया था। भारतीय अंडर-21 और अंडर-26 टीमें शीर्ष आठ में जगह नहीं बना पाईं।

### शिलांग लाजोंग के मुख्य कोच बने बीरेंद्र थापा



**शिलांग।** मेघालय की शिलांग लाजोंग एफसी ने आई-लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के आगामी सत्र से पहले पूर्व खिलाड़ी और लंबे समय से क्लब से जुड़े बीरेंद्र थापा को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। कोच बीरू के नाम से लोकप्रिय थापा पिछले दो दशक से भी अधिक समय से फुटबॉल से जुड़े हुए हैं। वह 2001 से इस क्लब के साथ खिलाड़ी, टीम मैनेजर और सहायक कोच सहित विभिन्न भूमिकाओं में जुड़े हुए हैं। थापा 2001 से 2009 तक क्लब के लिए खेले और वह 2009-10 आई-लीग सत्र के लिए क्वालीफाई करने वाली टीम का हिस्सा थे। पेशेवर फुटबॉल से संन्यास लेने के बाद थापा को टीम मैनेजर और सहायक कोच नियुक्त किया गया।

## लॉर्ड्स में दूसरा वन डे आज, दोपहर 3:30 बजे होगा शुरू

# भारतीय महिला टीम की निगाह इंग्लैंड से वनडे सीरीज जीतने पर

भारत ने साउथम्प्टन में पहला मैच चार विकेट से जीता था

भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को टी20 श्रृंखला में हराया

एजेंसी ▶▶| लंदन

कई मैच विजेता खिलाड़ियों से सजी भारतीय महिला क्रिकेट टीम अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को होने वाले दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करके श्रृंखला में अजेय बढ़त बनाने के साथ ही आगामी विश्व कप के लिए अपनी पुख्ता तैयारी को नए मुकाम पर पहुंचाने की कोशिश करेगी।

भारत ने साउथम्प्टन में पहला मैच चार विकेट से जीता था और लॉर्ड्स में जीत से वह तीन मैचों की इस श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर लेगा। इससे हाल के दिनों में इस प्रारूप में उसकी जीत का सिलसिला भी जारी रहेगा, जिसमें मई में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला में मिली जीत भी शामिल है। इंग्लैंड के खिलाफ मैच आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण हैं, जिसकी मेजबानी भारत इस वर्ष के अंत में करेगा। कई खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के कारण विश्व कप टीम में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, जो मुख्य कोच अमोल मजूमदार और कप्तान हरमनप्रीत कौर के लिए अच्छा सिरदर्द है।




### दीप्ति ने पहले वन डे मारा था एक हाथ से छक्का

स्पिन विभाग भी काफी मजबूत है, जिसमें अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाली बाएं हाथ की स्पिनर एन. श्री चरणी के अलावा अनुभवी दीप्ति, स्नेहा राणा और राधा यादव भी शामिल हैं। पहले वनडे में नाबाद अर्धशतक जमा कर भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली दीप्ति ने अपनी इस पारी के दौरान ऋषभ पंत की तरह एक हाथ से छक्का लगाया था। शनिवार को होने वाले मैच में उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। भारतीय महिला टीम ने इससे पहले इंग्लैंड को टी20 श्रृंखला में हराया था और अब वनडे श्रृंखला जीतने से उसका 30 सितंबर से शुरू होने वाले वनडे विश्व कप के लिए मनोबल और बढ़ेगा। जहां तक इंग्लैंड की टीम का सवाल है तो उसको जीत हासिल करने के लिए खेल के तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### तेज गेंदबाज रेणुका और पूजा चोटिल होने के कारण श्रृंखला से बाहर

टीम में कुछ ऐसे स्थान हैं, जिनमें टीम प्रबंधन के पास कई विकल्प हैं। टीम की गहराई और बेंच स्ट्रेंथ पहले कभी इतनी अच्छी नहीं रही। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर और पूजा वस्त्राकर चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला में नहीं खेल रही हैं। उनकी अनुपस्थिति में टीम ने पहले मैच में थोड़ी अधिक अनुभवी अरुंधति रेड्डी की जगह क्रांति गौड़ को तरजीह दी और इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने दो विकेट लेकर अपना प्रभाव छोड़ा। प्रतीका रावल शीर्ष क्रम में स्मृति मंधाना की जोड़ीदार के लिए पसंदीदा विकल्प के रूप में उभरी हैं, जबकि शैफाली वर्मा भी टी20 अंतरराष्ट्रीय, महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) और घरेलू क्रिकेट में अपने फॉर्म के कारण दावेदार बनी हुई हैं। हरलीन देओल भी अच्छी फॉर्म में हैं और अगर शैफाली निकट भविष्य में अंतिम एकादश में वापसी करती हैं तो रावल को तीसरे नंबर पर उतारा जा सकता है। ऐसी स्थिति में देओल को टीम में शामिल करना मुश्किल होगा, जिसके बल्लेबाजी विभाग में हरमनप्रीत, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष भी शामिल हैं।

## खेली थी 61 रनों की नाबाद पारी

# लॉर्ड्स टेस्ट में जडेजा की जुझारू पारी मिला सबसे मूल्यवान खिलाड़ी का तमगा



एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा की प्रशंसा करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में उनके प्रदर्शन को अविश्वसनीय जुझारूपन करार दिया, जिसके लिए उन्हें टीम का सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) का तमगा भी दिया गया। जडेजा 181 गेंदों पर 61 रन बनाकर नाबाद रहे लेकिन उनकी इस शानदार पारी के बावजूद भारत तीसरे टेस्ट में 22 रन से हार गया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को अपनी वेबसाइट पर एक वीडियो जारी किया, जिसमें गंभीर ने जडेजा की जमकर तारीफ की है। गंभीर ने 'द एमवीपी फीट रवींद्र जडेजा' शीर्षक वाले वीडियो में कहा, 'यह अविश्वसनीय जुझारूपन था। जडेजा की जुझारू पारी वास्तव में शानदार थी।' भारतीय टीम 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए लड़खड़ा गई और उसके शीर्ष आठ बल्लेबाज 40 ओवर से भी कम समय तक टिक सके। लेकिन सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए जडेजा ने दृढ़ता से काम किया और पुछल्ले बल्लेबाजों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के साथ मिलकर साहस और धैर्य का शानदार परिचय दिया। बुमराह ने 54 गेंदों का सामना करते हुए पांच रन और सिराज ने 30 गेंदों पर चार रन बनाए। भारत 74.5 ओवर में 170 रन पर आउट हो गया और इस तरह से पांच मैचों की श्रृंखला में 1-2 से पीछे हो गया।

### जडेजा में दबाव झेलने की क्षमता

वीडियो में सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने कहा, 'जडेजा की बल्लेबाजी एक अलग ही स्तर पर पहुंच गई है। पिछले दो टेस्ट मैचों में उन्होंने, जो धैर्य दिखाया वह वास्तव में काबिले तारीफ है। मैं उन्हें वर्षों से खेलते हुए देख रहा हूं। मैंने देखा है कि उन्होंने अपने खेल को कैसे निखारा है। उनका डिफेंस बहुत मजबूत है और वे एक बेहतरीन बल्लेबाज लगते हैं।' भारत के बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक ने कहा, 'मुझे हमेशा लगता था कि उनमें दबाव झेलने की क्षमता है। वह आमतौर पर कुछ ऐसा करते हैं, जिसकी टीम को किसी भी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में जरूरत होती है। वह टीम के लिए वाकई बहुत मूल्यवान हैं।' तेज गेंदबाज सिराज ने कहा, 'उनके जैसा खिलाड़ी मिलना बहुत मुश्किल है। हम भाग्यशाली हैं कि हमारी टीम में ऐसा खिलाड़ी है।'

# बटलर ने टी20 क्रिकेट में पूरे किए 13 हजार रन, बने वर्ल्ड क्रिकेट के 7वें खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंग्लैंड में खेली जा रही उनके घरेलू टी20 टूर्नामेंट टी20 ब्लास्ट में जोस बटलर ने यॉर्कशायर टीम के खिलाफ हुए गुरुवार को हुए मैच में एक बड़ी उपलब्धि अपने करियर में हासिल की। बटलर, जो लंकाशायर की टीम से खेलते हैं उनके बल्ले से इस मुकाबले में 77 रनों की बेहतरीन पारी देखने को मिली, जिसके दम पर वह इंग्लैंड की तरफ से टी20 क्रिकेट में 13 हजार रनों का आंकड़ा पूरा करने वाले वर्ल्ड क्रिकेट के 7वें खिलाड़ी बन गए हैं।




### बटलर का टी20 कॅरियर

जोस बटलर का टी20 करियर देखा जाए तो वह वर्ल्ड क्रिकेट की अधिकतर टी20 लीग में खेलते हुए दिखते हैं, जिसमें उन्होंने अब तक कुल 457 मैचों में 35.74 के औसत से कुल 13046 रन बनाए हैं। वहीं बटलर के बल्ले से टी20 में 8 शतकीय तो 93 अर्धशतकीय पारियां भी देखने को मिली हैं। जोस बटलर का टी20 क्रिकेट में स्ट्राइक रेट 145.97 का है।

### टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी

| | |
|---|---|
| क्रिस गेल | - 14562 रन |
| कायरन पोलार्ड | - 13854 रन |
| एलेक्स हेल्स | - 13814 रन |
| शोएब मलिक | - 13571 रन |
| विराट कोहली | - 13543 रन |
| डेविड वॉर्नर | - 13395 रन |
| **जोस बटलर** | **- 13046 रन** |

## यूरो 2025: इंग्लैंड सेमीफाइनल में...



**ज्यूरिख।** इंग्लैंड ने तीन मिनट के अंदर दो गोल करके पहले स्कोर बराबर किया और फिर पेनल्टी शूटआउट में स्वीडन को 3-2 से हराकर महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2025) के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अब सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना मंगलवार को इटली से होगा।

### आईसीसी ने प्रतीका पर लगाया जुर्माना

***दुबई।*** *भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज प्रतीका रावल और इंग्लैंड की टीम पर शुक्रवार को साउथम्पटन में खेले गए तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के पहले मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया। रावल पर दो अलग-अलग घटनाओं में लेवल एक के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया। रावल को 18वें ओवर के दौरान इंग्लैंड की गेंदबाज लॉरेन फाइलर और उसके अगले ओवर में सोफी एक्लेस्टोन के साथ अनावश्यक शारीरिक संपर्क बनाने का दोषी पाया गया।*

## फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम टूर शतरंज : प्रज्ञानानंदा खिताब की दौड़ से बाहर

# अर्जुन का शानदार प्रदर्शन, सेमीफाइनल में पहुंचे

एजेंसी ▶▶| लास वेगास

भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराकर यहां 750,000 डॉलर इनामी फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम टूर शतरंज प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया लेकिन आर. प्रज्ञानानंदा अमेरिका के फैबियानो कारूआना से हारकर खिताब की दौड़ से बाहर हो गए। अर्जुन ने अब्दुसत्तोरोव पर 1.5-0.5 से जीत हासिल की, लेकिन प्रज्ञानानंदा एक कड़े मुकाबले में कारूआना से 3-4 से हार गए।

क्वार्टरफाइनल चरण में लेवोन अरोनियन और हंस मोके नीमन की अमेरिकी जोड़ी भी जीत हासिल करने में सफल रही। उन्होंने क्रमशः अमेरिका के हिकारू नाकामुरा और उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंडारोव को हराया। जहां अरोनियन ने 2.5-1.5 के अंतर से जीत हासिल की, वहीं निमन को सिंडारोव को 4-2 से हराने में अधिक समय लगा।



सेमीफाइनल में अर्जुन का मुकाबला अरोनियन से जबकि नीमन का कारूआना से होगा।

### कार्लसन ने विदित को हराया

निचले वर्ग में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने अपनी जीत की लय वापस पा ली। उन्होंने भारत के विदित गुजराती को आसानी से 2-0 से हराया। निचले वर्ग के अन्य मुकाबलों में अमेरिका के वेस्ली सो ने हमवतन सैमुअल सेवियन को जबकि लीनियर डोमिनगेज पेरेज ने कजाकिस्तान की बिबिसारा अस्सौबायेवा को 1.5-0.5 के समान अंतर से हराया। पहले चरण के विजेता जर्मनी के विन्सेंट कीमर ने अमेरिका के ही रॉबसन रे को 2.5-1.5 के अंतर से पराजित किया।

### एरिगैसी ने शुरुआत से ही बनाई बढ़त

अर्जुन ने दोनों ही बाजी में शानदार प्रदर्शन किया और शुरुआत से ही बढ़त बनाए रखी। दूसरी बाजी में सफ़ेद मोहरों से खेलते हुए भारतीय खिलाड़ी ने शुरुआत में ही अपनी स्थिति मजबूत कर ली और फिर अब्दुसत्तोरोव को आसानी से मात दी। इससे पहले पहली बाजी में भी अर्जुन ने बढ़त हासिल की थी, लेकिन बाद में कुछ गलतियों के कारण उज्बेक खिलाड़ी को आधा अंक मिल गया।

### प्रज्ञानानंदा नहीं रख पाए लय बरकरार

प्रज्ञानानंदा और कारूआना के बीच कुल सात निर्णायक बाजियां खेली गई। इस दौरान भारतीय खिलाड़ी ने तीन बार बढ़त बनाई। प्रज्ञानानंदा ने पहली बाजी जीती लेकिन दूसरी बाजी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। छठी बाजी तक यह सिलसिला बना रहा। इसके बाद अमेरिकी खिलाड़ी ने सातवीं बाजी जीत कर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। प्रज्ञानानंदा इस हार से सात अन्य खिलाड़ियों के साथ निचले ब्रैकेट में खिसक गए हैं।

# ओलिविया स्मिथ बनी दुनिया की सबसे महंगी महिला फुटबॉलर



एजेंसी ▶▶| लंदन

ओलिविया स्मिथ महिला फुटबॉल इतिहास की सबसे महंगी खिलाड़ी बन गईं हैं। आर्सेनल ने कनाडा की इस 20 वर्षीय खिलाड़ी को 10 लाख पाउंड (लगभग 11 करोड़ 57 लाख रुपए) की विश्व रिकॉर्ड ट्रांसफर फीस पर लिवरपूल से अपनी टीम में शामिल किया।

महिला फुटबॉल में यह नई धनराशि जनवरी में सैन डिएगो वेव से नाओमी गिर्मा को अपनी टीम से जोड़ने के लिए चेल्सी की ओर से भुगतान की गई 900,000 पाउंड की राशि को पार कर गई है। आर्सेनल की महिला फुटबॉल निदेशक क्लेयर व्हीटली ने कहा, 'वह खेल की सबसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों में से एक हैं और क्लब में आगे बढ़ने की उनमें अपार संभावनाएं हैं।' अनुबंध के बारे में जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि इस फॉरवर्ड ने चार साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

# मप्र हाई कोर्ट के 29वें मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा ने ग्रहण किया पदभार

# मां यमुना के तट से मां नर्मदा के तट पर न्यायदान के लिए भगवान ने चुना

हरिभूमि, जबलपुर।

शुक्रवार को जस्टिस संजीव सचदेवा ने मप्र हाईकोर्ट के 29 वें चीफ जस्टिस के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। गुरुवार को राजभवन में राज्यपाल से शपथ ग्रहण करने के बाद शुक्रवार की सुबह उनका जबलपुर आगमन हुआ। इस दौरान हाईकोर्ट परिसर में उन्हें गार्ड आफ आनर दिया गया। रजिस्ट्री के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भावभीना स्वागत किया। इसके बाद साढ़े 10 बजे कोर्ट रूम नंबर एक में उनके सम्मान में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान चीफ जस्टिस सचदेवा ने कहा कि मां यमुना के तट पर स्थित नई दिल्ली हाईकोर्ट से मां नर्मदा के तट जबलपुर में स्थित मप्र हाईकोर्ट पहुंचा हूं। महाकाल भगवान के आशीर्वाद से न्यायदान का महत्वपूर्ण दायित्व मिला है, जिसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा से निभाने के लिए कृत-संकल्प हूं।

चीफ जस्टिस सचदेवा ने कहा कि बार और बेंच न्यायरथ के दो समानांतर पहिए हैं, जिनके समन्वय से ही न्यायदान प्रक्रिया अपेक्षाकृत बेहतर गति पकड़ती है। जाहिर तौर पर बार ही बेंच की जननी है और एक मजबूत बार ही मजबूर बेंच का आधार बनती है।

### यह भी कहा- महाकाल के आशीर्वाद से जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी व निष्ठा से निभाने हूं कृत-संकल्प



### मुकदमों के बोझ से मिलकर निपटेंगे

उन्होंने कहा कि मप्र हाई कोर्ट में वर्तमान में कई चुनौतियां हैं। इनमें से सर्वाधिक बड़ी चुनौती चार लाख से अधिक लंबित मुकदमों का भारी बोझ है, जिसे कम करने के लिए बार और बेंच को मिलकर साझा प्रयास करने होंगे।

### प्रशासनिक न्यायाधीश अतुल श्रीधरन सहित अन्य ने रेखांकित किया व्यक्तित्व-कृतित्व

हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश अतुल श्रीधरन ने प्रारंभ में स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इसके बाद क्रमशः महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, स्टेट बार काउंसिल चेयरमैन राधेलाल गुप्ता, हाई कोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन अध्यक्ष संजय अग्रवाल, सीनियर एडवोकेट्स काउंसिल के महासचिव आदित्य अधिकारी ने सीजे सचदेवा के व्यक्तित्व-कृतित्व को रेखांकित किया। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन। अध्यक्ष धन्य कुमार जैन ने क्रिमिनल मामलों की सुनवाई में आ रही परेशानी का उल्लेख करते हुए अधिक बेंच गठित करने की बात उठाई। साथ ही अधिवक्ताओं के लिए भोजन स्थल की सुविधा दिए जाने की मांग की।

### कार्यशालाओं का आयोजन होता रहे

उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ताओं को कनिष्ठ अधिवक्ताओं को अपने अनुभव से लाभांवित करते रहना चाहिए। इसके साथ ही बार की ओर से समय-समय पर विभिन्न कार्यशालाओं आदि का आयोजन होते रहना चाहिए, जिनसे नवागत सहित अन्य वकीलों के ज्ञान का क्षितिज विस्तारित होता रहे। वे अपेक्षाकृत कुशलता से कोर्ट में पक्षकार की ओर से बहस कर सकें।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान राज्यसभा सांसद व वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक कृष्ण तन्खा, स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी, इंदौर व ग्वालियर के सभी न्यायाधीश और अधिवक्ता संघों के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

### हाईकोर्ट का निर्देश, शहडोल जिले का मामला

## ग्राम पंचायत के खिलाफ अविश्वास संबंधी आवेदन पर एसडीओ विचार कर लें निर्णय

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने ग्राम पंचायत चांपा जिला शहडोल के खिलाफ लाए गए अविश्वास संबंधी आवेदन पर एसडीओ को विचार कर निर्णय लेने के निर्देश दिए। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने इसके लिए 90 दिन की मोहलत दी। शहडोल निवासी उपसरपंच अरवेन्द्र सिंह बघेल की ओर से याचिका दायर की गई। दलील दी गई कि 10 फरवरी 2025 को याचिकाकर्ता सहित 15 पंचों ने सरपंच उमा सिंह मार्को के खिलाफ भ्रष्टाचार व अनियमितताओं के चलते अविश्वास प्रस्ताव पारित किया गया था। कोर्ट को बताया गया कि मप्र पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 21 के तहत एसडीओ को प्रस्ताव पर निर्णय लेने का अधिकार है। इसके लिए एसडीओ विहित प्राधिकारी नियुक्त कर पंचों का सम्मेलन बुलाता है और अविश्वास प्रस्ताव पर निर्णय लेता है। पांच माह बीतने के बावजूद अविश्वास प्रस्ताव पर निर्णय नहीं लेने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।

### हाईकोर्ट का निर्देश, टीकमगढ़ जिले का मामला

## वर्तमान जगह पर ही काम करेंगे प्रभारी वनपाल

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक आदेश में कहा कि आवेदन के निराकरण तक याचिकाकर्ता प्रभारी वनपाल वर्तमान जगह यानी मंडोर वन उप-रेंज, ओरछा रेंज वन प्रभाग निवाड़ी जिला टीकमगढ़ में ही कार्य करेंगे। जस्टिस एनएस भट्टी की सिंगल बेंच ने डीएफओ निवाड़ी को 30 दिन के भीतर याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन पर विचार कर उचित निर्णय पारित करने के निर्देश दिए। टीकमगढ़ निवासी शिशुपाल सिंह निरंजन की ओर से अधिवक्ता सुशील मिश्रा व कंचन मिश्रा पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता को 5 अक्टूबर 2023 को उक्त रेंज में वनपाल का प्रभार दिया गया था। विभाग ने 16 जून 2025 को विजय शंकर श्रीवास्तव को उक्त जगह स्थानांतरित कर दिया है। वहीं याचिकाकर्ता के स्थानांतरण के संबंध में कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। इस संबंध में डीएफओ को अभ्यावेदन दिया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसलिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।

### फीस देने के बहाने डॉक्टर के खाते से सवा लाख उड़ाए

## एनसीसी अधिकारी बनकर वृद्ध के साथ की धोखाधड़ी

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत तुलसी नगर मानेगांव निवासी एक वृद्ध के मोबाइल पर लिंक भेजकर कथित एनसीसी अधिकारी ने एनसीसी स्टूडेंट के मेडीकल परीक्षण के लिए मदद मांगी, उन्होंने हां कर दी। बाद में जालसाज ने कहा आपको 49 रुपए फीस लेनी पड़ेगी, इसके लिए आपको लिंक भेजी जा रही है लिंक क्लिक करते ही आपके खाते में पैसे आ जायेंगे। वृद्ध ने जैसे ही लिंक क्लिक की वैसे ही दो बार में 1 लाख 25 हजार रुपए उसके खाते से निकल गए। लिखित शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।घटना के संबंध में रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार तुलसीनगर मानेगांव निवासी 80 वर्षीय डॉ अलोक कुमार घोष के मोबाइल पर गत सुबह 11 बजे दो मोबाइल नंबरों से अलग अलग फोन आया। फोन करने वाले नं अपना नाम सतीश कुमार और एनसीसी अधिकारी के रुप में परिचय दिया, साथ ही उसने डॉ घोष से एनसीसी स्टूडेन्ट के मेडीकल परीक्षण के लिए मदद मांगी, जिसके लिये उसके द्वारा बिना किसी फीस के हां कर दिया गया, किन्तु उसके बाद उक्त व्यक्ति ने कहा कि नियम के मुताबिक आपको 49 रूपये फीस लेनी पड़ेगी जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। इसके बाद उसने बोला कि आपके मोबाईल में गूगल पे पर फीस के लिये लिंक भेजी है जिस पर आप क्लिक करेंगे तो आपके खाते में फीस आ जायेंगी जैसे ही उसने अपने मोबाईल में आयी लिंक पर क्लिक किया तो गूगल पे के माध्यम से उसके आईडीबीआई बैंक के खाता से दो बार में 99 हजार 557 रूपये एवं 25 हजार 484 रूपये कुल 1 लाख 25 हजार 41 रूपये की राशि कट गई जिसके सम्बंध में फोन करके बताया तो वह बोला कि यह पैसा आपके खाते में वापस कर दिया जायेगा लेकिन उसके खाते में रूपये वापस नहीं आये। अज्ञात व्यक्ति द्वारा लिंक के माध्यम से उसके 1 लाख 25 हजार रूपये हड़प कर उसके साथ ऑनलाईन धोखाधड़ी की गई है।

### मानसून सक्रिय, बारिश का दौर जारी

## *कभी रिमझिम तो कभी झमाझम से भींगता रहा शहर*

**जबलपुर।** शुक्रवार को बादलों के बीच कभी रिमझिम तो कभी झमाझम बारिश के दौर में शहर भींगता रहा। पानी की फुहारों से शीतलता बनी रही और लोगों ने उमस व गर्मी से राहत महसूस की। सुबह से ही रिमझिम फुहार चलती रही। दोपहर में एकदम से झमाझम शुरु हो गई फिर मौसम खुल गया। मौसम विभाग का कहना है कि पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर बने हवा के कम दबाव वाले क्षेत्र के कारण मानसून सक्रिय है। शुक्रवार को भी सुबह से बादल छाये रहे और रूक-रूक कर बारिश का क्रम जारी रहा। बारिश होने और थमने से लोगों के काम नहीं रूके। पिछले 24 घंटों के दौरान करीब 20 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। बारिश होने से तापमान अपनी हद में आ गया है। अगले 24 घंटों के दौरान जबलपुर सहित संभाग के अनेक स्थानों में वर्षा की संभावना व्यक्त की गई है। शुक्रवार की सुबह से ही आसमान पर बादल छाये रहे। सुबह एक झला अच्छी बारिश हुई। फिर बीच-बीच में रिमझिम फुहारें चलीं। शाम को मौसम खुल गया था। बादलों के छाने और बारिश के होने से तापमान की अकड़ ढीली पड़ गई और तापमान अपनी हद में आ गया। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 29.07 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 92 प्रतिशत और सायंकाल 92 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.36 बजे और सूर्यास्त 6.58 बजे हुआ। दक्षिणी पश्चिमी हवायें 5 से 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। पिछले 24 घंटों के दौरान 20 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से आज तक कुल वर्षा 630.5 मिमी (24.8 इंच) पर पहुंच चुकी है। जबकि गत वर्ष आज के दिन तक कुल वर्षा 278.0 मिमी दर्ज की जा चुकी थी। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर वर्षा के आसार हैं।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240